THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 318 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.12 2081 रविवार, 9 फरवरी-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

Lalithaa Jewellery Mart Limited

Lalithaa Jewellery Mart Limited




सोने के आभूषणों पर बाज़ार से न्यूनतम V.A. (Wastage) चार्जेज से भी 1% कम ।

चाँदी के आइटम्स पर विशेष छूट

डायमंड आभूषणों पर प्रति कैरेट ₹5000 कम ।

1 Carat = 200 Milligrams

जल्दी करें यह ऑफर सीमित अवधि के लिए ही है

कृपया ललिता के न्यूनतम V.A. की तुलना बाजार के अन्य जगहों से करें ।
आभूषण खरीदने का उत्तम तरीका, जहां आपको सबसे अच्छे मूल्य मिले वहां खरीदें

Customer Care 90 99 999 916
www.lalithaajewellery.com

Lakhs Of Designs!
100% Quality - BIS 916 Hallmark

Lalithaa Jewellery Mart Limited
GOLD • DIAMOND • SILVER

Newly Opened

KHAMMAM – Wyra Road. Ph: 8925990411 / 12

WARANGAL – Hanumakonda, Raipura Hanamkonda Main Road, Ph: 8925848144 / 45.

MIRYALAGUDA – Sagar Road, Opp. Vaishnavi Hotel, Nalgonda. Ph: 8925990413 / 14.

SOMAJIGUDA – SBR Souk, Opp.Rajiv Gandhi Statue. Ph: 040 - 6748 6677.

KUKATPALLY – PNR Empire, Near KPHB Metro Station. Ph: 040 - 2384 2277 / 2200 / 2299.

DILSUKHNAGAR – Archana complex, Opp. to Metro pillar no: A 1558, Chaitanyapuri Circle. Ph: 040 - 29334505 / 9133832704.

CHANDA NAGAR – Infinity Mall. Ph: 040 - 29343501 7799775815.

SUCHITRA CIRCLE – A-Block, Green Park Avenue, Suchitra Road, Jeedimetla. Ph: 040 - 2703 5555 / 2784 5555, 8925848140 / 41.

NIZAMABAD – Dwaraka Nagar, Gopal Bagh. Ph: 08462 – 233 555


FREE & FLEXI
मासिक खरीद योजना
आपको होगा फ़ायदा, फिर सोने का रेट चाहे बढ़े या घटे!
100% V.A. चार्जेस नहीं
मनचाहा आसान मासिक इनस्टालमेंट :
रु.1000 / रु.1500 / रु.2000
रु.2500 / रु.5000 / रु.10000
रु.15000/ रु.20000 / रु.25000
Lalithaa EXCHANGE UTSAV
आभूषण प्रि-बुकिंग योजना
बिना कोई खर्च किए, पुराने गहनें को देकर, नये गहने खरीदिए.
100% V.A. चार्जेस नहीं
5 से 11 महीनो के बाद, नये गहने खरीदने पर, वेस्टेज लागू नहीं होगी.
(इस स्कीम का फायदा उठाने के लिए, योजना की शुरुआत में ही पुराने गहनों को हमारे पास जमा करना जरूरी है)
पुराने गहनों के अलावा, मनपसंद गहने अभी से चुनकर, उसका दाम पहले से ही जमा करके भी, इस योजना के फायदे पा सकते हैं.
सोने के आभूषणों
पर बाज़ार से न्यूनतम V.A. (Wastage) चार्जेस से भी
V.A.1% कम ।
डायमंड आभूषणों
पर प्रति कैरेट ₹5000 कम ।
1 Carat = 200 Milligrams
कम से कम प्रति कैरेट रेट। हम अन्य शोरूम्स की तरह V.A. और मेकिंग चार्जेस (बनवाई) जैसे दुगने चार्जेस नहीं लगाते। सिर्फ़ V.A. - जो कि बाज़ार से भी सबसे कम हैं!
अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र (क्वॉलिटी सर्टिफिकेट)
वीवीआई १ और वीवीएस स्पष्टता एवं ई-एफ कलर
बाय बैक
चाँदी के आइटम्स पर विशेष छूट
Lalithaa
www.lalithaajewellery.com
Lalithaa Jewellery Mart Limited
Customer Care 90 99 999 916
LAKHS OF DESIGNS! 100% QUALITY - BIS 916 HALLMARK
KHAMMAM: 8-2-144, Wyra Road. Ph: 8925990411 / 12.
WARANGAL: 3-1-424, Raipura Hanamkonda Main Road, Hanumakonda. Ph: 8925848144 / 45.
MIRYALAGUDA: 18-1347, Sagar Road, Opp. Vaishnavi Hotel, Nalgonda. Ph: 8925990413 / 14.
HYDERABAD - SOMAJIGUDA: SBR Souk, Opp.Rajiv Gandhi Statue. Ph: 040 - 6748 6677. KUKATPALLY: PNR Empire, Near KPHB Metro Station. Ph: 040 - 2384 2277 / 2200 / 2299. DILSUKHNAGAR: Archana complex, Kamala nagar road, Opp. to Metro pillar no: A 1558, Chaitanyapuri Circle. Ph: 040 - 29334505 / 9133832704. CHANDA NAGAR: Infinity Mall. Ph: 040 - 29343501 / 7799775815. SUCHITRA CIRCLE: A-Block, Green Park Avenue, Suchitra Road. Ph: 040 - 2703 5555 / 2784 5555, 8925848140 / 8925848141.
NIZAMABAD - Dwaraka Nagar, Gopal Bagh. Ph: 08462 – 233 555.




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 318 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.12 2081 रविवार, 9 फरवरी-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाब रहे : खड़गे

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाब रही, लेकिन जनता ने उन्हें राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में लाने के लिए जनादेश नहीं दिया। खड़गे ने जनादेश को स्वीकार करते हुए कहा कि कांग्रेस दिल्ली में प्रदूषण, यमुना सफाई, बिजली, सड़क, पानी और विकास के मुद्दों को उठाती रहेगी और जनता से जुड़ी रहेगी। उन्होंने कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता के हित में सरकार के खिलाफ माहौल बनाया था। लेकिन जनता ने हमें जनादेश नहीं दिया, जैसा कि हम उम्मीद कर रहे थे। हम जनादेश को स्वीकार करते हैं।

# दिल्ली आप-दा से मुक्त : पीएम मोदी

### भाजपा मुख्यालय में मना जश्न

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पीएम मोदी ने भाजपा हेडक्वॉर्टर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत यमुना मैया की जय के नारे के साथ की। उन्होंने कहा, आज दिल्ली में दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है। आपने दिल खोलकर प्यार दिया। मैं दिल्लीवालों को नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि आपके इस प्यार को विकास के लॉन्ग रूट पर हम लौटाएंगे। दिल्ली के लोगों का ये प्यार ये विश्वास हम सभी पर एक कर्ज है। दिल्ली की डबल इंजन सरकार दिल्ली का डबल तेजी से विकास करके ये कर्ज चुकाएगी।

इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उन्होंने कहा- यह चुनाव और इससे पहले का लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने एकमत संदेश दिया। यह संदेश है कि दिल्ली के दिल में मोदी बसता है। इस कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष और



स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत बड़े नेता मौजूद हैं। पीएम मोदी ने कहा कि, राजनीति का अध्ययन करने वालों पर एक काम छोड़ता हूं। आप देखना कि 2014 के बाद इस पार्टी के नेताओं ने 5-7 साल तक हिंदू बनने की कोशिश की। मंदिरों में जाना, माला पहनना, उन्हें लगा ऐसे भाजपा के वोट बैंक में सेंध मारेंगे। आपने देखा होगा पिछले कुछ वर्षों ने उन्होंने यह रास्ता बंद कर दिया। अब राज्यों की अलग-अलग पार्टियों पर उनकी नजरें हैं। पार्टियां समझ गई होंगी कि ये उनको ही खा रहे हैं। इंडी गठबंधन के दल अब कांग्रेस का कैरेक्टर समझने लगे हैं। उन्हें एहसास हो रहा है कि जिस वोट बैंक को उन्होंने छीना, कांग्रेस उसे वापस पाने में जुटी है।

पीएम बोले कि दिल्ली में इंडी गठबंधन के दलों ने मिलकर कांग्रेस के वोट बैंक को रोकने की कोशिश की है। दिल्ली में कांग्रेस के खिलाफ पूरा इंडी गठबंधन था। वे कांग्रेस को रोकने में सफल रहे, लेकिन आप-दा को बचाने में कामयाब नहीं हो पाए। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जनता ने फिर एक बार कांग्रेस को कड़ा संदेश दिया है।

## इसरो ने हासिल की एक और उपलब्धि

### सफलतापूर्वक किया क्रायोजेनिक इंजन का वैक्यूम इग्निशन परीक्षण

चेन्नई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की। इसरो के स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का इग्निशन परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। यह परीक्षण वैक्यूम परिस्थितियों में शुक्रवार को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में उच्च ऊंचाई परीक्षण यूनिट में किया गया। बता दें कि सीई20 क्रायोजेनिक इंजन गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। इसरो ने शनिवार को इस बारे में जानकारी दी। इसरो ने कहा कि इंजन पहले से ही सिंगल स्टार्ट के साथ उड़ान में 19टी से 22टी तक के थ्रस्ट लेवल पर काम करने के योग्य है।

## 'दिल्ली के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है'

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में तस्वीर अब लगभग साफ हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी 47 सीटों पर आगे चल रही है और आम आदमी पार्टी 23 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस जीत के लिए दिल्लीवासियों का आभार जताया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता... दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को बीजेपी को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन। आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार। उन्होंने कहा, दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो। मुझे भाजपा के अपने सभी कार्यकर्ताओं पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस प्रचंड जनादेश के लिए दिन-रात एक कर दिया।

## भाजपा को जिताने के लिए राहुल गांधी को बधाई : केटीआर

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों पर मतगणना जारी है। अब तक के आंकड़े बता रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी कर रही है। इस बीच, कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन पर तंज कसते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने भाजपा को कथित तौर पर जीत दिलाने के लिए राहुल गांधी को बधाई दी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में रामाराव ने कहा, भाजपा को एक बार फिर चुनाव जिताने के लिए राहुल गांधी को बधाई। बहुत अच्छा। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शनिवार को कन्नूर हवाई अड्डे पर पहुंचते ही कहा कि उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव



की मतगणना के नतीजों को नहीं देखा है। मीडिया से बातचीत में प्रियंका ने कहा, मुझे नहीं पता, मैंने नतीजे अभी तक नहीं देखे हैं।

दिल्ली चुनाव के शुरूआती आंकड़ों पर जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लोकप्रिय मीम साझा किया, जिसमें लिखा था- जी भरकर लड़ो, समाप्त कर दो एक दूसरे को। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा- और लड़ो आपस में। दिल्ली चुनाव कांग्रेस और आप ने अलग-अलग लड़ा था, जबकि दोनों विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर पांच फरवरी को मतदान हुआ था। 60.54 प्रतिशत मतदान हुआ था। भाजपा ने दिल्ली में सत्ता में वापस लौटने के लिए पूरा जोर लगाया हुआ था। वहीं, आप तीसरी बार सत्ता में लौटने के लक्ष्य के साथ चल रही थी। कई एग्जिट पोल में भाजपा को आप के मुकाबले बढ़त दिखाई गई थी। हालांकि, आप के नेताओं ने कहा था कि एग्जिट पोल में उनकी पार्टी के प्रदर्शन को कम करके आंका गया है।

## ग्रेटर कैलाश में भाजपा की शानदार जीत

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट पर दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज को करारी हार का सामना करना पड़ा है। यहां से भाजपा की शिखा राय ने 3188 वोटों से जीत दर्ज की है। आप के बड़े नेता सौरभ भारद्वाज पिछली बार इसी से जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। सौरभ दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, शहरी विकास, पर्यटन, कला संस्कृति, उद्योग, बाढ़ नियंत्रण के मंत्री भी हैं। इस सीट पर इस बार कुल 188364 मतदाता थे। इनमें से 99050 पुरुष, 89305 महिलाएं और एक अन्य मतदाता था।

## दिल्ली वालों पर चला 'मोदी मैजिक' : शराब घोटाले में डूबी 'आप'

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। एक नया इतिहास रचते हुए भाजपा ने दिल्ली की सत्ता पर कब्जा जमा लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत हासिल करते हुए आम आदमी पार्टी के बड़े सुरमाओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को भी हरा दिया है।

भारतीय जनता पार्टी की यह जीत केवल इस मायने में ऐतिहासिक नहीं है कि उसने 27 साल बाद दिल्ली में जीत हासिल किया है, बल्कि यह इस अर्थ में भी महत्वपूर्ण है कि अरविंद केजरीवाल की मुफ्त योजनाओं के कारण जिन्हें हराना लगभग नामुमकिन माना जा रहा था, भाजपा ने उन्हें भी चुनाव में हरा दिया है। यह दिल्ली की राजनीति में एक बड़े बदलाव का आगाज है। भाजपा के सामने दिल्ली में बड़ी




लकीर खींचने की चुनौती रहेगी। भाजपा ने अपनी चुनावी समीकरणों में हर एक वर्ग के लिए विशेष योजना तैयार की थी। महिलाओं को लुभाने के लिए उसने 2500 हर महीने देने का वादा किया, युवाओं को लुभाने के लिए 50,000 सरकारी नौकरियों का वादा किया, 20 लाख स्व रोजगार देने की गारंटी दी। झुग्गियों में रहने वाले गरीबों को अपने ही स्थान पर पक्के फ्लैट देने का वादा किया और यमुना का पानी और दिल्ली की हवा साफ करने का भी वादा किया। चुनावी परिणाम यह बता रहे हैं कि भाजपा का दांव बहुत कारगर साबित हुआ और जनता ने दिल्ली को विकसित करने की जिम्मेदारी मोदी के हाथों में सौंप दी।

भाजपा का दांव इस कारण से भी बहुत कारगर हुआ, क्योंकि अरविंद केजरीवाल उन अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाए जिन्हें जनता के मन जगाकर वे सत्ता में पहुंचे थे। उन्होंने जिस स्वच्छ साफ नैतिकता भारी राजनीति का वादा किया था, वह उन उम्मीदों को पूरा करने में बुरी तरह असफल रहे। कट्टर ईमानदार की उनकी छवि पूरी तरह मटियामेट हो चुकी है। आज अरविंद केजरीवाल के ऊपर केवल शराब घोटाले के आरोप ही नहीं है, उनके ऊपर शीश महल का वह दाग भी है जो आम आदमी के नाम पर की गई सादगी भरी राजनीति को मुंह चिढ़ा रही थी।

## 'झूठ-फरेब के शासन का अंत, विकास के नए युग की शुरूआत'

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह राष्ट्रीय राजधानी में एक नए युग की शुरूआत हुई है और झूठ, धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार के शासन का अंत हुआ है।

करीब 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी से पार्टी में खुशी की लहर है। पार्टी के नेताओं ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एक विकसित दिल्ली बेहद जरूरी है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, डबल इंजन सरकार दिल्ली में विकास की गति



को नई ऊंचाई पर ले जाएगी।

**आदर्श राजधानी बनेगी दिल्ली :** गृह मंत्री शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली अब मोदी के नेतृत्व में एक आदर्श राजधानी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के लोगों ने दिखा दिया कि बार-बार झूठे वादों से उन्हें गुमराह नहीं कर सकते। शाह ने कहा कि भाजपा अपने सभी वादों को पूरा करने और दिल्ली को दुनिया की नंबर एक राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि उन्होंने (दिल्ली की जनता) प्रदूषित यमुना, दूषित पेयजल, टूटी सड़कों, उफनते सीवरों और हर गली में शराब की दुकान की समस्याओं का जवाब अपने वोटों से दिया। उन्होंने कहा, चाहे महिलाओं का सम्मान की बात हो, अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों का स्वाभिमान या स्वरोजगार की अपार संभावनाओं की बात हो, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली अब एक आदर्श राजधानी बनेगी। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पार्टी की महा विजय पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास के मॉडल में लोगों के अटूट समर्थन की जीत है।

उन्होंने कहा, दिल्ली में 'आप-दा' सरकार ने भ्रष्टाचार, कुशासन और तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी थीं। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली अब झूठ, छल और धोखाधड़ी से मुक्त हो गई है और प्रगति व सम्मान के एक नए युग की यात्रा शुरू कर रही है।

## दिल्ली चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली : हरीश राव

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और विधायक हरीश राव ने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में लगातार हार के बाद कांग्रेस पार्टी को दिल्ली में एक और झटका लगा है। उन्होंने कहा कि विफलताओं की इस श्रृंखला में राहुल गांधी और रेवंत रेड्डी की अहम भूमिका रही है। यहां एक प्रेस नोट में हरीश राव ने कहा, अन्य राज्यों में वोटों के पीछे भागने के दौरान तेलंगाना में शासन की उपेक्षा करना कारगर नहीं रहा।

नतीजे खुद ही सब कुछ बयां कर रहे हैं। दिल्ली में जाति जनगणना पर कांग्रेस का हताशापूर्ण पलटवार पूरी तरह से उल्टा पड़ गया। अब समय आ गया है कि पार्टी अपनी गलतियों को स्वीकार करे, लोगों से माफी मांगे और सभी समुदायों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना सही तरीके से कराए।

## जाति-संस्कृति के आधार पर विभाजित करने वाली ताकतें समाज के खिलाफ : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों को जाति, वर्ग, पंथ और संस्कृति के कृत्रिम विभाजन को बढ़ाने वाली ताकतों के प्रति आगाह किया है। उन्होंने शनिवार को एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कहा कि ऐसी ताकतें समाज के लिए



चिंता करने वाली है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग ऐसी ताकतों के खतरे को समझते हैं वे भी संकीर्ण हितों के कारण इसे नजरअंदाज कर देते हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ राजधानी दिल्ली में गोपीचंद पी हिंदुजा द्वारा संकलित पुस्तक आई एम? के विमोचन के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी आस्था में विश्वास रखने के लिए आजाद है। लेकिन लोगों को भ्रमित कर पैदा की गई आस्था मानव शोषण का सबसे खराब रूप है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि दूसरों पर वर्चस्व हासिल करना और जनसांख्यिकीय ताकत के जरिए दूसरों को अपने आधिपत्य के अधीन करना चिंता का विषय है। गोपीचंद पी हिंदुजा द्वारा संकलित पुस्तक के बारे में उन्होंने कहा कि यह पुस्तक भारतीयता की सार्वभौमिक प्रासंगिकता, सभी धर्मों में देखी जाने वाली सद्गुणता को दिखाती है। हम धर्मांतरण का प्रलोभन दिए बिना दूसरों की सच्चाई का सम्मान और सराहना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एकता का मतलब एकरूपता नहीं है। भारतीयता एक आदर्श उदाहरण है। यह विविधता में एकता का उदाहरण है।

## 'सचिवालय से कोई भी कंप्यूटर हार्डवेयर, दस्तावेज बाहर न जाए'

### दिल्ली चुनाव परिणाम के बाद जीएडी ने जारी किया नोटिस



नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के बीच दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक नोटिस जारी किया है। जिसमें अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। नोटिस में कहा गया है कि जीएडी की अनुमति के बिना कोई भी फाइल/दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर आदि दिल्ली सचिवालय परिसर से बाहर न ले जाए। इसलिए यह निर्देश दिया जाता है कि दिल्ली सचिवालय में स्थित विभागों/कार्यालयों के अंतर्गत संबंधित शाखा प्रभारियों को उनके अनुभाग/शाखाओं के अंतर्गत अभिलेखों, फाइलों, दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक फाइलों आदि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

बता दें, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। पिछले 10 वर्षों से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी (आप) को रुझानों में बड़ी हार का सामना करना पड़ा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी की बीते दो दशक बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी हो रही है। राजधानी की 70 विधानसभा सीटों पर मतगणना जारी है, इस बीच आप की हार देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक नोटिस जारी किया है, जिसमें सरकारी दस्तावेजों और डाटा की सुरक्षा के मद्देनजर सचिवालय को पूरी तरह से सील करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली में करीब 27 साल से ज़्यादा समय के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सत्ता में आती दिख रही है, वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी (आप) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शराब नीति और सार्वजनिक सेवा की तुलना में पैसे को प्राथमिकता देने के कारण पार्टी का पतन हुआ है।

2011 में हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरी आप पार्टी 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए वोटों की गिनती में बीजेपी से पीछे चल रही है।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2025-कर्नाटक को बड़े निवेश की उम्मीद : राजनाथ सिंह

बेंगलूरू, 8 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक में 11 फरवरी से शुरू होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2025 की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। निवेश के क्षेत्र में राज्य के लिए खास माने जाने वाले इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ-साथ देश के कई बड़े नेता के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

बता दें कि यह शिखर सम्मेलन 12-14 फरवरी 2025 तक चलेगा, और इसका उद्घाटन 11 फरवरी को होगा। इसका उद्देश्य कर्नाटक को एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस दौरान, राज्य में उद्योगों में साझेदारी को बढ़ावा देने और नवाचार पर जोर दिया जाएगा।

**कर्नाटक को बड़े निवेश की उम्मीद :**

मामले में जानकारी देते हुए कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में शुरू होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2025 में कई केंद्रीय मंत्री भाग लेंगे, जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन से कर्नाटक में बड़े निवेश की उम्मीद है, जिसमें 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की संभावना है।

## राहुल को कभी माफ नहीं करेंगे केजरीवाल : वो 13 सीटें जहां हारकर कांग्रेस ने कर दिया आप बेड़ा गर्क

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने प्रचंड जीत हासिल की है। इसी के साथ उसने 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता पर वापसी की है। बीजेपी की इसी जीत के साथ राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल से सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी बेदखल हो गई। लेकिन आम आदमी पार्टी की इस हार के पीछे कांग्रेस का बड़ा हाथ रहा है। अरविंद केजरीवाल से लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के कई दिग्गज नेता दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिले वोटों के अंतर से भी कम अंतर से हारे। आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं में हारने वालों में अरविंद केजरीवालस (नई दिल्ली), मनीष सिसोदिया (जंगपुरा), सौरभ भारद्वाज (ग्रेटर कैलाश), सोमनाथ भारती (मालवीय नगर), दुर्गेश पाठक (राजिंदर नगर) से हार गए। यह सभी सीटें ऐसी थीं जहां कांग्रेस को बीजेपी के जीत के अंतर से ज़्यादा वोट मिले, जिससे नतीजे प्रभावित हुए। कुल मिलाकर 70 में से 13 ऐसी सीटें थीं। भाजपा के परवेश वर्मा ने केजरीवाल को 4,009 वोटों से हराया। आप प्रमुख 2013 से तीन बार इस सीट से जीते हैं। कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित को नई दिल्ली सीट पर 4,568 वोट मिले और वे तीसरे स्थान पर रहे। 2013 में केजरीवाल ने दीक्षित की मां शीला दीक्षित को हराकर सीएम के तौर पर उनका शासन खत्म किया था। दो बार सांसद रहे परवेश वर्मा, जो 2013 में महरौली सीट जीतने के बाद कुछ समय के लिए विधायक भी रहे, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा के दिवंगत साहिब सिंह वर्मा के पुत्र भी हैं।

बैद्यनाथ असली आयुर्वेद

आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!

रुमा ऑईल

असहनीय दर्द में उपयोगी।



- घुटनों का दर्द, कमर दर्द,
- पीठ दर्द, मांसपेशियों का अकड़ना, मोच

जैसी तकलीफों को जड़ से दूर करनें में उपयोगी।




चिपचिपाहट व दाग रहित

**श्री रमाकांत राव, हैद्राबाद**
प्र. कुछ माह से मेरा वजन 4-5 किलो से बढ़ गया है। कृपया मोटापा कम करनें हेतू आयुर्वेदिक दवां बताएँ।
उ. **बैद्यनाथ मेदोहर गुग्गुलु** 2-2 टॅबलेट कुनकुने पानी से सुबह - शाम सेवन करें। प्रांत काल में हल्का व्यायाम करें।

**श्री सचिन अधिकारी, खम्मम**
प्र. मुझे कुछ समय से कमजोरी बहुत लगती है। थकान हो जाती है। काम में मन नहीं लगता चिड़चिड़ापन है कुछ उपाय बताएं।
उ. आप **बैद्यनाथ वीटा एक्स गोल्ड प्लस कॅप्सूल** 1-1 कॅप्सूल सुबह - शाम सेवन करें। साथ ही **बैद्यनाथ अश्वगंधारिष्ट** 4-4 चम्मच दवा बराबर पानी मिलाकर भोजनबाद लें। हल्का व्यायाम करें, गरिष्ठ व तली हुई चीजें न खाएं।

**श्री गोपाल राव, करिमनगर**
प्र. मुझे 4 वर्ष से बवासीर की तकलिफ है। शौचद्वारा रक्त गिरता है, शौच के जगह मस्से आए है, उसमें दर्द एवं शौच के जगह दाह होता है।
उ. **बैद्यनाथ सिड्पाईल्स** 2-2 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ लेवें। **बैद्यनाथ अभयामृत** 2-2 चम्मच समभाग पानी के साथ दिन में दो बार भोजनबाद लेवें।

**श्री नायर, विशाखापट्टनम**
प्र. मुझे 3 वर्ष से मधुमेह (डायबिटीज) की तकलिफ है। दिनभर के काम से रात में अत्याधिक थकान महसुस करत हूँ। कुपया उपाय बतायें।
उ. आप **बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगरफ्री)** 1 चम्मच सुबह लेवें। **बैद्यनाथ मधुमेहारी ग्रेन्यूल्स** 2-2 चम्मच भोजन के 15 मिनीट पहले पानी के साथ सुबह-शाम लेवें। **बैद्यनाथ बसंतकुसूमाकर रस** 1-1 टॅबलेट सुबह-शाम पानी के साथ लेवें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 844 844 4935 | www.baidyanath.co



## बाथरूम में आठवीं क्लास की छात्रा के साथ पकड़ा गया टीचर, कर रहा था गंदी हरकत हो गई धुनाई

भागलपुर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के भागलपुर से गुरु-शिष्य के रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। घटना गोराडीह प्रखंड के गंगा करहरिया स्थित आदर्श मध्य विद्यालय की है। यहां एक बीपीएससी शिक्षक पर आठवीं कक्षा की छात्रा के साथ स्कूल के बाथरूम में छेड़खानी का आरोप लगा है। बीपीएससी शिक्षक का नाम तरुण कुमार बताया जा रहा है जिसे स्कूल के बाथरूम में आपत्तिजनक स्थिति में छात्रा के साथ पकड़ा गया है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक को पकड़कर बंधक बना लिया और उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# 'पूर्वांचल वालों के अपमान का बदला मिला'

## बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का केजरीवाल पर हमला



पटना, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। विजय सिन्हा ने कहा कि जो पूर्वांचल के लोगों को बीमारी का बहाना करके अपमान करते थे वही कोरोना काल में यूपी, बिहार के लोगों को उपेक्षा कर उन्हें अपमानित किया। देश की जनता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी पर विश्वास करती है उसी का आज यह देन है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम सामने है।

**विजय सिन्हा ने क्या कहा?**

विजय सिन्हा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने चरित्र और ईमानदारी की राजनीति को चुना और झूठ, चुनाव और धोखाधड़ी की राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया। उन्होंने कहा कि जिनकी कथनी और करनी में अंतर है, उन्हें हटा दिया गया है। वियज सिन्हा ने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कांग्रेस के युवराज देश के सांस्कृतिक विरासत का अपमान करते हैं। देश के लोगों का विश्वास नहीं रहा यह परिवारवाद की जिम्मेदारी को जनता देखना नहीं चाहते हैं। देश की राजनीति में और देश के प्रति यह अपनी जिम्मेवारी नहीं निभाते हैं, वही आरजेडी पर भी हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह परिवारवाद खत्म होगा और अपराध मुक्त बिहार होगा।

**'पूर्वांचल के लोगों ने जवाब दिया'**

कैमूर पहुंचे बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा दिल्ली के अंदर एक बड़ा बदलाव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों का विश्वास पूरे देश से दिल्ली में लोग का है, आज खास करके पूर्वांचलों के लोगों का जो केजरीवाल ने बीमारी कह कर अपमान करते थे, करोना काल में बस में लाद-लाद कर यूपी के बॉर्डर पर भेजते थे, इस तरह की मानसिकता को पूर्वांचल के लोगों ने जवाब दिया है। ये नतीजे पूर्वांचलों की अपेक्षा पूर्वांचलों का अपमान और दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डबल इंजन के ऊपर विश्वास और विकास पर मुहर है।

# '2025 में तेजस्वी आएंगे', पटना में आरजेडी के पोस्टर से बढ़ी सियासी हलचल




पटना, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली चुनाव के नतीजों से बिहार में एनडीए उत्साहित है। आरजेडी की ओर से बिहार में भी बड़ी जीत का दावा किया जा रहा है। दिल्ली झांकी है, बिहार बाकी है, जैसी बात कही जा रही है। दरअसल अगला चुनाव विधानसभा का बिहार में है। वहीं दिल्ली चुनाव के नतीजों के बीच पटना में आरजेडी की ओर से जगह-जगह लगे पोस्टर लगे हैं। पोस्टर में लिखा है- 2025 में तेजस्वी आएंगे।

**तेजस्वी यादव को लेकर लगाए गए पोस्टर**

आरजेडी की ओर से जो पोस्टर लगाए गए हैं उसमें पोस्टर में तेजस्वी यादव की तस्वीर है। यह भी लिखा है कि तेजस्वी पुलिसिया दमन से बिहारवासियों को मुक्ति दिलाएंगे। दरअसल मुजफ्फरपुर के कांटी थाना में हाजत में एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं। मधुबनी में एक मौलवी की बेरहमी से पिटाई की गई। पुलिस वालों पर पिटाई का आरोप लगा। कुछ पुलिस वाले निलंबित भी हुए। पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर धरना प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज हुआ। पोस्टर के जरिये यह मैसेज भेजा गया है कि पुलिस आम लोगों पर जुर्म कर रही है। पोस्टर में तेजस्वी यादव का एक एक्स पोस्ट है। उसमें लिखा है- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचेतन अवस्था में हैं। उन्हें कुछ पता नहीं कब, क्यों, कैसे, कौन, किस लिए, क्या, सब हो रहा है?

**बिहार में दिल्ली जैसा कुछ भी नहीं- आरजेडी**

बता दें कि गृह विभाग नीतीश कुमार के पास है। इसलिए सीएम नीतीश पर हमला किया गया है। पोस्टर के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि भले दिल्ली बीजेपी जीत गई, लेकिन बिहार में दिल्ली जैसा कुछ भी होने नहीं जा रहा है। यहां महागठबंधन की सरकार आएगी और तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेंगे।

# पुलिस कस्टडी में मौत प्रकरण

## केदार सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ चौंकाने वाला खुलासा, स्वजन ने की ये मांग

आगरा, 8 फरवरी (एजेंसियां)। धोखाधड़ी के मुकदमे में अकारण पूछताछ के लिए लाए गए आटा चक्की मालिक केदार सिंह की जान पुलिस के डर से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। इस आधार पर पुलिस खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। मगर, स्वजन का कहना है कि केदार सिंह को पुलिस ने थप्पड़ मारे थे। इसके बाद वे दहशत में आ गए थे। पुलिस की दहशत में उनकी जान गई है। इसलिए पुलिसकर्मियों ने ही उनकी जान ली है। डौकी के गांव गढ़ी हीसिया में केदार सिंह आटा चक्की चलाकर अपने परिवार का खर्च उठाते थे।गुरुवार को वे अपने घर में थे। दोपहर दो बजे कबीस पुलिस चौकी से पहुंचे पुलिसकर्मी उन्हें धोखाधड़ी के मुकदमे में पूछताछ के लिए लेकर आए थे। स्वजन ने आरोप लगाया था कि केदार सिंह के साथ पहले पुलिसकर्मियों ने रास्ते में मारपीट की। इसके बाद पुलिस चौकी में ले जाकर मारपीट की गई। उनके मुंह में कपड़ा भी ठूंस दिया गया। डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम शाम पांच बजे डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इस दौरान वीडियोग्राफी भी की गई। पुलिस आयुक्त जे रविन्दर गौड ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। केदार सिंह के स्वजन द्वारा दी गई तहरीर पर अभी जांच की जा रही है। सभी तथ्य देखे जा रहे हैं। जांच के बाद ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# सीबीआई की रडार पर आए दिनेश अग्रवाल की बढ़ी मुश्किलें, छापामारी में मिले अहम सबूत




पटना, 8 फरवरी (एजेंसियां)। आयकर विभाग की 'फेसलेस स्कीम ऑफ असेसमेंट' मामले में सीबीआइ की रडार पर आए वाल्मीकि नगर से निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ने वाले दिनेश कुमार अग्रवाल समेत आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर, दो इंस्पेक्टर और पांच चार्टर्ड अकाउंटेंट की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सीबीआई को ऐसे पुख्ता सबूत मिले हैं कि इन अधिकारियों ने दिनेश अग्रवाल के सहयोग और मिली भगत से मोटी कमाई की है।

**छापामारी में मिले अहम सबूत**

राशि की अधिकता के आधार पर प्रवर्त्तन निदेशालय (ईडी) की जांच की भी संभावना जताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ( सीबीआई) को छापामारी के दौरान कई अहम दस्तावेज मिले हैं जिसमें यह बात सामने आ रही है कि इस पूरे मामले में अग्रवाल की बड़ी भूमिका है। दिनेश कुमार अग्रवाल ने ही डिप्टी कमिश्नर के साथ मिलकर पूरी योजना को अमलीजामा पहनाया। सूत्रों के अनुसार इस गड़बड़ी में व्यापक राशि शामिल है। साथ ही कई अन्य लोग भी इस साजिश का हिस्सा रहे हैं, जिनके बारे में जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

**18 स्थानों पर हुई छापामारी**

फिलहाल सीबीआई टीम इस पूरे मामले की तह तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है। बता दे कि फेसलेस स्कीम ऑफ असेसमेंट में गड़बड़ कर लोगों से मोटी रकम वसूली के मामले में सीबीआई ने दिल्ली, मुंबई, ठाणे, पश्चिम चंपारण, बेंगलुरु और कोट्टायम सहित 18 स्थानों पर तलाशी ली थी। पश्चिम चंपारण में लोकसभा चुनाव 2024 मे वाल्मीकी नगर लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले दिनेश कुमार अग्रवाल के घर और कार्यालय की भी तलाशी हुई थी।

# शेल्टर होम की लड़की पुलिस को चकमा देकर कार सवार युवक के साथ हुई फरार

पटना, 8 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी पटना से एक चौंकाने वाली घटना सामने आ रही है। एक कार सवार युवक ने गायघाट शेल्टर होम में रहने वाली 22 वर्षीय लड़की को ट्रेनिंग सेंटर से अगवा कर लिया। घटना के दो दिन बाद भी पुलिस न तो लड़की को बरामद कर सकी है और न ही युवक का कोई पता चल सका है। पुलिस के मुताबिक मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है। जांच में पता चला है कि युवक शेल्टर होम से ही उसका पीछा कर रहा था। जैसे ही ट्रेनिंग सेंटर के पास पहुंची, पुलिस को चकमा देते हुए कार में बैठकर फरार हो गई। सुरक्षाकर्मियों ने कुछ दूर तक उसका पीछा भी किया, लेकिन पता नहीं चल सका। सिपाही पूजा कुमारी ने थाने में लिखित आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पूजा ने बताया कि 22 साल की लड़की गायघाट शेल्टर होम में रहती थी। गुरुवार को ट्रेनिंग के लिए कुल सात लड़कियों को शास्त्रीनगर लेकर गई थी। एक लड़का वहां कार लेकर खड़ा था। गाड़ी से उतरने के बाद वो चकमा देकर युवक के साथ फरार हो गई। एसडीपीओ साकेत कुमार ने बताया कि सभी को ट्रेनिंग के लिए शास्त्रीनगर लाया गया था। इसी बीच एक लड़की अपने किसी परिचित के साथ फरार हो गई। गाड़ी का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# रुका वेतन रिलीज कराने हाई कोर्ट पहुंचे, उल्टा ही फर्जी नियुक्ति की पोल खुल गई,

रायबरेली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शिक्षा विभाग में 5 साल पहले पांच स्कूलों में 16 फर्जी नियुक्तियों का भांडा फूट गया। वेतन के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले फर्जी कर्मचारियों को उनका ही दांव उल्टा पड़ गया। हाई कोर्ट के आदेश पर डीआईओएस की जांच में फर्जीवाड़ा पकड़ में आ गया। रायबरेली डीआईओएस संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 5 साल पहले पांच स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद पर 16 नियुक्तियां हुई थीं। फर्जी रूप से नियुक्त कर्मचारियों ने हाई कोर्ट में वेतन के लिए याचिका दाखिल की। हाई कोर्ट ने प्रकरण की जांच करके निस्तारण के निर्देश दिए। जांच में नियुक्तियों के फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि राही ब्लॉक के खागीपुर सड़वा स्थित भारतीय शिक्षा निकेतन के कथित दो चतुर्थ श्रेणी कर्मी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश है। रुस्तमपुर स्थित गायत्री इंटर कॉलेज के चार चतुर्थ श्रेणी कर्मी दिनेश कुमार, उमाशंकर सिंह, गुलाब सिंह, सुमेर बहादुर है। हरचंदपुर के चंद्रपाल इंटर कॉलेज में पांच कर्मचारी राम अभिलाष यादव, राजभूषण, महेंद्र कुमार, ललिता देवी, दिनेश कुमार और इतने ही नाम जनपद इंटर कॉलेज के नाम सामने आए हैं। डीआईओएस ने जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए एसपी को पत्र लिखा है।

## सांसद बर्क को 22 फरवरी तक की मोहलत, विभाग ने खपत के साक्ष्य पेश करने का नोटिस किया जारी

संभल, 8 फरवरी (एजेंसियां)। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर बिजली चोरी में लगे जुर्माने के मामले में अब 22 फरवरी को सुनवाई होगी। बिजली विभाग से सांसद के अधिवक्ता ने समय दिए जाने के लिए शुक्रवार को प्रार्थनापत्र दिया था। जिस पर विभाग ने अब 15 दिन का समय दिया है। इस तिथि तक सांसद को बिजली खपत के साक्ष्य प्रस्तुत करने हैं। अधीक्षण अभियंता (विद्युत) विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि तीन नोटिस और दो रिमाइंडर दिए जा चुके हैं। साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने के लिए अंतिम सुनवाई सात फरवरी को तय थी। सांसद के अधिवक्ता ने समय दिए जाने का आग्रह किया था। जिस पर समय दिया गया है। 19 दिसंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क के दीपा सराय स्थित आवास पर बिजली चोरी बिजली विभाग ने पकड़ी थी।

# ढाई करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ तस्कर गिरफ्तार

# 271 आईफोन, 35 एयरपॉड, 11 स्मार्टवॉच बरामद




रोहतास, 8 फरवरी (एजेंसियां)। जिले की शिवसागर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लगभग ढाई करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तस्करी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में 271 आईफोन, 35 एयरपॉड और 11 स्मार्टवॉच बरामद किए हैं। इस गुप्त ऑपरेशन को रोहतास एसपी रौशन कुमार की अगुवाई में अंजाम दिया गया। पुलिस को इंटेलिजेंस के जरिए सूचना मिली थी कि हाईवे के रास्ते से तस्करी हो रही है। सूचना के आधार पर एसपी ने सासाराम टोल प्लाजा पर सादी वर्दी में पुलिस टीम तैनात कर दी। जैसे ही यूपी-62 सीके-1404 नंबर की मारुति अर्टिगा कार टोल प्लाजा पर पहुंची, पुलिस टीम ने उसे घेर लिया। इस टीम में थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, एसआई खुशबू कुमारी, एसआई मुकेश कुमार और पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे। पुलिस ने कार में मौजूद पांच लोगों को हिरासत में लेकर गाड़ी की डिग्गी और उनके बैग की तलाशी ली। तलाशी में बड़ी संख्या में आईफोन, एयरपॉड और स्मार्टवॉच बरामद किए गए, जिनकी बाजार कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए बताई जा रही है। रोहतास पुलिस के अनुसार यह तस्कर गिरोह विजयवाड़ा से संचालित हो रहा था। गिरोह की जानकारी आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार की पुलिस तक पहुंचाई गई थी। इन एजेंसियों ने मिलकर रणनीति बनाई और अंत में सासाराम टोल प्लाजा पर इन तस्करों को पकड़ने का निर्णय लिया गया। रोहतास एसपी रौशन कुमार को जब इसकी सूचना दी गई, तो उन्होंने सटीक योजना बनाई। पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में टोल प्लाजा कर्मी के रूप में तैनात किया गया। तस्कर इस चालाकी को समझ नहीं पाए और पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

**विजयवाड़ा के गोदाम से हुई थी चोरी**

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि ये आईफोन, एयरपॉड और स्मार्टवॉच दो दिन पहले आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में स्थित एक आईफोन डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम से चोरी हुए थे। इस चोरी की शिकायत वहां की स्थानीय पुलिस को दी गई थी। शिकायत के आधार पर गोदाम के इंचार्ज और कुछ कर्मचारियों पर संदेह जताया गया था। पुलिस ने सर्विलांस के जरिए तस्करों की गतिविधियों को ट्रैक करना शुरू किया और अंत में इनकी पहचान कर ली गई। जब यह खेप बिहार में दाखिल हुई, तो रोहतास पुलिस को कार्रवाई की जिम्मेदारी दी गई।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

## कंटेनर में घुसी तेज रफ्तार डीसीएम, चालक समेत तीन लोगों की मौत

सुल्तानपुरयूपी के सुल्तानपुर में एक्सप्रेसवे पर डीसीएम रात करीब 12 बजे पूर्वांचल कंटेनर में घुस गई। हादसे में चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद राहगीर रुक गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। सभी मृतक मध्य प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसा गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत 129 माइल स्टोन अरवल कीरी करवल के पास हुआ। डीसीएम सवार मछली लेकर लखनऊ की तरफ से बस्ती जा रहे थे।

# इस मुद्दे पर अखिलेश यादव के साथ आए चंद्रशेखर आजाद, योगी सरकार से पूछा सवाल





प्रयागराज, 8 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ हादसे की घटना पर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही हैं। विपक्षी दल लगातार इस भगदड़ में मारे गए लोगों की संख्या को लेकर सवाल उठा रहे हैं और सरकार पर सही आंकड़ें छुपाने के आरोप लगा रहे हैं। इस बीच अब यूपी की नगीना सीट से सांसद और आसपा मुखिया चंद्रशेखर आज़ाद का भी बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने भगदड़ की इस घटना को प्रशासन की घोर लापरवाही करार किया और सरकार पर मृतकों के आंकड़े छुपाने का आरोप लगाया। आसपा अध्यक्ष एक अखबार की खबर को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते हुए एक लंबी पोस्ट लिखी और कहा कि 'प्रयागराज कुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ प्राकृतिक दुर्घटना नहीं, बल्कि सरकार और प्रशासन की घोर लापरवाही और अक्षम्य अपराध है। हज़ारों श्रद्धालु संगम स्नान करने आए थे, लेकिन लौटे तो सिर्फ उनके शव! यह एक मौत का मेला था, जिसे प्रशासन ने अपनी कायरता और नाकामी से निर्ममता के साथ अंजाम दिया।'

**चंद्रशेखर बोले- मृतकों की सूची सार्वजनिक हो**

नगीना सांसद ने आगे कहा कि- 'सरकार कह रही है कि मौतें सिर्फ 30 हुईं, लेकिन शवों पर अंकित 48 और 61 नंबर साफ दिखाते हैं कि असलियत कुछ और ही है। अगर मरने वाले 30 थे, तो शवों की गिनती उससे ज्यादा कैसे हो रही है? सरकार सच्चाई छिपाकर मृतकों का अपमान कर रही है। राजस्थान के अजमेर जिले की न्याली देवी की मौत इस भगदड़ में हो गई। उनके पति रामनारायण को न पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली, न मृत्यु प्रमाण पत्र। बस 15,000 रुपये लिफाफे में थमाकर चुप कराने की कोशिश की गई। क्या गरीब की जान की यही कीमत है? क्या सरकार पैसे से अपने पाप छिपा लेगी? प्रशासन की अमानवीयता— मरने के बाद भी सम्मान नहीं! सरकार को अब जवाब देना ही होगा! सभी मृतकों की सटीक संख्या सार्वजनिक की जाए! हर पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए! दोषी अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए! भविष्य में ऐसे आयोजनों में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए जाएं! अगर सरकार इस नरसंहार पर भी चुप्पी साधे बैठी रही, तो जनता इसे माफ नहीं करेगी! यह लोकतंत्र है, कोई साम्राज्य नहीं जहां जनता की लाशों पर सत्ता की इमारत खड़ी की जाए।

## लखनऊ में दो लड़कियों ने की शादी: घरवालों को भेजा लेटर, लिखा- 4 साल अलग रही, अब और नहीं रह सकती

लखनऊ, 8 फरवरी (एजेंसियां)। यह बात लखनऊ में किसान की बेटी ने अपने भाई को भेजे शपथ पत्र में लिखा है। सूचना मिलते ही दोनों के परिजनों ने गुरुवार को निगोहां थाने में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों लड़कियों और उनके परिजनों को शुक्रवार को थाने बुलाया। युवतियों ने थाने में ही अपने परिजनों से रिश्ता तोड़ लिया। किसान की बेटी अपनी सहेली के साथ मंगलवार सुबह भाग गई। उसने अपना फोन भी बंद कर दिया था। सूचना मिलने पर जब परिवार वालों ने संपर्क किया तो उसने घर आने से मना कर दिया। युवती के पिता ने बताया कि बेटी चुरुवा मंदिर जाने की बात कह कर घर से निकली थी। जब नहीं लौटी तो आसपास उसको ढूंढा, लेकिन कहीं पता नहीं चला।

गुरुवार को दिल्ली में रह रहे मेरे बेटे के मोबाइल पर दोनों की शादी का शपथपत्र आया। जिसमें लिखा था कि मैंने अपनी सहेली से 2021 में विवाह कर लिया था। चार साल से वह अलग-अलग रह रही थीं। अब अलग नहीं रह सकती। थाने में दोनों युवतियों के परिजनों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों अपनी जिद पर अड़ी रहीं।

# सरकारी अफसरों को करती टारगेट

## फिर ऐसे ऐंठती थी लाखों रुपये; लखनऊ में महिला वकील पर एफआईआर



लखनऊ, 8 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला वकील पर अधिकारियों को झूठे केस में फंसा कर पैसे ऐंठने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। आरोपी महिला शादी का फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर लोगों से पैसा ऐंठा करती थी, जो उसकी बात नहीं मानते थे। वह उन पर मुकदमा दर्ज करवा देती थी। मामले के सामने आने के बाद बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने महिला के खिलाफ कार्रवाई की है। सहारनपुर की रहने वाली महिला वकील शालिनी के खिलाफ लखनऊ में एफआईआर दर्ज हुई है। शालिनी सरकारी अधिकारियों पर झूठा केस लगाकर उनसे मोटी रकम ऐंठा करती थी। वाराणसी के सहायक अभियोजन अधिकारी दीपक कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। दीपक ने शिकायत में कहा था कि शालिनी ने अपनी और मेरी शादी का एक फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया था। दीपक की शिकायत पर काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में सुनवाई हुई।

**बार काउंसिल ने रद्द किया रजिस्ट्रेशन**

जांच में शादी का सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया। आरोप सही पाए जाने के बाद काउंसिल ने महिला वकील का रजिस्ट्रेशन रद्द करते हुए उस पर 50 हजार का जुर्माना लगाया था। दीपक ने बताया कि 20 दिसंबर 2024 को उन्हें पता चला कि शालिनी की शादी रजिस्टर्ड ही नहीं है।

उन्होंने बताया कि शालिनी ने पैसा ऐंठने की नियत से यह फर्जी दस्तावेज बनाए थे, जिसके आधार पर लाखों की डिमांड की गई थी।

**महिला वकील ने की 10 लाख की मांग**

बार काउंसिल की जांच के बाद फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। दीपक ने बताया कि शालिनी ने उनके खिलाफ प्रयागराज के जॉर्ज टाउन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। महिला ने एक अन्य वकील के माध्यम से दीपक से 10 लाख रुपये की मांग की थी। जिस दौरान दीपक से लाखों रुपये की मांग की गई थी। उस समय दीपक की पत्नी प्रेग्नेंट थी। दीपक ने समाज में बदनामी के डर से 10 लाखों रुपये महिला वकील को दे दिए थे।

सुविचार: इंसान सफल तब होता है, जब वो दुनिया को नहीं, बल्कि खुद को बदलना शुरू कर देता है!

## भट्टी ने निर्मला सीतारमण से तत्काल लंबित बकाया जारी करने का आग्रह किया



हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने उनसे विभिन्न योजनाओं के तहत केंद्र से लंबित सभी बकाया राशि का भुगतान करने की अपील की। उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से विभिन्न निगमों/एसपीवी के ऋण पुनर्गठन के लिए वित्तीय संस्थानों को दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने तेलंगाना सरकार को देय 4,08,48,54,461 रुपये के पुनर्भुगतान में तेजी लाने का अनुरोध किया। भट्टी ने यह भी आग्रह किया कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की धारा 94(2) के तहत तेलंगाना के पिछड़े जिलों के लिए एक विशेष राहत कोष जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री से वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए धनराशि जारी करने में आवंटन त्रुटि को ठीक करने की अपील की। इसके अलावा, बैठक के दौरान, तेलंगाना पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन को आवंटित अतिरिक्त देयता के अनुसार आंध्र प्रदेश पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन से प्राप्त होने वाली राशि से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा की गई। भट्टी विक्रमार्क ने निर्मला सीतारमण से आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत धनराशि के हस्तांतरण और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना बिजली उपयोगिताओं के बीच लंबित बकाया राशि के समाधान की भी मांग की। उपमुख्यमंत्री के साथ विशेष मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, रेजिडेंट कमिश्नर गौरव उप्पल, सांसद मल्लू रवि, चमाला किरण कुमार रेड्डी, बलराम नायक और अन्य लोग मौजूद थे।

## केंद्र ने पलामुरु परियोजना को राष्ट्रीय दर्जा न देकर भेदभाव किया : जुपल्ली

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पर्यटन, संस्कृति और आबकारी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि पलामुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना को तकनीकी और आर्थिक मूल्यांकन, जल बंटवारे और कानूनी मुद्दों का हवाला देते हुए राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया जा सकता। मंत्री ने सवाल उठाया है कि क्या परियोजना को राष्ट्रीय दर्जा देने से इनकार करना भेदभाव है। शनिवार को जारी एक बयान में जुपल्ली कृष्ण राव ने संकेत दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्रवाई भेदभावपूर्ण रुख को दर्शाती है, खासकर तब जब राज्य में एक अलग सरकार थी। जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा, केंद्र सरकार पलामुरु-रंगारेड्डी परियोजना को राष्ट्रीय दर्जा देने से इनकार करके तेलंगाना राज्य के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रही है। हम केवल आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में व्यक्त लंबित मांग को पूरा करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के रुख पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने फायदे के लिए नए कानून बना रही है और संविधान में संशोधन कर रही है, लेकिन पलामुरु के निवासियों और रंगारेड्डी परियोजना की लंबे समय से चली आ रही आकांक्षाओं को पूरा करने में प्रयासों की कमी को दर्शाती है। मंत्री ने तेलंगाना भाजपा के नेताओं से आग्रह किया कि यदि वे वास्तव में इस मुद्दे का समर्थन करना चाहते हैं तो पलामुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने की वकालत करें।

# तेलंगाना की धरती पर राजस्थानी संस्कृति का महासंगम

**श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस उमड़ी भीड़ः कलश यात्रा और दिव्य हवन में बिखरे राजस्थानी संस्कृति के रंग**

**प्रतिष्ठा महोत्सव में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट करेंगे शिरकत**



हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की धरती पर राजस्थानी संस्कृति का एक अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। आध्यात्मिकता, संस्कृति और आस्था के अनूठे संगम के प्रतीक श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन सैकडों महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में कलश यात्रा निकालकर इस उत्सव को और भी खास बना दिया। महोत्सव का शुभारंभ 8 फरवरी को गणेश पूजन से हुआ, जिसके बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई। लगभग 300 महिलाओं ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सिर पर जल कलश धारण कर पूरे भक्ति भाव के साथ कदम बढ़ाए। यह दृश्य न केवल भक्ति से ओतप्रोत था, बल्कि राजस्थानी संस्कृति की गहराई और गौरव को भी उजागर करता था। पीले, लाल और सतरंगी राजस्थानी परिधानों में सजी महिलाएं जब कलश लेकर निकलीं, तो हर कोई इस दृश्य को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया। पूरे मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार गूंज रहा था और हर कोना आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। कलश यात्रा के बाद दिव्य हवन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां डालीं।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान से अपने परिवार और समाज की उन्नति की कामना की। इस दौरान पूरे वातावरण में हवन सामग्री की सुगंध और वैदिक ध्वनियां गूंज रही थीं, जिसने भक्तों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान किया। रात्रि के समय राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भगवान श्री देवनारायण की गाथाओं का फड़ वाचन किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और मनोरंजन का एक अनूठा संगम साबित हुआ। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान की महान गाथाओं को जीवंत कर दिया, जिससे श्रद्धालुओं का भक्ति भाव और गहरा हो गया।

श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति एवं वीर गुर्जर समाज तेलंगाना के अध्यक्ष देवीदत्त कोली ने बताया कि महोत्सव में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति इसे और विशेष बना रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन में शामिल होंगे। इनके अतिरिक्त उद्योगपति भगवती महेश बल्दवा, पीसीसी तेलंगाना के अध्यक्ष महेश गौड़, सांसद किरण कुमार रेड्डी, विधायक मल्लरेड्डी रंगारेड्डी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संपत कुमार, विजय कुमार जांगिड़, यूपी के संत कबीर नगर के डीएम महेंद्र तंवर, सीआईएसएफ कमांडेंट सुगनाराम गुर्जर, उद्योगपति राजेश जांगिड़, राजेश अग्रवाल, महावीर कुमावत, योगेश जैन और वरिष्ठ पत्रकार मुकेश सैनी इस महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

आयोजक देवीदत्त कोली ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन, यानी 9 फरवरी को यजमानों की उपस्थिति में विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में विशाल भक्ति जागरण का आयोजन होगा, जिसमें भजन गायक राजकुमार मालूणी और अन्य प्रमुख कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इन भजनों में भगवान श्री देवनारायण की महिमा और गाथाओं का वर्णन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक रस में डूबने का अवसर होगा। महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन, 10 फरवरी को सुबह 9 बजे शुभ बेला में प्राण प्रतिष्ठा का विशेष अनुष्ठान होगा। इस अनुष्ठान में पारंपरिक विधियों और मंत्रोच्चार के बीच भगवान की प्रतिमा को विधिवत मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

देवीदत्त कोली के मुताबिक इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भगवान श्री देवनारायण की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री देवनारायण केवल एक धार्मिक देवता नहीं हैं, बल्कि एक समाज सुधारक और मार्गदर्शक भी हैं, जिन्होंने सदियों से धर्म, न्याय और सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। देवीदत्त कोली ने यह भी बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह मंदिर न केवल एक धार्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि इसे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की योजना भी है। यहां पर भविष्य में अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य समाज को एकजुट करना और आने वाली पीढ़ियों में धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों का बीजारोपण करना होगा। देवीदत्त कोली के अनुसार, यह आयोजन हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने के साथ-साथ उसे नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। राजस्थानी समाज के लोगों के लिए यह महोत्सव एक ऐसा अवसर है, जहां वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सकते हैं और अपने बच्चों को उनकी सांस्कृतिक विरासत का महत्व समझा सकते हैं। श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव तेलंगाना की भूमि पर राजस्थानी संस्कृति, सनातन धर्म और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम है।

श्री देवनारायण भगवान मंदिर का निर्माण राजस्थानी वास्तुकला की उत्कृष्टता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। सफेद संगमरमर से निर्मित इस मंदिर की प्रत्येक दीवार पर राजस्थानी शैली की कलात्मकता और देवी-देवताओं के चित्र उकेरे गए हैं। मंदिर के प्रांगण में भगवान श्री देवनारायण की दिव्य प्रतिमा पारंपरिक विधियों से प्रतिष्ठित की जाएगी। मंदिर के चारों ओर हरियाली और कवाड़पल्ली का मनोरम वातावरण भक्तों के मन को शांति और भक्ति से भर देता है।

## नीट यूजी 2025 के लिए विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2025 के लिए विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा की है। अधिसूचना के अनुसार, आवेदन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की अंतिम तिथि 7 मार्च है। सामान्य श्रेणी और ईडब्ल्यूएस तथा ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क क्रमशः 1,700 रुपये और 1,600 रुपये है। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी और तीसरे लिंग के उम्मीदवारों के लिए शुल्क 1,000 रुपये है।




## नगर निगम प्रशासन और जीएचएमसी अधिकारियों ने सीएम से मुलाकात की



हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नगर निगम प्रशासन और जीएचएमसी अधिकारियों ने सीएम रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। ग्रेटर हैदराबाद में शुरू की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा। मुख्यमंत्री ने मिरलम तालाब पर बन रहे पुल को लेकर अधिकारियों को कई निर्देश दिये। पुल की डीपीआर 90 दिन में पूरी करने के निर्देश। साफ है कि पुल का निर्माण 30 महीने में पूरा हो जाना चाहिए। मिरलम ब्रिज को हैदराबाद का सबसे प्रमुख क्षेत्र बनाने का सुझाव है। मुख्यमंत्री को बच्चों को ध्यान में रखकर ब्रिज का निर्माण कराना चाहिए। अधिकारियों ने 2.425 किमी पुल निर्माण के लिए तीन प्रस्ताव दिये। अधिकारियों को हैदराबाद में बन रहे नए फ्लाईओवरों का और गहराई से अध्ययन करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सड़कों की चौड़ाई पर कई सुझाव दिये। सीएम ने दो दिन में व्यापक जानकारी के साथ आने का सुझाव दिया।

## मेट्रो स्टेशन के पास मृत पाया गया युवक

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के उप्पल मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार को एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। पुलिस के अनुसार, मेट्रो स्टेशन के पास लगभग 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला, जिसे स्थानीय लोगों ने देखा और 100 नंबर डायल करके पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। पुलिस को संदेह है कि व्यक्ति की मौत दो दिन पहले हुई होगी और वह भीख मांगकर अपना गुजारा कर रहा होगा। मामला दर्ज कर लिया गया है।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. WAT-TRD-20-24-25DT050225

स्थान सहित कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के कॉन्वेंट जंक्शन से शीला नगर जंक्शन तक चार लेन सड़क को छह लेन सड़क एवं कनेक्टिविटी रोड के लिए चार लेन समर्पित (Dedicated) बंदरगाह सड़कों के बढ़ोतरी के लिए TRD कार्य।

निविदा मूल्य : ₹ 31,20,454/-, EMD : ₹ 62,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 06 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 27.02.2025 को 1500 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), वाल्टियर

PR-966/P/24-25

**पूर्व तट रेलवे**

नीलामी कैटलॉग नं. : WAT-Salon-002

(1) लॉट नं./वर्ग : MSS-WAT-RGDA-TWnOPS-19-23-1 (Misc-Static-Services-Two wheeler and other parcel packing services)

विवरण : डोर पिक-अप (Door Pick up) और डोर डिलीवरी सेवाओं की वैकल्पिक सुविधा के साथ दो पहिया एवं अन्य पार्सल/सामान की पैकिंग।

(2) लॉट नं./वर्ग : MSS-WAT-VSKP-SS-61-25-1 (Misc-Static-Services-Salon Services)

विवरण : विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन में विश्राम कुर्सी (Relaxation Chair) आउटलेट के साथ UNISEX सैलून का विकास, परिचालन, रख-रखाव एवं मैनिंग (Manning)।

लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय : 21.02.2025 को 1100 बजे (दोनों क्रम सं. हेतु)।

लॉट बंद होने की तिथि एवं समय : 21.02.2025 को 1130 बजे (क्रम सं. 1 हेतु) एवं 1140 बजे (क्रम सं. 2 हेतु)।

न्यूनतम वृद्धि : 0.2% (दोनों क्रम सं. हेतु), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (दोनों क्रम सं. हेतु)।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर

PR-965/P/24-25




## केसीआर परिवार के साथ केजरीवाल की दोस्ती आप की हार का कारण : टीपीसीसी प्रमुख

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद, जिसमें अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को हार का सामना करना पड़ा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत मिला, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने केजरीवाल की हार में योगदान देने वाले दो प्राथमिक कारकों की पहचान की। पहला कारक केजरीवाल का बीआरएस पार्टी के साथ गठबंधन है, जबकि दूसरा कांग्रेस पार्टी को एक विरोधी के रूप में उनकी धारणा है। टीपीसीसी अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि केसीआर की अध्यक्षता वाली बीआरएस पार्टी के साथ केजरीवाल के जुड़ाव ने आप की स्थिति को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा, केसीआर की बेटी कविता के साथ शराब के कारोबार से जुड़े केजरीवाल और उनके सहयोगियों से जुड़े आरोपों ने आप की विश्वसनीयता को कम कर दिया है। इसके अलावा, केजरीवाल द्वारा कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन को अस्वीकार करने के निर्णय से अनजाने में ही चुनावों में भाजपा को लाभ हुआ है। केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन पर जोर देकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति स्थापित करने में सक्षम थे, हालांकि, शराब घोटाले से जुड़े आरोपों ने उनकी प्रतिष्ठा को काफी नुकसान पहुंचाया है और आम आदमी पार्टी की अखंडता को कमजोर किया है।

## 268 शराबी वाहन चालक पकड़े गए

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस (सीटीपी) द्वारा सप्ताहांत में शराब पीकर वाहन चलाने के विरूद्ध सख्त प्रवर्तन अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 268 अपराधियों को पकड़ा गया। सीटीपी ने अभियान के दौरान 223 दोपहिया वाहन, 10 तिपहिया वाहन, 33 चार पहिया वाहन और 2 ट्रक जब्त किए। पकड़े गए लोगों में से 35 व्यक्तियों के रक्त में अल्कोहल सांद्रता (बीएसी) 200 एमजी/100 मिली से लेकर 550एमजी/100 मिली तक थी, जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा जोखिम था। सभी अपराधियों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। नशे में वाहन चलाते हुए और घातक दुर्घटनाएं करने वाले व्यक्तियों को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 105 (हत्या के बराबर नहीं होने वाली गैर इरादतन हत्या) के तहत गिरफ्तार किया जाएगा और उन पर मुकदमा चलाया जाएगा, जिसके लिए अधिकतम 10 साल की कैद और जुर्माना हो सकता है।






# साहस और समर्पण का रूप : जटायु



अतुल कुमार



रामायण के चर्चित व प्रसिद्ध पात्रों में एक नाम गिद्ध राज जटायु का है . जटायु वीर , बुद्धिमान और कुशाग्र रणनीतिकार थे . जीवन में सबसे अधिक उडान भरने को ही आज लाइफ़ की सक्सेस माना और समझा जाता है .जटायु की कथा बताती है कि उडान उतनी ही अच्छी होती है जितना कि बुद्धि और समझदारी का तालमेल संतुलित रूप में बना रहे अन्यथा इससे दुर्घटना हो सकती है . प्रसंगानुसार रामायण काल में संपाती और जटायु दो गिद्ध भाई थे संपाती बडे और जटायु छोटे थे . एक दिन दोनों ने सूर्य को स्पर्श करने के उद्देश्य से उडान भरी दोनों ऊंचा और ऊंचा उडते गये दोनों में होड लगी कि कौन पहले सूर्य का स्पर्श करेगा . जैसे जैसे सूर्य निकट आने लगा उसका तेज बढने लगा जिसे भांप जटायु ने अपना इरादा बदला और धरती की ओर लौट आये लेकिन संपाती ने ज़िद नहीं छोडी और ओवर कांफिडेंस में अपने परों को सूर्य के तेज में जला बैठे . और समुद्र तट पर गिर कर चेतना शून्य हो गये .शास्त्रानुसार एक मुनि ने उनका उपचार किया लेकिन वह परों को वापस नहीं ला सके . कथा का सार है कि उडान उतनी ही भरिये जितना कि उसे वहन कर सकें .

आज के संदर्भों में कथा का अर्थ बहुत महत्व रखता है लोग अति विश्वास के चक्कर में ऐसे काम कर बैठते हैं जिससे उनकी सेहत और कमाई दोनों उनसे रूठ कर चले जाते है . संपाती बहुत बुद्धिमान और दूर दृष्टा थे रावण जब सीता को ले जा रहा था तब सबसे पहले उसको देखने वाले वही थे लेकिन परों के नहीं होने के कारण असहाय थे . ओवर कांफिडेंस के कारण कई लोग समझते हैं कि वह सब कुछ जानते हैं ऐसे लोग दूसरों को हतोत्साहित करते हैं वह कभी गलत नहीं कर सकते कि भावना से ग्रस्त होते हैं लेकिन ऐसे ही लोग अपनी प्लानिंग में फेल हो जाते हैं संपाती के साथ यही हुआ .

जटायु को उतना ज्ञान नहीं था जितना कि संपाती को . लेकिन उनके व्यक्तित्व की कमी ने उनको अपाहिज बनाया . जटायु जिन दिनों पंचवटी में रहते तब एक आखेट के दौरान उनका परिचय राजा दशरथ से हुआ और दोनों अच्छे मित्र बने . वनवास में प्रभु राम की पर्वताकार व भीमकाय जटायु से वन में भेंट हुई तब जटायु ने राजा दशरथ का कुशल क्षेम पूछा उन्हें यह जान दुख हुआ कि राजा दशरथ देव लोक गमन कर गये तब वह रोने लगे उनके नेत्रों को अश्रुपूरित देख राम भी द्रवित हो उठे और उनको गले लगा ढाढस बांधा .पुराणों के अनुसार जब राम लक्ष्मण सीता को खोजने इधर उधर वन में गये तब उन्हें आशंका हुई कि कहीं इसी गिद्ध ने तो उनको न खा लिया हो ! यह सोच उन्होंने बाण में तीर चढाया तब जटायु ने उनको बताया कि लंका का राजा रावण सीता का हरण कर उनको दक्षिण दिशा में ले गया है .

यद्यपि सीता की रक्षा के लिये जटायु ने रावण से साहस पूर्ण युद्ध किया जिससे रावण के शरीर की कुछ हड्डियां टूट गयी जिसकी असह्य पीडा से विह्वल हो उसने अपनी तलवार से जटायु के पंखों को काट डाला और उनको गंभीर रूप से घायल कर दिया . इस अवस्था में जटायु मरणासन्न हो धरती पर गिर पडे . सीता को खोजते हुए प्रभु राम जब वहां पहुंचे और उनको इस अवस्था में देखा तो उनको अपने हाथों में ले हाथ फेरने लगे . जिस पर जटायु ने प्रभु राम को युद्ध का सारा वृतांत बताया कि रावण ने उनको मार मार कर उनकी यह दशा की इसको सुन भगवान राम की आंखें भर आयीं .जटायु ने कहा प्रभु आप मेरे मित्र दशरथ के पुत्र हैं . मित्रताएं दिखावा नहीं होतीं इसमें एक दूसरे का ध्यान और समर्पण की भावना रखनी होती है यह संबंधानुबंध होती हैं ! लेकिन आज ? सोचिये ! मित्रताएं मतलब , दिखावा और फोटो सेशन भर हो गयी हैं .

जटायु का वृतांत सुन प्रभु राम ने कहा " तात ! मैं आपके शरीर को अजर अमर और स्वस्थ कर देता हूं . आप संसार में रहें . जटायु बोले " श्री राम ! मृत्यु के समय जिसके मुख से आपका नाम निकल जाये वह कितना सौभाग्य शाली होगा इस नाम भर में इतनी शक्ति है इससे अधम प्राणी भी मुक्त हो जाता है .मैं कितना भाग्यवान हूं कि आप साक्षात स्वयं आज मेरे पास हैं सौभाग्य कि यह घडियां किसको मिलती हैं ? जिनके पास जाना है वह खुद पास हो . अब मेरे जीवित रहने का कोई लाभ नहीं है ! यह सुन भगवान राम ने जटायु के शरीर को अपनी गोद में रख लिया और पक्षी राज के शरीर पर हाथ फेरने लगे जटायु ने उनके मुख कमल के दर्शन कर उनको प्रणाम किया और उनकी गोद में अपने प्राण छोड दिये .

शास्त्रानुसार इन भावुक घडियों में जटायु के प्राणहीन रक्तरंजित शरीर को देख प्रभु अत्यंत दुखी हो लक्ष्मण से कहने लगे , " भैया मैं कितना अभागा हूं .शासन छिन गया ,घर से निर्वासित हुआ ,पिता का स्वर्गवास हुआ सीता का अपहरण हुआ और आज श्रद्धेय पिता के मित्र जटायु का भी मेरे कारण निधन हुआ . मेरी वजह से ही इन्होंने अपने शरीर की बलि चढा दी इनकी मृत्यु का मुझे बहुत दुख है . तुम जा कर लकडियां एकत्रित करो यह मेरे पिता तुल्य थे इसलिये मैं अपने हाथों से इनका दाह संस्कार करूंगा . आज्ञा सुन लक्ष्मण ने लकडियां इकट्ठी कीं और दोनों ने मिल चिता बनायी फिर चिता पर जटायु के शरीर को रख प्रभु राम ने पत्थरों से अग्नि निकाली और कहा " हे पूज्य गिद्ध राज जिस लोक में यज्ञ होते हों समरांगण में वीरतापूर्वक लड प्राणों की आहुति देने वाले और धर्मात्मा व्यक्ति जाते हैं उसी लोक को आप प्रस्थान कीजीये आपकी कीर्ती इस संसार में सदैव बनी रहेगी " . यह कह उन्होंने चिता को अग्नि दी कुछ क्षणों में जटायु का नश्वर शरीर पंच भूतों में मिल गया . बाद में दोनों भाइयों ने गोदावरी के तट पर दिवंगत जटायु को जलांजलि दी .

गिद्ध राज जटायु , राम – रावण युद्ध में शहीद होने वाले पहले वीर थे जिन्होंने अधर्म के विरुद्ध अपने पराक्रम से अधर्मी रावण को चुनौती दी और अपने प्राण न्यौछावर कर सिद्ध किया कि साहस और बुद्धिमत्ता से खोते मूल्यों और आदर्शों की रक्षा की हो सकती है . गिद्ध की सारी शक्ति उसके परों और नेत्रों में होती है वह कई कई मीलों तक देख सकता है

.इसलिये उसने रावण से सीता की रक्षा के लिये जम कर युद्ध किया और संसार के लिये जांबाज़ी की अनूठी मिसाल स्थापित की .किसी कवि ने जटायु पर लिखी रचना में खूब लिखा " साहस देखो जटायु का ,दसकंधर को धिक्कारा / त्रैल्लोक्य विजेता रावण को ,युद्ध निमित्त ललकारा / क्रोध में आया जटायु ,जब नहीं माना दसकंधर / अपनी पैनी चोंच चलायी , रक्त रंजित हुआ दसकंधर / जटायु बलिदान हुआ सीता को बचाने में ,शौर्य की गाथा सुन कर भर आयेंगे आंसू नैनों में // यही वीर गिद्ध राज जटायु के साहस और समर्पण का अनूठा रूप था .

# काव्य कुंज

## कैलेंडर बन गई है अब मुलाकातें



संजीव ठाकुर, रायपुर

मेरे दिल का तो हाल-बेहाल है,
जिंदगी में न सुर है ना ताल है।
आंखों से क्या ओझल हुए तुम,
रोज आता नित नया खयाल है ।
आ जाओ एक बार झरोखे में,
हो जाये कुछ नया कमाल है।
सोते जागते दिखती तुम ही तुम,
इश्क भी साहब जी का जंजाल है।
मुझे क्यों कसौटी पर रखा जाता है,
मेरे खिलाफ कौन सा मायाजाल है।
कैलेंडर बन गई है अब मुलाकातें,
मुलाकातों पर क्यों नया सवाल है ।
महफिल में जब भी तारीफ होती है
मुझे तेरा ही आता हमेशा ख्याल है।

## वसंत की पुकार



कुमुद बाला, हैदराबाद

लो जी देख लो सभी ,
ये बग्घी पे सवार है
अभी राह है नई - नई ,
भोर बस अभी हुई
यहीं ज़िंदगी के गीत की,
धुन बनी अभी नई
सजी सामने बहार है , वसंत की पुकार है ।।
कोयल लगी थी कूकने , माघ खड़ी सामने
दिल मंजरी का जीतने,लगा लक्षअलि साधने
किरण है गुनगुना रही ,दुल्हन अभी सजी नई
यहीं ज़िंदगी के गीत की , धुन बनी अभी नई
सजी सामने बहार है , वसंत की पुकार है ।।
रंगों की पिचकारियाँ , कुछ रंगबिरंगी धारियाँ
फाग की फगुनाइयाँ,हंसगुल्ले की हँसतालियाँ
मनमानियाँ - दुहाइयाँ , बयार है चली नई
यहीं ज़िंदगी के गीत की , धुन बनी अभी नई
सजी सामने बहार है , वसंत की पुकार है ।।

## रिश्ते



जे गंगाधर 'गंध' हैदराबाद

रिश्ते तब ही तक टिकते,
जब बखूभी निभाये जाते,
अपनापन दिल से जताते,
हठ धर्मिता कतई न करते,
रिश्ते वो रिश्ते अच्छे होते,
जो सूझबूझ से समझपाते,
समझौतों से ही सुदृढ़ भाते,
दरारें पड़ने पर ना टूटने देतें,
भूल-चूक सुधार कर संवारते
रिश्ते जो बड़ी इमारत सी होते,
दरारें होने दिवारें नहीं गिराते,
मरम्मत कर सुरक्षित करलेते।

## हकीकत ए हाल



गीता अग्रवाल हैदराबाद

हकीकत ए हाल दिल का क्या बताए।
पल पल दिल ने धोखे ही खाए।।
भोला बनके लूटा सदा जमाने ने,
समझौता कर तोड़ा भी दीवाने ने,
कुछ कहने से पहले ही किया बंद मुँह,
कमाई दौलत गैरों के खजाने से,
उनके साथ कभी चल नहीं पाए ।
हकीकत ए हाल दिल का क्या बताए।
पल पल दिल ने धोखे ही खाए।।
मोहब्बत को भी कर रहे वो बदनाम,
पाकीज़ा मोहब्बत में लग गए इल्जाम,
तन से तन का रिश्ता बन रहा खास
दिल रिश्ते पी रहे विष का जाम,
मोहब्बत का अपना अंजाम कैसे बताए।
हकीकत ए हाल दिल का क्या बताए।
पल पल दिल ने धोखे ही खाए।।
आनंदित पल भी कुछ बीते जीवन में,
कुछ दिन खिले फूल दिल के चमन में,
जो मिला सोचते वह क्या काम था
याद करते वही पल जख्मों के गगन में,
आँखों की नमी को तभी पौंछ पाए।
हकीकत ए हाल दिल का क्या बताए।
पल पल दिल ने हमारे धोखे ही खाए।।

## तो बात अलग थी...



डॉ डी डी देसाई

कामाचोरी की लत लगी है संपन्न युवाओं को
जन्म से ही अपाहिज...मजबूर होते...
तो बात अलग थी......।
गहराई गई हैं आँखें बेवफा के इंतजार में,
किसी वफादार का करते इंतजार..
तो बात अलग थी......।
न कदर माँ बाप के प्यार की न आशीर्वाद की,
कूड़े कचरे में फेंके गए होते जन्मतः...
तो बात अलग थी......।
राई रखने की जगह नहीं वृद्धाश्रम में,
मकान...महलों...के खंडहर हुए होते......
तो बात अलग थी....।
घर की इज्जत बेटियों के हाथ में होती हैं।
पिता की प्रॉपर्टी भी होती बेटियों के हाथ
तो बात अलग थी...।
प्रताड़ित हो रही बहु एक सास के हाथों,
वह भी कभी किसीकी बहु बनी न होती...
तो बात अलग थी......।
कोख में ही दबा दी नस अजन्मे भ्रूण की,
खुद जन्मे न होते किसी की कोख से...
तो बात अलग थी......।

## बसंत



रेणुका अग्रवाल हैदराबाद

आया है देखो बसन्त आया।
खुशी संग सुगन्ध लाया।
मौसमों का न होगा अंत ,
फिर खुश रंग बसन्त आया।

धरती हरी रंग बिरंगी हो गई। हवा मोहक सारंगी हो गई।
चमन में कलियां इठला रही,भंवरों के मन मस्ती हो गई।
कचनार खिले पेड़ों पर। कनेर आया रंगों को लेकर।
रात रानी एहसास कराती, हरसिंगार छेड़ कर जाती।
ये मदहोश मौसम,होश भुला दे।
सजनी साजन को संग करा दे।
प्रेम प्रीत की पुरवाई है चलती,
कान्हा सबको प्रेम सिखा दे।
मस्त हुआ मन प्रेम के सायों में।
आई मुस्कान, सोच इरादों में।
मीठी मीठी यादें है बुला रही,आओ सजनी मेरी बाहों में।
कुछ मीठी खट्टी यादें लेकर। खट्टी खट्टी बातें भुलाकर।
स्वागत करें बसंत का हम,ताजे पुष्प ईश के चरणों में देकर।
ये मौसम ही प्रेम की याद दिलाए।
बसन्त सबके मन को भरमाए।
जो दूर है उनको एक संग कर दे।
प्रेमी संग ये महीना खास कराए।
अपना बसंत पूरा साल चले है।
अपने प्रेम में सब मस्त भले है।
प्रेम जीवन सार सिखाता,पानी संग कमल खिले है।
कांटे संग गुलाब को देखो। चढ़ता यौवन शबाब भी देखो।
नज़र से नजर मिली है तब तो, चेहरे पे आया हिजाब भी देखो।
कोर कोर आंखे सुर्ख हुई है। गोरी खुद में ही सिमटी हुई है।
प्रीत डंका बजता है दिल में, ये दिल की प्रीत सजी है।
प्रेम कई रंगों में ढलता। मूक आंखों में ही पलता।
जिसे समझना वो ही समझे, नासमझ तो हाथ ही मलता।

## किरायेदार हैं सब यहां...



दर्शन सिंह हैदराबाद

दानपेटी में कुछ सिक्के क्या डाल दिए
राहत की सांस ली, प्रभु वश में किए
वींगा वींगा चलता, समझता स्वर्ग का हकदार
हुई संध्या, अर्थी पर अकेला, पस्त पैरोबकार
करें चिंतन, अन्यथा खरपतवार बहौत है
किरायेदार हैं सब यहां
लेकिन फिर भी किरदार में अकड़ बहौत है
हुई भुजाएं क्या सबल,रहबर समझ बैठता है
यहां वहां हलचल भर देता है
समझता या समझाता, हूं जहांपनाह
सारी धरा पर सिर्फ़ मेरी पैनी निगाह
हुई भोर, शांत हो गया
मझधार में समा गया
विस्मृत, जो उपजे सो वीनस हैं
समय रहते तीसरा नेत्र खुला तो ठीक
अन्यथा आंधी, तूफान बहौत हैं
किरायेदार हैं सब यहां...
हितोपदेश धर्मस्थली चौखट पर छोड़ आता है
तामझाम, चकाचौंध.. में बह जाता है
सात पीढियां, सिर खुजलाने की फुर्सत नहीं है
चाहिए सिक्कों से भरी थैलियां,
बेबुनियाद विचारों की जरूरत नहीं है
सफ़र में ही था ,घंटी बज उठती है
दहला से बना नहला, बवंडर के झोंके बहौत हैं
किरायेदार हैं सब यहां...

## वसंत! तुम क्या हो



डॉ टी महादेव राव

सिमटती कंपकंपाती
सहमती सी अनुभूति हो
या सिहरन पैदा करती
तन मन को लहराती कोई खुशी हो
या दुख पर सुख का पहरा हो
कहो वसंत तुम क्या हो?
प्रथम मिलन पर कांपते अधर
अस्थिर से डगमग पांव
तीव्र धड़कनों से सिक्त
मानव हृदय का गांव
विरह में व्याकुल वियोग गीत गाती
प्रिय की प्रतीक्षा सागर में
गोते लगाती
प्रेयसी काया हो
कहो वसंत तुम क्या हो?
अंकुरित नव नव सी सृष्टि
या सृष्टि पर पड़ती प्रेममयी दृष्टि
नवोल्लास नव निर्माण हो
या जीवन की नई परिभाषा हो
कहो वसंत तुम क्या हो?
हो नव उमंग नव तरंग
या नवलता युक्त हर अंग
जीवन की रिक्तता को भरता नवरंग
या हो प्राकृतिक नया ढंग
उदास मन में तैरती आशा हो
कहो बसंत तुम क्या हो?

## मुखौटे



हेमंत सुराना, उदयपुर

कभी खास बनकर,
कभी सहायक बनाकर
झूठी शान के मुखौटे लगाकर,
चल रहे हैं लोग
सच को छुपाते मुखौटे,
खुद की पहचान से डरते
भिन्न-भिन्न किरदार निभाते,
चेहरे पर चढ़े हैं मुखौटे
कभी किसी के प्रभाव में,
कभी किसी के अभाव में
अच्छे बोल के दिखावे करते,
दोस्त से दुश्मन बन जाते
मीठा बोलकर सभी को लुटते,
जहर में डूबे किरदार निभाते
कौन है अपना, कौन पराया,
इस पहेली को सुलझा ना पाया
कैसे ढूंढे, कैसे ढूंढे,
रोज नये मुखौटे गढ़ जाते
भ्रम के मुखौटे को,
चेहरे से हटाओ
सच्चाई के चेहरे को,
दुनिया को दिखाओ ।

## सरहदों का दर्द



डॉ शोभा भंडारी हैदराबाद

एक सरहद दूजी से बोली,
तू मेरी सखी, मैं तेरी सहेली,
दोनों धरती मां की गोद पली,
साथ जगी और साथ ही सोती,
सूरज की गर्मी से ऊर्जा लेती,
और चांद की शीतलता में हंसी खिली।
हरी मखमली घास पर इठलाती,
फूल पत्तियों संग लहराती।
हवा के झोंकों से फली फूली,
प्रेम प्रीत बंधन में बंधी।
फिर भी इंसा हमें बेड़ियों में जकड़े,
कंटीले तारों की मुंडेर तले,
जार जार कर टुकड़ों में बांटे,
दिल के तारों को काटे छांटें।
क्यूं बन गई हम एक पहेली?
क्यूं रह गई वीरान अकेली?
इंसानी सोच और फितरत ने,
बांटा धरती को टुकड़ों में,
घायल और लहू लुहान हो जाती, सरहदें,
जब धरती मां का जांबाज कोई,
अपने प्राणों की देकर आहुति,
वीरगति को पा जाता,
दे जाता अमन संदेश कोई!
हम साझा करें दर्द सरहद का,
सम्मान करें हर सरहद का,
लालच- लोलुपता कम करके,
सत्कार करें हर सरहद का।।।

## गीतिका



-बलविंदर सिंह, गुरदासपुर

जैसे फूलों वाली क्यारी।
हिन्दू नारी सबसे न्यारी।
सृष्टि सृजन सरस्वती है,
वैष्णवी रौद्री माहेश्वरी है।
प्राण प्रिय और दर्शनकारी।
हिन्दू नारी सबसे न्यारी।
समस्त शक्ति का विकास इसी से।
सर्व मंगला विश्वास इसी से।
पीठा धिष्ठात्री है प्यारी।
हिन्दू नारी सबसे न्यारी।
नार सिंह प्रकृति की शक्ति।
पदमा दुर्गा की यह भक्ति।
पूजा अर्चन ज्योति आभारी।
हिन्दू नारी सबसे न्यारी।
पीढ़ी दर पीढ़ी त्योति जगाए।
दुनियां की रहबर कहलाए।
इस से रौशन सृष्टि सारी।
हिन्दू नारी सबसे न्यारी।
इससे सृष्टि में नाद उत्पन्न।
दरिया धरती सूर्य उपवन,
बालम दुर्गा कल्याण कारी।
हिन्दू नारी सब से न्यारी।

## कौन सुने फरियाद...?



संजय एम. तराणेकर, इंदौर

तुझे सताती होगी मेरी याद,
जालिम कौन सुने फरियाद।
नहीं मेरा प्यार कोई उन्माद,
दिल से तुझे करता हूँ याद।
घरवाले कहते है छोड़ नाद,
मुझे तू हर हाल में दे साथ।
तुझे सताती होगी मेरी याद,
जालिम कौन सुने फरियाद।
मैं यहाँ तू वहाँ है नजरबंद,
तेरा-मेरा जन्मों का अनुबंध।
इस रिश्ते में स्नेहिल है गंध,
कोई आकर खोल दे ये बंध।
तुझे सताती होगी मेरी याद,
जालिम कौन सुने फरियाद।
जीवन में ना हो ऐसे हालात,
कोई तो समझे मेरे जज्बात।
जब भी पूछे तुझसे सवालात,
कहो होगी हमारी मुलाकात।

## नहीं हाथ परिणाम



सत्यवान सौरभ

हर घर में कैसी लगी,
ये मतलब की आग।
अपनों को ही डस रहे,
बने विभीषण नाग।।
सत्य धर्म की जंग में,
जीत गए थे राम।
मगर विभीषण तो रहे,
सदियों तक बदनाम।।
राम-राम में मैं रमू, बनूँ राम का भक्त।
चरणों में श्रीराम के, रहूँ सदा अनुरक्त।।
जिनका पानी मर गया, शर्म गयी पाताल।
वो औरों को दोष दें, छीटें रहे उछाल।।
हो जाए यूँ हर सुबह, नवमी का त्योहार।
दिखे सभी को बेटियाँ, देवी का अवतार।।
स्वार्थ से सम्बंध जुड़े, देते कब बलिदान।
वक़्त पड़े पर टूटना, उनकी है पहचान।।
फल की चिंता मत करो, देना उसका काम।
कर्म हमारा धर्म है, नहीं हाथ परिणाम।।

## छात्र और फूल



ओमकार सर्डिवाल, हैदराबाद

परीक्षा की धुन में,
मैं अपनी तैयारी में,
मुंडेर पर बैठा,
किताबों में पड़ता...
पास में एक फूल का पेड़,
न जाने कब से,
निहारता मुझको,
निर्निमेष मुझको वह पड़ता...
हवा के झोंके से,
कभी वह मुस्कुराता,
कभी नीशब्द ठहर जाता,
मेरा ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर जाता...
छोड़ा मैंने साथ,
ढेर किताबों का मुंडेर पर,
फूल को छूता और देखता,
अपनी थकान को दूर भागता...
मुझे लगता,
फूल कुछ सहम जाता,
कहीं उसका अंत समय,
क्या मेरे हाथ में बसता...
फूल मुझे कुछ दूरी बढ़ता,
मैं छूता,
वह दो कदम पीछे हट जाता,
क्या मेरा अतर्क उसे भयावह करता...
धुन अजीब सवार थी,
मेरे हाथों में उसके प्राण थे,
न जाने क्या आसान हुआ,
मैंने उसके विधाता से उसे दूर कर दिया...
भय उसका अनायास ना था,
मेरी मानसिकता का क्या भरोसा था,
एक चुटकी में उसे मल दिया,
फिर भी वहां खुशबू अपनी छोड़ गया...
मैं लौटा अपनी किताबों की ओर,
देखा मैं पौधे की ओर,
सन-सा मुझे वह निहारता,
आभास मुझे कुछ गलत होने का करता...
मैं क्षमा याचना क्या करता,
जिसे कहूं वह तो ना था,
मैं अपने लक्ष्य से दूर होता गया,
अंत में स्वयं उस स्थान को छोड़ गया...

## मत कर तू अभिमान



गजानन पाण्डेय

क्या तेरा है ?
क्या मेरा है ?
दुनिया रैन - बसेरा है ।
कुछ न साथ जाता है
फिर कैसा पछतावा है ?
फिर कैसी शान ?
किस बात का अभिमान !
तू उसे याद रख
यही है सच्ची बात ।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकार

## मोदी के तीसरे टर्म में 8 राज्यों में चुनाव हुए, एनडीए 6 में जीती

## राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद वापसी



दिल्ली विधानसभा चुनाव का रिजल्ट साफ हो गया है। भाजपा 27 साल बाद दिल्ली को फतह करने में कामयाब हुई है। फिलहाल 70 सीटों में से भाजपा 48 और आप 22 सीटों पर काबिज हो चुकी है। भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर चुनाव में उतरी थी। उसकी रणनीति काम कर गई और आप के दिग्गज नेताओं की ऐसी धुलाई की है कि उनसे कराहते तक नहीं बन रहा है। 2024 लोकसभा चुनाव में बतौर प्रधानमंत्री मोदी रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। उनके नेतृत्व में भाजपा ने इस साल 8 राज्यों- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव लड़ा। इसमें 5 राज्यों- आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा, हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार बनी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और एसकेएम के बीच गठबंधन टूट गया, हालांकि, केंद्र में दोनों साथ हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार है। 2025 यानी इस साल अभी दिल्ली के चुनाव हुए हैं। यहां भाजपा की जीत के बाद 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकार हो गई है।

देश के सबसे ज्यादा राज्यों में सरकार बनाने का रिकॉर्ड 2018 में बीजेपी गठबंधन के पास था। मार्च 2018 में त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में सरकार बनाकर एनडीए 21 राज्यों में पहुंच गई थी। इसी के साथ एनडीए ने इंदिरा के शासनकाल में कांग्रेस के रिकॉर्ड की बराबरी की। आजाद भारत में जब राज्यों के चुनाव हुए तो केंद्र के साथ-साथ 21 राज्यों में कांग्रेस पार्टी का शासन था।

भाजपा गठबंधन अगर हिमाचल प्रदेश और झारखंड में चुनाव जीत जाती तो रिकॉर्ड 21 राज्यों में उसकी सरकार होती। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड होता। 2024 में झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में जेएमएम गठबंधन को 56 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा 21 सीटों पर सिमट गई। वहीं 2022 में हिमाचल प्रदेश में 68 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस ने 40 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी।

उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं। वे 2017 में पहली बार और 2022 में दूसरी बार यूपी के सीएम बने थे। तब भाजपा ने 403 सीटों में से 222 पर जीत दर्ज की थी। यूपी में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा।

**उत्तराखंड:** उत्तराखंड में बीजेपी सरकार है। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में 70 सीटों में से भाजपा को 47 सीटों पर जीत मिली थी। पुष्कर सिंह धामी मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। राज्य में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा।

**हरियाणा:** 2024 लोकसभा चुनाव के साथ हरियाणा में विधानसभा चुनाव हुए थे। 90 सीटों में से भाजपा ने 48 सीटों पर दर्ज की थी। हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार है। 2024 में जीत से पहले भाजपा यहां 2014 और 2019 का चुनाव लगातार जीती। नायब सिंह सैनी हरियाणा के 19वें मुख्यमंत्री हैं।

**बिहार:** 243 सीटों वाले बिहार में एनडीए सरकार है। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। वह लगातार 2015 से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। हालांकि नीतीश पहले इंडिया गठबंधन के साथ थे। बाद में वह एनडीए के साथ आ गए।

**ओडिशा:** 2024 में ओडिशा की 147 विधानसभा सीटों पर चुनाव हुए थे। भाजपा ने 78 सीटों पर जीत दर्ज की। ओडिशा के वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी हैं जिन्होंने 12 जून 2024 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

महाराष्ट्र में शिंदे की शिवसेना के साथ बीजेपी सरकार है। गुजरात में बीजेपी की पूर्ण बहुमत सरकार है और राजस्थान में भी भाजपा सरकार है। इन तीनों प्रदेशों के 710 विधायकों में से 429 बीजेपी के हैं, यानी 60%।

**राजस्थान:** राजस्थान में 2023 में विधानसभा चुनाव हुए थे। भाजपा ने 200 सीटों में से 115 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भजनलाल शर्मा राजस्थान के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। इन्होंने 15 दिसंबर 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। आजादी के बाद से अबतक भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान में छह बार मुख्यमंत्री रहे हैं।

**गुजरात:** गुजरात में पिछला विधानसभा चुनाव 2022 में हुआ था। 182 सीटों में से 156 पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। भूपेंद्र पटेल मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। 1998 से गुजरात में लगातार बीजेपी की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद यहां लगातार तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र में एनडीए सरकार है। 2024 में 288 सीटों पर हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को 132 सीटों पर जीत मिली थी। एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना को 57 सीटें मिलीं थीं। देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री हैं। शिंदे और अजित पवार को डिप्टी सीएम बनाया गया है।

**गोवा:** 40 विधानसभा सीटों वाले गोवा में प्रमोद सावंत एनडीए के मुख्यमंत्री हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 26 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा के पास यहां एक-एक लोकसभा और राज्यसभा की सीटें हैं। प्रमोद सांवत लगातार दूसरी बार गोवा के मुख्यमंत्री बने हैं।

**मध्य प्रदेश:** मोहन यादव मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 13 दिसंबर 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2023 विधानसभा चुनाव में भाजपा को 230 में से 163 सीटों पर जीत मिली थी।

**छत्तीसगढ़:** छत्तीसगढ़ के मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हैं। उन्होंने 13 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 90 विधानसभा सीटों में 54 सीटों पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस सिर्फ 35 सीट ही जीत पाई थी।

दक्षिण भारत में सिर्फ आंध्र प्रदेश में भाजपा गठबंधन सरकार है। वहीं तमिलनाडु में स्टालिन सरकार है। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस सरकार है। वहीं केरल में सीपीआई(एम) की सरकार है।

**आंध्र प्रदेश:** आंध्र प्रदेश में एनडीए की सरकार है। चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 12 जून 2024 को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। पिछले विधानसभा चुनाव में 175 सीटों पर टीडीपी ने 135 में जीत दर्ज की थी।

**पूर्वोत्तर राज्यों में बीजेपी+ सरकार**

असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और त्रिपुरा में भाजपा की सरकार है। वहीं मेघालय, सिक्किम (राज्य में अलग और केंद्र में गठबंधन) और नगालैंड में एनडीए गठबंधन की सरकारें हैं।

**अब अगली परीक्षा बिहार में**

बिहार विधानसभा का कार्यकाल नवंबर 2025 तक है। उससे पहले वहां चुनाव होंगे। विधानसभा की 243 सीटों में आरजेडी के 79, बीजेपी के 78, जेडीयू के 45, कांग्रेस के 19, माले के 12, हम पार्टी के 4, सीपीआई के 2, सीपीएम के दो, एआईएमआईएम के एक और दो निर्दलीय विधायक हैं।

फ्लोर टेस्ट के समय कई विधायक इधर से उधर हुए हैं, लेकिन अभी तक सिर्फ जदयू की बीमा भारती की ही सदस्यता गई है। वह पूर्णिया से राजद के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने गई थीं, लेकिन निर्दलीय पप्पू यादव से हार गई हैं। इस लिहाज से जदयू विधायकों की संख्या 44 हो गई है। कांग्रेस के 2 विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरव भाजपा खेमे में चले गए। राजद के 5 में से 2 विधायक भाजपा में और 3 जदयू खेमे में गए हैं। 2024 में बिहार की 40 लोकसभा सीटों में एनडीए के खाते में 30 सीट आईं। वहीं इंडिया गठबंधन 9 सीटों पर जीती। 14 साल बाद निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पप्पू यादव ने पूर्णिया से जीत दर्ज की। 35 साल बाद बिहार में भाकपा माले का खाता खुला। पिछले चुनाव की तुलना में कांग्रेस को 2 सीटों का फायदा हुआ था। वहीं राजद ने वापसी करते हुए 4 सीटों पर जीत दर्ज की। एनडीए को 2019 के चुनाव की तुलना में 9 सीटों का नुकसान हुआ।

# आप जहां पैदा हुई, वो गढ़ भी हारी; पार्टी में भगदड़ मचेगी

## केजरीवाल की लीडरशिप को चुनौती, क्या फिर जेल जाएंगे




आम आदमी पार्टी का जहां जन्म हुआ, जहां लगातार 2 विधानसभा चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज की, वो 'दिल्ली का किला' आज ढह गया । ताजा नतीजों के मुताबिक दिल्ली में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय हो गया है। दिल्ली हारने से अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पर क्या असर पड़ेगा; इसे लेकर कयासबाजी का दौर शुरू हो गया है।

**बिखर जाएगी आम आदमी पार्टी**

आम आदमी पार्टी का जन्म दिल्ली से हुआ। उसका हेडक्वार्टर भी दिल्ली में है। केजरीवाल ने 2013 में 28 सीटों के साथ दिल्ली की राजनीति शुरू की थी। इसके बाद 2015 में आप ने 70 में से 67 सीटें जीतीं और 2020 में सीटों की संख्या 62 रही। आप एक आंदोलन से निकली हुई पार्टी है। अब दिल्ली में डैमेज होने से पार्टी बिखर जाएगी। इससे जुड़े लोग पेशेवर पॉलिटिशियन नहीं हैं। सत्ता से बाहर हो जाने पर एक बड़ा वर्ग इस पार्टी को छोड़ जाएगा। हाल ही में 10 मौजूदा विधायकों ने आप छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की है। ऐसे में जो लोग दूसरी पार्टियों से आए थे वो भी अपनी मूल पार्टी में लौट सकते हैं। दो या तीन धड़े भी पार्टी में बन सकते हैं।

2022 में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली मॉडल का प्रचार करके पंजाब का विधानसभा चुनाव जीता था। वहीं गुजरात में कई जगह पर नंबर दो पार्टी के रूप पहचान बनाई थी। दिल्ली में आप हारी तो दो साल बाद पंजाब और गुजरात में होने वाले चुनाव में भी पार्टी को नुकसान हो सकता है।

अन्ना आंदोलन से लेकर आम आदमी पार्टी बनने तक अरविंद केजरीवाल केंद्र में रहे हैं। पार्टी में उनकी ही चली है। जिस किसी ने केजरीवाल का विरोध किया या चुनौती दी, उसे पार्टी से बाहर होना पड़ा है। चाहे वो योगेंद्र यादव हों, प्रशांत भूषण हों या कुमार विश्वास। इस चुनाव में हार का ठीकरा केजरीवाल के सिर ही फूटेगा।

शराब घोटाले में जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को इस्तीफा देते हुए कहा था कि मैं सीएम की कुर्सी पर तब तक नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना निर्णय न सुना दे। अगर मैं बेईमान हूं तो मुझे वोट मत देना। केजरीवाल के हारने से ये साबित हो गया कि जनता ने उन्हें बेईमान मानकर खारिज कर दिया। केजरीवाल का राजनीतिक भविष्य खतरे में आ गया है। अब पार्टी में दबे जुबान से उनके खिलाफ बोलने वाले नेता खुलकर बोलेंगे। बीजेपी, कांग्रेस, समाजवादी या कम्युनिस्ट पार्टी की तरह आम आदमी पार्टी की कोई एक विचारधारा नहीं है। उसका गठन सत्ता के लिए हुआ था। पार्टी को एकजुट रहने के लिए सत्ता में रहना जरूरी है।

आप जिस तरह की राजनीति करती है, उससे बीजेपी असहज महसूस करती है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए बीजेपी ने पूरा जोर लगा दिया। चाहे उसके नेताओं को जेल भेजना हो या पार्टी में भगदड़ मचा देना।

13 सितंबर 2024 को तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा था, 'बीजेपी को लगा कि मुझे जेल में डालकर मेरा हौंसला तोड़ देंगे। आज मैं जेल से बाहर आ गया हूं और मेरे हौसले 100 गुना ज्यादा बढ़ गए हैं। जेल की सलाखें केजरीवाल के हौंसले को कम नहीं कर सकतीं।' लेकिन चुनावी नतीजों ने बाजी पलट दी। दिल्ली में बीजेपी की जीत केजरीवाल के लिए किसी झटके से कम नहीं। मोदी बनाम केजरीवाल का नैरेटिव लगभग टूट चुका है। बीजेपी ने केजरीवाल तो दोबारा जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी।

7 जनवरी को दिल्ली एलजी वीके सक्सेना ने केजरीवाल के घर पर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को भेज दिया। एसीबी की टीम केजरीवाल, सांसद संजय सिंह और मुकेश अहलावत के घर जांच के लिए पहुंची। करीब डेढ़ घंटे तक केजरीवाल के घर में जांच की, लीगल नोटिस दिया और रवाना हो गई।

शराब नीति घोटाले में जो केस हुए हैं, वो चलते रहेंगे। 31 जनवरी को दिल्ली के द्वारका में मोदी ने कहा था कि कि चुनाव के बाद आप के भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार होगा। अगर ऐसा होता है तो केंद्रीय जांच एजेंसियां आप नेताओं की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं, क्योंकि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन सहित कई नेता घोटाले के आरोपी हैं।

# डंकी रूट से क्यों जाते हैं अमेरिका?

## महीनों जंगल, नदी, रेगिस्तान में चलते हैं, गोली और भूख से मरने का डर

5 फरवरी को हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़े 104 भारतीयों को अमेरिका का मिलिट्री विमान अमृतसर छोड़ गया। इनमें से ज्यादातर लोग महीनों तक घने जंगल, बर्फीली नदी और तपते रेगिस्तान का मुश्किल सफर तय करके अवैध तरीके से अमेरिका पहुंचे थे। हर साल हजारों भारतीय लाखों रुपए खर्च कर अमेरिका जाने के लिए ये अवैध तरीका अपनाते हैं। पॉपुलर टर्म में इसे 'डंकी रूट' कहा जाता है। सवाल है कि आखिर इतनी मुसीबतें सहकर अमेरिका क्यों जाते हैं भारतीय...?

'डंकी रूट' शब्द पंजाबी शब्द 'डंकी' यानी DUNKI से निकला है, जिसका मतलब है- एक जगह से दूसरी जगह जाना। भारत से अमेरिका की दूरी करीब 13,500 किलोमीटर है। हवाई रास्ते से अमेरिका जाने में 17 से 20 घंटे लगते हैं। हालांकि 'डंकी रूट' से यही दूरी 15,000 किलोमीटर तक हो जाती है और इस सफर में महीनों लग जाते हैं। ये सफर करने वालों को आम तौर पर 'डंकी' कह दिया जाता है। डंकी रूट से अमेरिका जाने के 2 रास्ते हैं...। सबसे पहले डंकी को कनाडा के लिए टूरिस्ट वीजा अप्लाय करना होता है, जिससे भारत से कनाडा तक आसानी से पहुंचा जा सके। कनाडा के टोरंटो पहुंचने पर डंकी को एजेंट के कॉल के इंतजार में कई दिनों तक होटल में रुकना पड़ता है। एजेंट डंकी को टोरंटो से 2,100 किलोमीटर दूर मनितोबा प्रॉविंस तक लेकर जाता है। मनितोबा में सर्दी इतनी ज्यादा होती है कि आंखों से निकले आंसू पलकों पर ही जम जाते हैं।

डंकी को मनितोबा से 1,834 किमी दूर एमरसन गांव पहुंचाया जाता है। यह गांव कनाडा और अमेरिका बॉर्डर पर है। यहां से डंकी -40 डिग्री की जानलेवा सर्दी में पैदल चलकर अमेरिका पहुंचते हैं। इस रास्ते में घुटनों तक बर्फ जमी होती है और दूर-दूर तक कोई इंसान नजर नहीं आता। डंकी 49वें पैरलल बॉर्डर पर पहुंचते हैं।

18 जनवरी 2022 को गुजरात के एक परिवार ने कनाडा होते हुए डंकी रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश की थी। इसमें 39 साल के जगदीश पटेल, 37 साल की उनकी पत्नी वैशाली, 11 वर्षीय बेटी विहांगी और 3 साल का बेटा धार्मिक था, लेकिन अमेरिका पहुंचने से पहले ही पूरे परिवार की सर्दी से मौत हो गई। अमेरिकी बॉर्डर से सिर्फ 12 मीटर दूर पुलिस को चारों लोगों के शव मिले।

**दूसरा रास्ता: घने जंगलों और रेगिस्तान पार कर अमेरिका पहुंचना**

भारत में डंकी रूट का सबसे आम रास्ता रास्ता साउथ अमेरिका होते हुए अमेरिका पहुंचाता है, लेकिन इस रास्ते में घने जंगल, पहाड़, नदियां और रेगिस्तान पार करना होता है। इसके तीन पड़ाव हैं...। 5 फरवरी 2025 को भारत वापस आए अवैध अप्रवासी हरजिंदर सिंह ने बताया कि 2020 में उनके ग्रुप ने 10 दिनों में पनामा के जंगल को पार किया था। 5 दिनों तक उन्हें खाने-पीने के लिए कुछ भी नहीं मिला। इस दौरान उन्हें रास्ते में करीब 40 शव मिले, जिनमें ज्यादातर कंकाल बन चुके थे।

पनामा से नहीं जाने पर कोलंबिया नदी पार करते हैं डंकी अगर कोई डंकी पनामा जंगल से नहीं जाना चाहता तो उसे कोलंबिया से 150 किलोमीटर लंबी नदी पार करनी होती है। यहां से डंकी सेंट्रल अमेरिका के देश निकारागुआ के लिए नाव लेते हैं। नाव से सफर करने के बाद दूसरी नाव में ट्रांसफर होते हैं, जो मेक्सिको के लिए जाती है। इस नदी में बॉर्डर पुलिस पैट्रोलिंग तो करती ही है, नदी में खतरनाक जानवर भी जान लेने के लिए तैयार रहते हैं। इसके बाद डंकी ग्वाटेमाला पहुंचता है। ह्यूमन ट्रैफिकिंग यानी मानव तस्करी के लिए ग्वाटेमाला एक बड़ा कोऑर्डिनेशन सेंटर है। अमेरिकी बॉर्डर की ओर बढ़ते हुए यहां डंकी को दूसरे एजेंट को हैंडओवर किया जाता है। 2023 की बात है। पंजाब के गुरदासपुर का एक युवक गुरपाल सिंह (26) डंकी रूट से मेक्सिको तक पहुंच गया था, लेकिन उसे मेक्सिको में पुलिस ने देख लिया और रुकने के लिए कहा। जल्दबाजी में उसने एक बस पकड़ी और इस दौरान अपनी बहन को पंजाब फोन किया कि पुलिस ने उसे देख लिया है। इसी दौरान उस बस का एक्सीडेंट हो गया। स्पॉट पर ही उसकी मौत हो गई, लेकिन ये खबर मिलने में परिवार वालों को एक हफ्ता लग गया। उसकी लाश को गुरदासपुर के सांसद सनी देओल की मदद से भारत लाया गया।

भारतीय लोग बेहतर अवसर के लिए भारत से बाहर जाने का इरादा करते हैं, लेकिन कई लोग एजुकेशन की कमी या किसी अन्य वजह से लीगल तरीके से नहीं जा पाते। दरअसल, भारतीय लोगों को अमीर बनने का झूठा सपना दिखाया जाता है कि अमेरिका जाकर वह कामयाब हो जाएंगे। अमेरिका में घुसने के बाद डंकी जानबूझकर अपने आप को वहां की पुलिस के हवाले कर देता है। इसके बाद उसे जेल में डाला जाता है, जिसे 'इमिग्रेशन कैम्प' कहा जाता है। डंकी को जेल से छुड़ाने के लिए वकील हायर किया जाता है। इसका खर्च एजेंट या डंकी का कोई रिश्तेदार उठाता है। वकील अपनी दलीलों से कोर्ट को भरोसा दिलाता है कि डंकी को अमेरिका में रहने दिया जाए। इसके बाद डंकी को जेल से रिहा किया जाता है।

डंकी अमेरिका पर बोझ न बने, इसलिए उसे कमाने और खाने की अनुमति दी जाती है। ये अनुमति बढ़ती रहती है। 8-10 साल में ग्रीन कार्ड मिल जाता है यानी डंकी अब यूएस में परमानेंट रह सकता है और उसे काम करने का अधिकार है। इसके 10-15 साल बाद उसे अमेरिका की नागरिकता भी मिल जाती है।

जिस तरह से भारत में अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए हर 5 से 7 साल के बीच स्कीम निकाली जाती है। ठीक वैसे ही अमेरिका में अवैध लोगों को नागरिकता देने के लिए स्कीम निकाली जाती है। इसमें कुछ फीस भरने के बाद डंकी अमेरिका का नागरिक बन जाता है।

भारतीय लोग डंकी रूट से जान जोखिम में डालकर अमेरिका पहुंच तो जाते हैं, लेकिन सालों तक डिटेंशन सेंटर में इंतजार के बाद कोर्ट में सुनवाई होती है। केस जीत भी गए तो 105 दिनों के लिए बर्तन धोने और झाड़ू लगाने जैसे काम करने होते हैं, ताकि वह गुजारा कर सकें। अमेरिका जाकर अमीर हो जाना इतना आसान नहीं है। 8-10 साल बाद भी ग्रीन कार्ड मिलने के चांस ज्यादा नहीं होते। ऐसे में डंकियों को वापस भारत भेज दिया जाता है या फिर सारी जिंदगी जेल में गुजारनी पड़ती है।

# आईटी दांव से जीत गई बीजेपी

दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 के नतीजों के रुझान में बीजेपी बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। माना जा रहा है कि बीजेपी की इस बढ़त के पीछे एक बड़ी वजह बजट में इस बार मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देना था। इस बार मध्यम वर्ग को मोदी सरकार ने 12 लाख तक की सालाना कमाई को टैक्स फ्री करने से भी बड़ी संख्या में बीजेपी के पक्ष में वोट देने लोग सामने आए। इसने दिल्ली में रह रहे मध्यम वर्ग को ज्यादा से ज्यादा वोटिंग के लिए प्रोत्साहित किया। खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने शाम 7 बजे तक बीजेपी दफ्तर जाने की बात कही है, जिससे अंतिम रूप से भी बीजेपी की जीत तय मानी जा रही है। जानते हैं-कैसे बीजेपी को मध्यम वर्ग ने दिल्ली की सत्ता सौंपने का मन बना लिया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली चुनाव से चार दिन पहले ही यानी 1 फरवरी को बजट, 2025 में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब 12 लाख की सालाना कमाई पर कोई भी टैक्स देने की आवश्यकता नहीं है। यह बदलाव न्यू टैक्स व्यवस्था के तहत की गई है। इससे पहले 7 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना था। स्टैंडर्ड डिडक्शन को 75000 रुपये ही रखा गया है। इस हिसाब से नया टैक्स रिजीम चुनने वालों के लिए 12.75 लाख तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। इससे मध्यम वर्ग की सोच को संजीवनी मिली और वह बीजेपी के पक्ष में लामबंद हो गई।

बजट में टीडीएस और टीसीएस घटाने का भी ऐलान किया, जिससे आम आदमी के हाथ में ज्यादा पैसे रहेंगे। सैलरी पर कटने वाले टीडीएस को कम किया जाएगा। इसके तहत अब 1 लाख का स्टैंडर्ड डिडक्शन किया गया है। इसके अलावा, इनकम टैक्स रिटर्न को अब 4 साल तक भरने का विकल्प भी दिया गया है। इस वजह से भी मध्यम वर्ग के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट देने निकले। पहले के चुनावों में यह माना जाता रहा था कि मध्यम वर्ग वोट देने ही नहीं जाता है।दिल्ली का पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में दिल्ली का माहौल काफी तनावपूर्ण था। शाहीन बाग से लेकर जाफराबाद मेट्रो स्टेशन तक सड़कों पर मुसलमान समुदाय के लोगों की भीड़ सीएए-एनआरसी कानूनों को लेकर केंद्र सरकार के विरोध में धरना दे रही थी। कुछ नेताओं के आपत्तिजनक बयानों ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया था।

# अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकेगी रेपो रेट में कटौती !

**सुनील कुमार महला**

हाल ही में आरबीआई(भारतीय रिजर्व बैंक) ने लोन(कर्ज) लेने वाले लोगों को एक बड़ी राहत दी है। यह ऐसे लोगों के लिए एक सौगात साबित होगी जिन्होंने बैंकों से कर्ज ले रखा है। पाठकों को जानकारी देता चलूं कि आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी ने रेपो रेट में एक चौथाई फीसदी की कटौती करने का फैसला लिया है। वास्तव में,

रेपो दर में कटौती(ब्याज दरों में कटौती) से अर्थव्यवस्था, निवेश और उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलेगा।अब आरबीआई का रेपो रेट 6.50 फीसदी से घटकर 6.25 फीसदी हो जाएगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि केंद्रीय बैंक के इस फैसले के बाद बैंकों के लिए विभिन्न लोन जैसे कि होमलोन, कारलोन, एजुकेशन लोन, कॉरपोरेट लोन से लेकर पर्सनल लोन के ब्याज दरों में कटौती करने का रास्ता साफ हो गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जब मई 2020 में कोरोना महामारी के चलते देश में लॉकडाउन लगा था, उस समय आरबीआई ने ब्याज दरों को घटाने का फैसला लिया था यानी कि अब 5 सालों के समय के बाद आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती की है। सच तो यह है भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पांच वर्ष में पहली बार रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 6.25 फीसदी करने का निर्णय हमारे देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा। आज देश में कर्ज लेने वाले लोगों की संख्या काफी है और इससे कर्ज की किस्त चुका रहे एक बड़े ग्राहक वर्ग को राहत मिलेगी। रेपो दर में परिवर्तन का सबसे सीधा प्रभाव ऋण ब्याज दरों पर पड़ता है। जब रेपो दर अधिक होती है, तो बैंकों के लिए उधार लेने की लागत बढ़ जाती है जिसका असर अक्सर ऋण पर उच्च ब्याज दरों के रूप में उपभोक्ताओं पर पड़ता है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।सच तो यह है कि रेपो दर मौद्रिक नीति की आधारशिला है, जो देश के वित्तीय परिदृश्य को गहराई से प्रभावित करती है।यदि हम यहां सरल शब्दों में कहें तो , यह वह दर है जिस पर बैंक अल्पकालिक जरूरतों के लिए केंद्रीय बैंक से धन उधार लेते हैं, आमतौर पर सरकारी प्रतिभूतियों के बदले।

यह तंत्र केंद्रीय बैंकों को तरलता को विनियमित करने और मौद्रिक स्थिरता बनाए रखने की अनुमति देता है। रेपो रेट मुद्रास्फीति को नियंत्रित करती है।जब मुद्रास्फीति अधिक होती है, तो केंद्रीय बैंक रेपो दर बढ़ा सकता है। इससे उधार लेना अधिक महंगा हो जाता है, जिससे अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति कम हो जाती है, जिससे मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिल सकती है। रेपो रेट कम करने से उधार लेना सस्ता हो जाता है, जिससे व्यवसाय और उपभोक्ता ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित होते हैं, जिससे आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलता है।इतना ही नहीं, बैंकिंग प्रणाली में तरलता के प्रबंधन में रेपो दर भी महत्वपूर्ण है। इस दर को समायोजित करके, केंद्रीय बैंक बैंकों द्वारा उधार ली जाने वाली धनराशि को नियंत्रित कर सकता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वित्तीय प्रणाली स्थिर और मजबूत बनी रहे। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि रेपो दर उधार लेने की लागत, मुद्रास्फीति और आर्थिक विकास को प्रभावित करती है।बहरहाल,आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी का यह निर्णय ऐसे समय में आया है, जब केंद्र सरकार हाल ही में बजट में व्यक्तिगत आयकर में कटौती की घोषणा कर आम जनता के हाथों तक अधिक पैसा पहुंचाने का इरादा जता चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा बजट में व्यक्तिगत आयकर में कटौती का निर्णय और हाल ही में आरबीआई मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी द्वारा रेपो रेट में कमी का निर्णय निश्चित ही उपभोग को बढ़ावा देने वाले साबित होंगे और इससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिल सकेगी।

# भीष्म द्वादशी आज, शुभ मुहूर्त में करें पूजा



**भीष्म द्वादशी 2025 शुभ मुहूर्त**
**भीष्म द्वादशी के दिन पूजा के लिए कुछ खास शुभ मुहूर्त निम्नलिखित हैं:**
**सुबह 08:30 से 09:53 तक**
**सुबह 09:53 से 11:17 तक**
**दोपहर 12:18 से 01:03 तक**
**दोपहर 02:04 से 03:28 तक**
**इन मुहूर्तों के दौरान पूजा और व्रत करना अत्यंत शुभ माना जाता है।**

महाभारत के अनुसार, भीष्म पितामह को प्राचीन काल में भगवान से यह वरदान प्राप्त था कि वे अपनी इच्छानुसार मृत्यु का समय चुन सकते हैं। भीष्म पितामह 58 दिनों तक बाणों की शय्या पर पड़े रहे, और जब उन्होंने देखा कि हस्तिनापुर सुरक्षित है, तब उन्होंने माघ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को अपना प्राण त्याग दिया। इस दिन को भीष्म द्वादशी के रूप में मनाया जाता है। इस बार भीष्म द्वादशी 9 फरवरी, रविवार को है। आइए जानते हैं इस दिन के व्रत और पूजा की विधि, शुभ मुहूर्त के बारे में।

**भीष्म द्वादशी का महत्व-**

भीष्म द्वादशी को भीष्म पितामह की पुण्यतिथि के रूप में मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से पितरों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया जाता है। महाभारत के अनुसार, जब शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश लौटे तो उन्होंने इसी घर से देश की नींव खड़ी की थी। इस दिन विशेष रूप से तर्पण और पिंडदान करना महत्वपूर्ण माना जाता है। पवित्र नदी में स्नान करने और जरूरतमंदों को दान देने से सुख-सौभाग्य और धन-संतान आदि मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

**पूजा विधि**

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें: इस दिन की शुरुआत ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करने से होती है। उसके बाद हाथ में जल और चावल लेकर भीष्म द्वादशी व्रत-पूजा का संकल्प लें।

भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा: दिन में किसी भी समय भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा करें। पूजा में फल, पंचामृत, सुपारी, पान, दूर्वा आदि चढ़ाएं।

**भोग अर्पित करें:** भगवान को घर में बने पकवानों का भोग अर्पित करें। इसके बाद ब्राह्मणों को दान और दक्षिणा दें। ऐसा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

**पिंडदान और तर्पण करें:** इसके बाद किसी नदी के तट पर या घर पर ही योग्य विद्वान के माध्यम से भीष्म पितामह के निमित्त तर्पण और पिंडदान करें। इस दिन तर्पण करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**भीष्म अष्टमी का महत्व**

हिंदू धर्म में माघ माह का विशेष महत्व है, और इस माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को भीष्म अष्टमी मनाई जाती है। इस दिन पितृ तर्पण और पिंडदान करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। साथ ही, इस दिन भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की पूजा से पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

# केदारनाथ को आखिर क्यों कहा जाता है जागृत महादेव ?



उत्तराखंड के हिमालय में बसा केदारनाथ भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यहां की यात्रा अपने आप में एक अद्भुत अनुभव है जहां प्रकृति की भव्यता के साथ-साथ ईश्वरीय शक्ति का भी एहसास होता है। यहां के दर्शन जिसे हो जाते हैं वो खुद को सौभाग्यशाली समझता है। पहाड़ों नदीयों के बीच बने इस मंदिर के काफी महीमा है। वहीं केदारनाथ के इस शिवलिंग को जागृत महादेव भी कहा जाता है। जागृत महादेव के पीछे एक प्रसंग काफी प्रचलित है।

**शिव भक्त का अद्भुत एहसास**

एक ऐसी घटना भी केदारनाथ में एक शिवभक्त जो कई महीनों की कठिन यात्रा के बाद केदारनाथ धाम पहुंचा। दुर्भाग्यवश जब वह वहां पहुंचा तो मंदिर के कपाट बंद हो रहे थे। मंदिर के पंडित ने उसे बताया कि अब छह महीने बाद ही कपाट खुलेंगे, क्योंकि यहां छह महीने बर्फ और ठंड का मौसम रहता है।

**भोलेनाथ का चमत्कार**

भक्त निराश हो गया लेकिन उसने हार नहीं मानी। वह वहीं पर रोता रहा और भगवान शिव से प्रार्थना करता रहा। रात हो गई और चारों तरफ अंधेरा छा गया। भक्त भूखा-प्यासा था लेकिन उसे अपने शिव पर पूरा विश्वास था। अचानक उसे किसी के आने की आहट सुनाई दी। उसने देखा कि एक सन्यासी बाबा उसकी ओर आ रहे हैं। बाबा ने उससे पूछा कि वह कौन है और कहां से आया है। भक्त ने उसे अपनी सारी कहानी सुना दी।

बाबा को उस पर दया आ गई। उन्होंने उसे समझाया और खाना भी दिया। फिर वो दोनों बहुत देर तक बातें करते रहे। बाबा ने कहा कि उसे लगता है कि सुबह मंदिर जरूर खुलेगा और वह भगवान शिव के दर्शन जरूर करेगा। बातों-बातों में भक्त को नींद आ गई। सुबह जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि बाबा कहीं नहीं थे। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता उसने देखा कि पंडित अपनी पूरी मंडली के साथ आ रहे हैं।

**केदारनाथ का कपाट**

भक्त ने पंडित को प्रणाम किया और कहा कि कल तो आपने कहा था कि मंदिर छह महीने बाद खुलेगा लेकिन आप तो आज ही आ गए। पंडित ने उसे गौर से देखा और पूछा कि क्या वह वही है जो मंदिर का द्वार बंद होने पर आया था। भक्त ने कहा कि हां वह वही है। पंडित आश्चर्यचकित हो गए, उन्होंने कहा कि वे तो छह महीने पहले मंदिर बंद करके गए थे और आज छह महीने बाद वापस आए हैं। इतने दिनों तक यहां कोई कैसे जिंदा रह सकता है?

भक्त ने उन्हें सन्यासी बाबा के मिलने और उनके साथ की गई सारी बातें बता दीं। पंडित और सारी मंडली समझ गई कि वह सन्यासी बाबा कोई और नहीं स्वयं भगवान शिव थे। उन्होंने अपनी योग-माया से भक्त के छह महीनों को एक रात में बदल दिया था। यह सब उसके पवित्र मन और उसके विश्वास के कारण ही हुआ था।

# घर के मंदिर में क्यों नहीं रखनी चाहिए माचिस

सुबह या शाम के समय हम जब भी घर में भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं तब मंदिर में दीप (ज्योति) या धूप जरुर जलाते हैं। हिन्दू धर्म में भगवान की पूजा के दौरान दीप-धूप जलाने को आस्था का प्रतीक माना गया है। प्रचीन समय में जहाँ यग करने के लिए मंत्रो के जरिए अग्नि उत्पन की जाती हैं तो अब के समय में माचिस के जरिए मंदिर में दीप या धूप जलाई जाती है। कई लोग ऐसे होते हैं जो धूप जलाने के लिए माचिस को पूजा घर में ही रख देते हैं साथ ही कई लोग जली हुई माचिस की तिल्ली भी वहीं रख देते हैं लेकिन ऐसा करना सही नहीं है इससे कई सारे नुकसान हो सकते हैं। वहीं इस पोस्ट के जरिए हम आपको इस बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि घर के मंदिर में माचिस क्यों नहीं रखनी चाहिए।

**माचिस की वजह से आती है नकारात्मकता**

घर के मंदिर में धूप या दीप जलाने के लिए माचिस को पूजा घर में रखना सही नहीं है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, माचिस में कई तरह की नकारात्मक शक्तियां होती है और पूजा घर के जरिए घर में पॉजिटिविटी आती है। वहीं पूजा के घर में जली हुई माचिस या माचिस रखने से घर में नकारात्मक शक्तियां आती है और इस वजह मंदिर घर या मंदिर वाले स्थान पर माचिस या जली हुई माचिस नहीं रखनी चाहिए। इसी के साथ पूजा घर को पवित्र स्थान होता है और इस वजह से इस जगह को हमेशा साफ़ रखना चाहिए ताकि घर पॉजिटिविटी बनी रहे। वहीं इस वजह से पवित्र स्थान पर ज्वलनशील सामग्री रखना अशुभ है और इस वजह से घर में नेगाटिविटी आती है।

**माचिस के कारण नहीं मिलता पूजा का फल**

वहीं कहा ये भी जाता है कि पूजा घर में माचिस या जली हुई माचिस रखने से नेगाटिविटी तो आती ही है साथ ही पूजा करने का फल भी आपको नहीं मिलता है। वहीं अगर पूजा का शुभ फल पाना है तो माचिस को मंदिर में न रखें। वहीं घर में मंदिर में माचिस का इस्तेमाल करने के बाद उसे किचन या किसी और जगह रख सकते हैं। वहीं बेडरूम में भी माचिस नहीं रखनी चाहिए इससे दांपत्य जीवन प्रभावित होता है। वहीं पूजा का घर में मुरझाए हुए फूल न रखें। टूटी-फूटी मूर्ति ने रखें साथ ही रौद्र रूप भगवान की तस्वीर भी मंदिर में न रखें साथ ही एक भगवान की दो मूर्तियां न रखें और मंदिर में पूर्वजों की तस्वीर लगाना भी मना है।

# दो जिलों के बीचों-बीच है देव नारायण जी का मंदिर, भोग के रूप में चढ़ती है नीम की पत्ती, इस अवतार की होती है पूजा

राजस्थान में ऐसे अनेकों मंदिर हैं, जो अपने आप में भक्ति के साथ कई विरासत भी सजोए हुए हैं। ऐसा ही एक अनोखा मंदिर डीडवाना-कुचामन में है। यह मंदिर लोकदेवता देवनारायण भगवान का है। जानकारी के अनुसार, यह मंदिर 1100 साल पुराना है। यह मंदिर डीडवाना-कुचामन के छोटे से गांव देवरा में बना हुआ है। यह मंदिर ऐतिहासिक मंदिरों में से एक है। खास बात है कि मंदिर दो जिलों की सीमा पर बना हुआ है। मंदिर का बायां हिस्सा लाडनूं तहसील डीडवाना-कुचामन जिले में, तो दायां हिस्सा सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ तहसील में आता है। मंदिर की देखरेख व पूजा-पाठ गुर्जर समाज की ओर से ही की जाती है।

**मंदिर के बीचों-बीच प्राकृतिक दरार**

मंदिर के अधिकार को लेकर करीब 600 साल पहले जोधपुर व जयपुर रियासत के



राजाओं के बीच विवाद व लड़ाई भी हुई थी। जिसके बाद से मंदिर के बीचों-बीच दरार आ गई थी। गांव के पुखराज गुर्जर बताते हैं कि ये दरार प्राकृतिक रुप से आई थी। वहीं साल 2001 में मंदिर का जीर्णोद्धार करने के बाद भी ये दरार आज भी बनी हुई है।

**मुख्य द्वार पर दो भागों में बांटने के लिए लगा है पत्थर**

दो रियासतों के बीच हुई लड़ाई के बाद मंदिर के मुख्य द्वार पर पत्थर लगाया गया है। मंदिर के बाहर ही नीम का पुराना पेड़ भी है। इसी की पत्तियों को भोग के तौर पर मंदिर में चढ़ाया जाता है। साथ ही गुर्जर समाज में मान्यता है कि कोई भी नीम के पेड़ को ना ही काटता है और ना ही जलाता है। देवनारायण भगवान विष्णु के अवतार है। धड़ देवनारायण, शीश खाटूश्याम ओर पग्लया रामदेवजी भगवान के स्थापित हैं। वहीं गर्भगृह में अखंड ज्योत भी जल रही है। मंदिर में चार पहर पूजा की जाती है। वहीं प्रसाद के रूप में नारियल, चावल व दूध चढ़ाए जाते हैं। हर शनिवार को दूध में नीम डालकर प्रसाद बनाया जाता है।

# सैकड़ों साल पुराना है मां चंडिका देवी मंदिर

कुछ मंदिर अपनी विशेष मान्यताओं के कारण क्षेत्र में प्रसिद्ध होते हैं। उन्हीं में से एक है मां चंडिका देवी मंदिर। जिसे सुल्तानपुर के दो शक्तिपीठों में एक शक्तिपीठ माना जाता है। जहां पर खुदाई के दौरान एक नमक व्यापारी को मूर्ति मिली। इसके बाद इस मंदिर का निर्माण करवाया गया और यह मंदिर अब सुल्तानपुर समेत पूरे अवध क्षेत्र में प्रसिद्ध है। तो आईए जानते हैं क्या है मां चंडिका देवी मंदिर का इतिहास और उसकी मान्यता।

**मंदिर का यह है इतिहास**

मंदिर के पुजारी बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि इस स्थान पर पहले टीला और घना जंगल था। साल 1643 में हीरा शाह जायसवाल नाम के नमक व्यापारी ने व्यापार के उद्देश्य से कमरा बनाने के लिए इस स्थल पर खुदाई करवाई। उस दौरान यहां मां चंडिका देवी की मूर्ति



मिली। जिसके बाद यह स्थल मां चंडिका देवी मंदिर के रूप में प्रसिद्ध हुआ। जहां हीरा शाह जायसवाल ने मंदिर का निर्माण करवाया। आपको बता दें कि जिस जमीन पर यह मंदिर निर्मित हुआ है। वह जमीन स्थानीय ठाकुरों के नाम थी, जिसे बाद में उन्होंने मंदिर के नाम दान कर दी। मां चंडिका देवी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष प्रसाद के रूप में लप्सी, बताशा और पूड़ी चढ़ाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस विशेष प्रसाद से मां चंडिका देवी अत्यंत प्रसन्न होती हैं और श्रद्धालुओं की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।आपको बता दें कि मां चंडिका देवी मंदिर स्थल पर दशहरा के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जहां पर लगभग 10000 से भी अधिक लोगों की भीड़ इकट्ठा होती है और माता के दर्शन के पश्चात मेले का आनंद लेते हैं।

मंदिर के पुजारी बृजेश कुमार पांडे ने बताया कि मां चंडिका देवी मंदिर में दर्शन करने के पश्चात जिन लोगों की संतान नहीं हो रही है, उनको संतान सुख की प्राप्ति होती है। इसके अलावा भूत प्रेत जैसी बाधाएं भी इस मंदिर में आने के पश्चात समाप्त हो जाती हैं। अगर आपको भी इस मंदिर में मां चंडिका देवी के दर्शन करने हैं, तो आपको सुल्तानपुर से अयोध्या रोड पर गुप्तारगंज बाजार तक आना होगा। यह हाईवे से ठीक किनारे स्थित है।

# मैरिड लाइफ में वापिस लाएं वही पुरानी गर्माहट...



पति-पत्नी के बीच सैद्धांतिक बात को लेकर तकरार होना सामान्य बात है। लेकिन तकरार बात-बात पर होने लगे और दांपत्य जीवन में मधुरता या संबंधों में आए दिन तनाव होने लगे, तो यह विचारणीय बात है। वास्तु या फेंगशुई में बताए गए कुछ उपायों को अपनाने से पति-पत्नी के संबंध में मधुरता आती है। यदि आप चाहें, तो इन्हें अपना कर देख लें।

पति-पत्नी अपने शयनकक्ष में लव बर्ड का जोड़ा लगाएं। इससे उनके बीच रोमानी संबंध बने रहते हैं। लव बर्ड खरीदते समय ध्यान रखें कि उसमें दो ही परिंदे हों।

जिन लोगों के वैवाहिक जीवन में तनाव बना रहता हो, उन्हें घर के शयनकक्ष के दक्षिण-पश्चिम कोण में स्फटिक के गोले को रखना उपयोगी सिद्ध होगा। इससे जीवन में मधुरता आएगी।

यदि आपके वैवाहिक जीवन में बाधाएं आ रही हैं, तो अपने शयनकक्ष के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में दो गुलाबी रंग की मोमबत्तियां जलाएं। इससे आपके घर की नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होगी एवं संबंधों में सुधार होगा।

उत्तर-पश्चिम के क्षेत्र में अगर कोई खिड़की नहीं है, तो यह स्थिति रिश्तों में घुटन पैदा करती है। इसके लिए उत्तर-पश्चिम के कोने में फेंगशुई की घंटियां टांग दें।

हर रोज अपने शयनकक्ष में अपनी रुचि के अनुसार सुगंधित ताजा फूलों का एक गुलदस्ता सिरहाने एक कोने में रखें। यह आपके लिए शुभ और लाभकारी रहेगा।

ध्यान रखें कि शयनकक्ष में वाशबेसिन नहीं हो। अन्यथा पति-पत्नी के आपसी संबंध में कमी हो सकती है।

# पापियों के नाश के लिए अपने शरीर का त्याग करने वाले महर्षि दधीचि

महर्षि दधीचि बचपन से ही परोपकारी और साहसी थे। एक बार एक पेड़ पर एक सांप चढ़ गया। उस पर तोते का एक परिवार रहता था। सांप ने तोते के एक बच्चे को पकड़ लिया। पेड़ के नीचे तमाशबीनों की भीड़ जुट गई थी। उनमें से किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी कि कोई तोते के बच्चे को बचाने के लिए सामने आए।

थोड़ी ही दूरी पर दधीचि खेल रहे थे। शोरगुल सुनकर वह भी वहां आ गए। उन्होंने देखा कि सांप के मुंह में तोते का बच्चा फड़फड़ा रहा है। वह फौरन पेड़ पर चढ़ने लगे। कइयों ने एक साथ कहा, "दधीचि पेड़ पर मत चढ़ो, उतर आओ। जहरीला सांप तुम्हें डस लेगा। एक पक्षी के बच्चे के लिए तुम क्यों अपनी जान जोखिम में डाल रहे हो?"



दधीचि ने कहा, "पक्षी की भी रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है। वह सांप की परवाह न करते हुए पेड़ पर चढ़ गए और सांप के मुंह से तोते के बच्चे को छुड़ाकर उड़ा दिया। तोता और तोती बच्चे को जीवित पाकर चहचहा उठे। इससे पहले कि सांप दधीचि को डसता, उन्होंने पेड़ से छलांग लगा दी। उन्हें काफी चोट आई।

किसी ने उनसे पूछा, "दधीचि, क्या तुम्हें सांप से डर नहीं लगा जो तुम पेड़ पर चढ़ गए।" दधीचि ने कहा, "डरना है तो गलत काम से डरो। अच्छे काम के लिए किसका डर। अच्छा करने वालों की रक्षा तो भगवान खुद करते हैं।" दधीचि की यह भावना आगे चलकर और भी मजबूत होती गई।

जन कल्याण तथा पापियों के नाश के लिए उन्होंने अपना शरीर तक त्याग दिया था। उनकी हड्डियों से बने अस्त्र से राक्षसों का संहार हुआ।



# महाकुंभ में क्यों नहीं जाना चाहती हैं भारती सिंह? कॉमेडियन बोली

## 'बेहोश होकर मरने, या बिछड़ने? मैं दिन-ब-दिन वहां से ऐसी दुखद खबरें सुनती हूं'

बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स इन दिनों यूपी के प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ में पवित्र डुबली लगाने पहुंच रहे हैं। अब तक ईशा गुप्ता, हेमा मालिनी, मिलिंद सोमन, क्रिस मार्टिन और सोनू सूद, राजकुमार राव, अनुपम खेर सहित कई सितारे महाकुंभ में पवित्र स्नान कर चुके हैं। हालांकि कॉमेडियन भारती सिंह ने महाकुंभ में डुबकी लगाने के प्लान को कैंसिल कर दिया है। उन्होंने इसकी वजह का भी खुलासा किया है।

**महाकुंभ क्यों नही जाना चाहती हैं भारती सिंह?**

दरअसल हाल ही में महाकुंभ में भगदड़ मच गई थी जिसमें कई लोगों की जानें भी चली गई थीं। इस घटना के के बाद भारती इस पवित्र स्थल पर जाने से डर रही हैं। वहीं जब उनसे पूछा गया कि क्या भारती सिंह जल्द ही महाकुंभ में जाएंगी, तो उन्होंने इंस्टेंट बॉलीवुड से कहा, बेहोश हो कर मरने, या बिछड़ने? मैं दिन-ब-दिन वहां से ऐसी दुखद खबरें सुनती हूं और मैं अपने बेटे को लेकर वहां जाने के बारे में सोच भी नहीं सकती।" भारती सिंह के महाकुंभ में भीड़ को लेकर किए गए कमेंट ने इंटरनेट को दो भागों में बांट दिया है। जहां कुछ लोग उनकी बात का सपोर्ट कर हैं तो कुछ ट्रोल भी कर रहे हैं। एक ने लिखा, वह सही है। यहां बहुत भीड़ है और यह बच्चों के लिए खतरनाक हो सकता है। एक अन्य ने कहा, सही बोला भारती जी ने हालाँकि, इंटरनेट के एक अन्य सेक्शन को भारती का कमेंट पसंद नहीं आया एक ने लिखा, कुंभ को बदनाम मत करो, एक अन्य ने कहा, अगर आपके पास सही जानकारी नहीं है तो गुमराह मत होइए। मीडिया पर अपना अनुमान मत थोपिए, एक ने भारती को उनके लहजे पर फटकार लगाते हुए लिखा, क्या कुंभ में गए सभी लोग बेहोश होकर मर गए? सब कुछ मजाक नहीं है।

## सलमान खान के घर का वो खास मेंबर, जिसका पॉलिटिक्स से है नाता फिर भी चुनी फिल्मों की राह

सलमान खान बॉलीवुड की बड़ी हस्तियों में से एक हैं, इतना ही नहीं उनकी फैमिली के कई मेंबर इस इंडस्ट्री से जुड़कर खास नाम कमा चुके हैं। हालांकि, उनके घर का एक और सदस्य ऐसा है, जो कि फिल्मी बैकग्राउंड से बिल्कुल भी ताल्लुक नहीं रखता है। हम जिनकी बात कर रहे हैं, वो कोई और नहीं बल्कि सलमान खान की बहन अर्पिता के पति आयुष शर्मा हैं। सलमान खान का नाम जुड़ा होने के बावजूद आयुष ने फिल्मी दुनिया में ज्यादा नाम नहीं कमाया है। आयुष ने साल 2018 में लवयात्री के जरिए बॉलीवुड में अपना पहला कदम रखा था। लेकिन फैन्स की तरफ से फिल्म को कुछ खास रिएक्शन नहीं मिला था। इसके अलावा उन्होंने अंतिमः द फाइनल ट्रुथ में सलमान के साथ को-स्टार के तौर पर भी काम किया है। हालांकि, 7 साल के करियर में आयुष ने कोई भी खास हिट फिल्म नहीं दी है। हालांकि, उन्होंने अपने बैनत तले भी कई एक्टर्स को लॉन्च करने की कोशिश की लेकिन उसमें भी वो नाकामयाब ही रहे।

# 'जाने का समय आ गया है'



बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन 82 साल के हो गए हैं, लेकिन वह एक्टिंग और सोशल मीडिया दोनों जगह एक्टिव हैं। अमिताभ आए दिन अपने पोस्ट से रातों रात हंगामा खड़ा कर देते हैं। कई बार वह ऐसी बातें लिख देते हैं, जिसे पढ़कर फैंस टेंशन में आ जाते हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। बीती रात, अमिताभ बच्चन ने एक्स पर चंद शब्दों में कुछ ऐसा लिख दिया जिसे पढ़कर हर कोई हैरान रह गया है। इस पोस्ट में अमिताभ ने जाने की बात लिखी है। ऐसे में फैंस उनकी हेल्थ के बारे में भी पूछ रहे हैं।

**अमिताभ बच्चन का पोस्ट हुआ वायरल**

दरअसल, अमिताभ बच्चन ने रात लगभग 8 बजे एक्स पर चंद शब्दों का पोस्ट किया। इस दौरान अमिताभ ने लिखा, 'टी 5281 - जाने का समय।।। यानी 'समय आ गया है'।

## अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट ने आधी रात इंटरनेट पर मचाई खलबली टेंशन में आ गए फैंस

उनके इस क्रिप्टिक पोस्ट ने उनके सभी फैंस चिंतित और हैरान कर दिया। बिग बी ने जो भी लिखा उसे पढ़कर लोगों ने अपना अजीब रिएक्शन दिया है। अब लोग उनसे भर-भरकर सवाल कर रहे हैं। कई फैंस उनसे उस जगह के बारे में पूछ रहे हैं, जहां वह जा रहे हैं और कुछ का पूछना है कि अचानक क्या हो गया है? एक यूजर ने पूछा, 'क्या हो गया सर।।।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'सर, आप जहां भी जा रहे हैं, कृपया अपनी पत्नी को भी ले जाएं।' इसी तरह एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा ना बोला करिए सर।' कुछ फैंस ने तो अभिनेता को अपने समय को एन्जॉय करने की सलाह दी है।

**केबीसी होस्ट कर रहे हैं अमिताभ बच्चन**

बता दें कि अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति का 16वां सीजन होस्ट कर रहे हैं। वह लगातार इस शो के प्रोमो शेयर करते रहते हैं, जिसमें स्टार्स और कंटेस्टेंट्स के साथ वह ढेर सारी मस्ती करते नजर आते हैं। बिग बी इस शो को साल 2000 से होस्ट कर रहे हैं। इस शो के तीसरे सीजन को शाहरुख खान ने होस्ट किया था, लेकिन किंग इस शो में अपना चार्म नहीं दिखा पाए और फिर से मेकर्स बिग बॉस को लेकर आए। ऐसी ही एंटरटेनमेंट की लेटेस्ट खबरों के लिए बॉलीवुडलाइफ के साथ बने रहिए।

## 3 असफल शादियों के बाद

### करोड़पति दिग्गज लकी अली ने चौथी शादी करने का दिया संकेत, 66 साल की उम्र में फिर चढ़ेंगे घोड़ी



लकी अली को किसी परिचय की ज़रूरत नहीं है! उन्हें ओ सनम, क्यों चलती है पवन जैसे हिट गानों के लिए जाना जाता है। गायक लकी अली, जो हाल ही में अपने रोमांटिक गानों के लिए नहीं बल्कि अपने ध्रुवीकरण करने वाले ऑनलाइन पोस्ट के लिए चर्चा में रहे हैं। उन्हों ने हाल ही में चौथी शादी की संभावना का संकेत दिया है। उन्होंने यह खुलासा दिल्ली के सुंदर नर्सरी में 18वें कथाकार अंतर्राष्ट्रीय कहानीकार महोत्सव के दौरान किया। इस कार्यक्रम में, 66 वर्षीय गायक ने अपने अगले सपने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह चौथी बार शादी करने का सपना देखते हैं।

हालांकि, अली के लिए चौथी शादी का सपना तीन असफल शादियों की पृष्ठभूमि में है। उन्होंने पहली शादी 1996 में ऑस्ट्रेलियाई मेघन जेन मैक्लेरी से की, जिनसे उनकी मुलाकात उनके एल्बम सुनो के निर्माण के दौरान हुई थी। मैक्लेरी ने इस्लाम धर्म अपना लिया था और उनके दो बच्चे, ताव्वुज़ और तस्मियाह थे। बाद में दोनों का तलाक हो गया। गायक लकी अली ने चौथी शादी की संभावना के बारे में क्या कहा, यहाँ पढ़ें कार्यक्रम के दौरान, अली ने न केवल अपने कुछ प्रतिष्ठित गीतों का प्रदर्शन किया, बल्कि उनके पीछे की कहानियों के बारे में भी बताया। जब उनसे उनकी अगली आकांक्षा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने टिप्पणी की, ड्रीम है कि मैं शादी करूँगा फिर से! (मेरा सपना फिर से शादी करना है!)। इस कथन ने उनकी संभावित चौथी शादी के बारे में चर्चाओं को जन्म दिया है। अली का निजी जीवन उनकी संगीत यात्रा की तरह ही घटनापूर्ण रहा है। 1996 में, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई मेघन जेन मैक्लेरी से शादी की, जिनसे उनके दो बच्चे हैं, ता'व्वुज़ और तस्मियाह। यह जोड़ा उनके एल्बम सुनो के निर्माण के दौरान मिला था। उनका विवाह अंततः तलाक में समाप्त हो गया। 2000 में, उन्होंने अनहिता से शादी की, जो एक फ़ारसी महिला थी, जिसने इस्लाम धर्म अपना लिया और इनाया नाम अपना लिया। उनके दो बच्चे हैं, सारा और रेयान। वे भी अलग हो गए। उनकी तीसरी शादी 2010 में ब्रिटिश मॉडल और पूर्व ब्यूटी क्वीन केट एलिजाबेथ हॉलम से हुई, जो उनसे 25 साल छोटी थीं। वर्ष 2017 में उनका तलाक हो गया। अली ने पहले उल्लेख किया है कि उनके जीवनसाथी विवाह संस्था के साथ उनकी चुनौतियों से अवगत थे।

# ये महिला रूप में एकदम चकाचक

## शक्ल बिल्कुल माधुरी दीक्षित की फोटोकॉपी, एक्सप्रेशन जबरदस्त



बॉलीवुड की 90 दशक की मशहूर अदाकारा माधुरी दीक्षित आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस की हर एक अदा को देख लाखों लोग घायल हो जाते हैं। डांस के मामले में तो माधुरी दीक्षित का कोई जवाब ही नहीं है। इस दिनों सोशल मीडिया पर उनकी जैसी दिखने वाली हूबहू एक दम डिट्टो महिला वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर महिला का नाम मधु है। जिसे देखने के बाद लोग उसे माधुरी दीक्षित की हमशक्ल बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें मधु माधुरी दीक्षित जैसे एक्सप्रेशन भी दे रही हैं। जिसे देखने के बाद लोग कंफ्यूज हो गए।



**माधुरी दीक्षित जैसे एक्सप्रेशन**

वायरल हो रही मधु नाम की महिला अपने डांस वीडियो के लिए जानी जाती हैं। मधु न केवल माधुरी दीक्षित जैसे एक्सप्रेशन देती है, बल्कि उनके जैसे मूव्स भी करती हैं। बहुत सारे सोशल मीडिया यूजर्स मधु को माधुरी दीक्षित ही समझ रहे है। क्योंकि मधु बिल्कुल हूबहू माधुरी जैसी ही दिखती है। वायरल हो रही वीडियो में मधु माधुरी दीक्षित के फेमस गाने 'हमको आजकल है इंतजार' पर डांस करती नजर आ रही हैं।

**साइड एंगल से बिल्कुल माधुरी दीक्षित**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो में मधु काफी अच्छे एक्सप्रेशन दे रही हैं और लोग भी उन्हें काफी पसंद कर रहे हैं। इस वीडियो को फैंस जबरदस्त शेयर कर रहे हैं। यदि आप मधु को सामने से न देख कर साइड एंगल से देखें, तो वह बिल्कुल माधुरी दीक्षित जैसी नजर आती हैं। इस महिला का पूरा नाम मधु शर्मा है। मधु के इंस्टाग्राम पर 2.59 लाख फॉलोअर्स हैं।

**हूबहू माधुरी दीक्षित**

माधुरी दीक्षित की हमशक्ल हूबहू उनके जैसी दिखती है। वायरल हो रही वीडियो में फैंस मधु के एक्सप्रेशन की काफी तारीफ कर रहे हैं। अब तक इस वीडियो को हजारों लोग देख चुके हैं और जमकर उनके एक्सप्रेशन की तारीफ कर रहे हैं।

# मलाइका अरोड़ा के बॉसी लुक पर भारी पड़ा राशा थडानी का ये स्टाइलिश अवतार

## फोटोज देख फैंस बोले- 'ब्यूटी।।।'





बॉलीवुड इंडस्ट्री में इन दिनों रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की धूम देखने के लिए मिल रही है। राशा की डेब्यू फिल्म आजाद सिनेमाघरों में बेशक फ्लॉप साबित हुई, लेकिन इस फिल्म में एक्ट्रेस के काम को काफी पसंद किया गया। राशा का डांस और उनका स्टाइल लोगों को दीवाना कर रहा है। तभी तो अब एक्ट्रेस बाकी बॉलीवुड स्टार्स की पॉपुलैरिटी को मात देती दिख रही हैं। बीती रात राशा ने मलाइका अरोड़ा से भी लाइमलाइट चुरा ली। उनकी लेटेस्ट फोटोज अब सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं बीती रात राशा थडानी मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई। राशा के लुक और उनके स्टाइल ने इस मौके पर पैपराजी का ध्यान खींच लिया। बदले में एक्ट्रेस ने भी पैपराजी को भर-भरकर पोज दिए।

इसी मौके पर मलाइका अरोड़ा भी एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। एक्ट्रेस ने अपने बॉसी लुक से हर किसी को इंप्रेस कर दिया। मलाइका के इस लुक की तारीफ हर तरफ हो रही हैं, लेकिन लोगों ने मलाइका से ज्यादा राशा को सुंदर बता दिया। पहले हम राशा थडानी के लुक की बात करते हैं। राशा ने अपने एयरपोर्ट लुक को काफी स्टालिश रखा। एक्ट्रेस ने डेनिम के साथ ब्लैक टॉप और जैकेट कैरी किया। राशा अपने इस लुक में काफी सुंदर लगीं। एक्ट्रेस ने अपना लुक खुले बालों के साथ आंखों पर काला चश्मा लगाकर पूरा किया। राशा ने इस मौके पर पैपराजी को एक से बढ़कर एक पोज दिए। वह अपनी किलर स्माइल से सबको इंप्रेस करती दिखीं।



## इंडिया के पहले सुपरस्टार की नातिन का बॉलीवुड डेब्यू! अमिताभ बच्चन के नाती होंगे हीरो

इंडियन सिनेमा के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना की नातिन नाओमिका सरन अचानक से सुर्खियों में आ गईं, जब कुछ समय पहले उन्हें अक्षय कुमार की फिल्म 'स्काई फोर्स' की स्क्रीनिंग में देखा गया। उसके बाद से वो लगातार लाइमलाइट में हैं। अब कहा जा रहा है कि वो बॉलीवुड में एंट्री करने जा रही हैं। पीपिंगमून की एक रिपोर्ट की मानें तो वो मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही फिल्म के जरिए डेब्यू करने वाली हैं। फिल्म को दिनाश विजान प्रोड्यूस करने वाले हैं। दिनेश विजान वही शख्स हैं, जिन्होंने श्रद्धा कपूर को करियर की सबसे बड़ी फिल्म दी। श्रद्धा की 'स्त्री 2' को उन्होंने ही प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म ने दुनियाभर में 857 करोड़ की कमाई की थी।

**रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म**

रिपोर्ट में कहा गया है कि मैडॉक फिल्म्स एक रोमांटिक-कॉमेडी पिक्चर के जरिए नाओमिका सरन को लॉन्च करने की तैयारी में है। वो फिल्म म्यूजिक, डांस और फैमिली ड्रामा से भरपूर होने वाली है। ये भी कहा गया है कि इस फिल्म में नाओमिका के साथ अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा नजर आने वाले हैं, जो साल 2023 में 'द आर्चीज' के जरिए पहले ही फिल्मी डेब्यू कर चुके हैं।

**कौन डायरेक्ट करेगा फिल्म?**

अगस्त्य की 'द आर्चीज' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। वो अभी तक सिल्वर स्क्रीन पर नजर नहीं आए हैं। ऐसे में मैडॉक फिल्म्स की ये पिक्चर उनकी बड़े पर्दे पर पहली फिल्म हो सकती है। अभी फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट में बताया गया कि जगदीप सिद्धू इस फिल्म को डायरेक्ट करने वाले हैं।

## सलमान खान का वो 'साला' जिसका करियर हुआ अमिताभ बच्चन की वजह से बर्बाद

### 6 साल तक पुनीत इस्सर को किसी ने बॉलीवुड में काम ही नहीं किया।



यहां हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड एक्टर पुनीत इस्सर की जो कि अपने जमाने के नामचीन विलेन रह चुके हैं। 6 फुट 2 इंच के पुनीत इस्सर अपने खतरनाक रोल्स के लिए जाने जाते हैं। किसी जमाने में पुनीत इस्सर ने साल 1991 में आई फिल्म सनम बेवफा में सलमान खान के साले का रोल अदा किया था। हालांकि पुनीत इस्सर बॉलीवुड में केवल साइड हीरो बनकर ही रह गए। पुनीत इस्सर को अमिताभ बच्चन के साथ लड़ाई करनी थी। इस दौरान पुनीत इस्सर के घूसे की वजह से बिग बी घायल हो गए। इस चोट की वजह से काफी समय तक अमिताभ बच्चन ब्रीच कैंडी अस्पताल में जंदिगी और मौत से जूझे थे। इस हादसे के बाद लोगों ने पुनीत इस्सर को एक सिरे से नकार दिया था। एक एक करके पुनीत इस्सर को सभी फिल्मों से बाहर कर दिया गया। बताया जाता है कि पुनीत इस्सर को एक साथ 6 फिल्मों से निकाला गया था। 6 साल तक पुनीत इस्सर को किसी ने बॉलीवुड में काम ही नहीं किया। जिसके बाद पुनीत इस्सर ने साल 1988 में महाभारत में दुर्योधन का किरदार निभाकर टीवी पर करियर शुरू किया था। जिसके बाद सलमान खान ने भी दुर्योधन का किरदार निभाने वाले पुनीत इस्सर को बिग बॉस में आने का मौका दिया। बिग बॉस में लोगों को पता चला कि पुनीत इस्सर असल जिंदगी में कितने अच्छे आदमी हैं।

## 'भोजपुरी फिल्मों-गानों पर लगना चाहिए सेंसर'

### निरहुआ, पवन सिंह-खेसारीलाल पर भड़कीं नीतू चंद्रा, सुनाई खरी-खोटी



बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने भोजपुरी इंडस्ट्री को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भोजपुरी के बड़े सितारों पर जमकर अपनी भड़ास निकाली है। नीतू चंद्रा ने कहा कि भोजपुरी एक्टर्स और फिल्मेकर्स की वजह से बिहार का नाम खराब हुआ है। यही वजह है कि उन्होंने भोजपुरी सिनेमा के बड़े सितारों के साथ काम न करने का फैसला किया है। नीतू चंद्रा अपनी भोजपुरी फिल्म 'करियठी' के रिलीज होने के बाद पटना पहुंचीं। इस मूवी को उन्होंने प्रोड्यूस किया है। इस दौरान उन्होंने भोजपुरी सिनेमा को लेकर बात की। नीतू चंद्र ने कहा कि भोजपुरी फिल्मों और गानों पर सेंसर लगना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी भी भोजपुरी अभिनेता के साथ नहीं काम नहीं करेंगी। उनका मानना है कि भोजपुरी अभिनेताओं और फिल्ममेकर्स की वजह से बिहार का हुआ नाम खराब हो गया है। नीतू ने कहा कि वह मनोज तिवारी, रवि किशन, निरहुआ, पवन सिंह, खेसारी लाल यादव के साथ कभी काम नहीं करेंगी। नीतू चंद्रा ने पूछा कि ये सितारे कभी अपने परिवार के साथ अपनी ही फिल्में देख पाएंगे पाएंगे। नीतू चंद्रा ने कहा कि अश्लीलता की वजह से ही भोजपुरी फिल्मों को लेकर एक गलत धारणा बन गई है। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो भोजपुरी फिल्मों को नहीं लेते हैं। वहीं, उड़िया और छोटी-छोटी फिल्मों को लेते हैं।

## 'आप उसे नहीं देखोगे

### मुझे लगता है 'यामी गौतम ने बताया आखिर क्यों मीडिया से बेटे को रखा दूर



बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम पिछले साल मां बनी थीं, और अब तक उन्होंने अपने बेटे को मीडिया और सोशल मीडिया की नजरों से दूर रखा है, यामी और उनके पति, फिल्ममेकर आदित्य धर ने यह फैसला किया है, कि वे अपने बेटे की प्राइवेसी को बनाए रखेंगे, और आगे भी उसे लाइमलाइट से दूर रखना चाहेंगे। यामी गौतम और आदित्य धर के बेटे वेदाविद का जन्म 10 मई 2023 को हुआ था। बेटे के जन्म के बाद यामी ने कुछ समय के लिए फिल्मों से ब्रेक लिया था, ताकि वह अपने मदरहुड के इस नए सफर को पूरी तरह से जी सकें। अपने एक इंटरव्यू में यामी ने बताया कि मां बनने के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने कहा,मुझे लगता है, कि जब आप मां बनते हैं, तो यह पूरी तरह से एक नया अनुभव होता है। यह जिंदगी का सबसे खूबसूरत एहसास है, लेकिन इसके लिए आप कभी भी पूरी तरह तैयार नहीं होते। मां बनने की खुशी अनमोल है, यह आपको दुनिया के टॉप पर होने का अहसास कराती है। यामी ने आगे कहा, जब आपका बच्चा आपको अपनी बड़ी-बड़ी आंखों से देखता है, और आपसे सिर्फ प्यार चाहता है, तो वह पल सबसे खास होता है। उसके साथ बैठना, उसे देखना और कुछ भी ना करना, यह एहसास ही बहुत खूबसूरत होता है। आज के समय में सेलेब्रिटी बच्चे अकसर सुर्खियों में रहते हैं,



# 'महंगाई और विकास दर पर सरकार और रिजर्व बैंक मिलकर काम करेंगे', रेपो रेट कम होने के बाद बोलीं वित्त मंत्री

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सभी मोर्चों जैसे महंगाई, विकास दर आदि पर मिलकर काम कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस ऐसे वक्त हुई, जब एक दिन पहले ही रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कटौती का एलान किया है। सीतारमण ने कहा कि वे अगले हफ्ते नया आयकर विधेयक संसद में पेश कर सकती हैं, जिसके बाद विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजा जाएगा।



**रिजर्व बैंक ने एक दिन पहले ही रेपो रेट में की थी कटौती**

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार क्रेडिट देने पर फोकस कर रही है और आगे भी इस दिशा में काम जारी रहेगा। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी की बैठक के बाद शुक्रवार को एलान किया कि रेपो में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की गई है।

इसे 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया गया है। फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया था। इससे पहले 2020 में कोविड महामारी के दौरान ब्याज दरों में कटौती की गई थी, लेकिन इसके बाद धीरे धीरे कर ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत बढ़ा दिया गया। रेपो रेट में कटौती की घोषणा लंबे समय के बाद हुई है।

**दिल्ली चुनाव के नतीजों पर क्या बोलीं वित्त मंत्री**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को दिल्ली चुनाव के नतीजों पर कहा कि यह समय की मांग है कि दिल्ली को ऐसी सरकार मिले जो लोगों की सेवा करे। रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय की मांग है कि भारत के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ऐसी सरकार हो जो लोगों की सेवा करे। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि प्रधानमंत्री ने देश के लिए जो रोडमैप तय किया है, उसमें दिल्ली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और मानव विकास संकेतक से संबंधित सभी मुद्दों और बुनियादी ढांचे, स्कूलों, अस्पतालों और लोगों की स्वास्थ्य सेवा के लिए हर दृष्टिकोण से लोगों की सेवा की जाएगी।

# 'अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे ट्रंप'

## दुनिया के सबसे अमीर शख्स ने कही बड़ी बात



नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)।टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच की दोस्ती दिनों दिन और गाढ़ी होती जा रही है।इतनी कि दोनों को एक-दूसरे का पूरक माना जाने लगा है।पिछले कई सालों से दोस्त रहे एलन मस्क को ट्रंप ने अपनी गवर्नमेंट इफिशिएंसी टीम का हेड बनाया है।एलन मस्क के एक ताजा सोशल मीडिया पोस्ट ने सबको चौंका दिया है।इसमें उन्होंने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप पर जितना हो सके प्यार लुटाओ।यह अपील उन्होंने अमेरिकी जनता से की है।एलन मस्क का स्टेटमेंट ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ओवरऑल पॉलिसी चेंज के दौर से गुजर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से आजमाई हुई और समय की कसौटी पर खरी उतर चुकी कई नीतियों को बदलने में भी लगे हैं।इस कारण उन्हें काफी आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है।

**'अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे ट्रंप'**

एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट की सफाई भी दी है।इसमें उन्होंने कहा है कि एक स्ट्रेट आदमी दूसरे स्ट्रेट आदमी को प्यार तो करेगा ही।मस्क ने लिखा है कि ट्रंप अमेरिका को फिर से एक महान राष्ट्र बनाना चाहते हैं।इसमें उन्हें सभी का साथ चाहिए।अरबपति बिजनेस मैन एलन मस्क राष्ट्रपति चुनाव के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के बड़े सहयोगी बनकर उभरे।उन्होंने ट्रंप की रैलियों में हिस्सा लिया और रिपब्लिकन आइडियोलॉजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ डॉलर का दान भी दिया।

**इस प्लान के मुखिया हैं एलन मस्क**

एलन मस्क को डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी सरकार का आकार छोटा करने और उसके स्वरूप में बदलाव करने के प्लान का मुखिया बनाया है।इस जोड़ी को अभी हाल ही में बड़ा झटका लगा है।इसके तहत अमेरिका के फेडरल जज ने यूसएड को बंद करने के फरमान पर रोक लगा दी है।यह एजेंसी विदेश में अमेरिका की नीतियों का समर्थन करने वाले देश को उनके डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए आर्थिक मदद देती है।फेडरल जज ने अपना फैसला इस आधार पर दिया है कि इससे यूएसएड में काम कर रहे हजारों स्टाफ बेरोजगार हो जाएंगे।

# 'बीसीसीआई और बायजू के बीच समझौते पर एक हफ्ते के भीतर लें फैसला'

## एनसीएलएटी का एनसीएलटी को आदेश

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)।अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने शनिवार को राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण (एनसीएलटी) को निर्देश दिया कि वह बीसीसीआई और बायजू के बीच समझौते और दिवालिया मामले को खत्म करने के लिए एक सप्ताह के भीतर फैसला ले। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ में जस्टिस राकेश कुमार जैन और जतिंद्रनाथ स्वैन शामिल थे, जिन्होंने एनसीएलटी से यह फैसला लेने को कहा। बायजू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रिजु रविंद्रन ने अधिकरण के पिछले आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसमें ग्लास ट्रस्ट और आदित्य बिड़ला फाइनेंस को बायजू की ऋणदाता समिति (सीओसी) में बहाल किया गया था। याचिका का निस्तारण करते हुए पीठ ने यह निर्देश दिया। एनसीएलएटी ने कहा, एनसीएलटी को याचिका पर फैसला लेने के लिए निर्देश दिया जाता है। कृपया इसे एक हफ्ते के भीतर निपटाने का प्रयास करें। हालांकि, एनसीएलएटी ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने इस मामले के तथ्यों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बायजू के पूर्व प्रमोटर और बायजू रवींद्रन के भाई रिजु रवींद्रन ने एनसीएलटी की बंगलूरू पीठ के आदेश को चुनौती दी थी। 29 जनवरी को एनसीएलटी ने बायजू के 'समाधान पेशेवर' (आरपी) के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया था और ग्लास ट्रस्ट व आदित्य बिड़ला फाइनेंस को बायजू की ऋणदाता समिति से बाहर करने के निर्देश को रद्द कर दिया था। समाधान पेशेवर का मतलब वह व्यक्ति या संस्था होती है जो दिवालियापन की प्रक्रिया में कंपनी को सुधारने या उसके समाधान के लिए जिम्मेदार होता है।एनसीएलटी ने आईबीबीआई को बायजू के आरपी पंकज श्रीवास्तव के खिलाफ जांच का निर्देश दिया था। एनसीएलएटी ने बायडू की ऋणदाता समिति (सीओसी) के पुनर्गठन को भी रद्द कर दिया था। अंतरिम आरपी ने 31 अगस्त 2024 को सीओसी का पुनर्गठन किय था, जिसमें ग्लास ट्रस्ट और आदित्य बिड़ला फाइनेंस को बाहर कर दिया गया था।

# एक करोड़ गिग वर्कर्स को भारत सरकार देने जा रही बड़ा तोहफा

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)।आपके ऑनलाइन ऑर्डर करते ही चंद मिनटों में आपके दरवाजे पर लजीज खाना पहुंचाने वाला डिलीवरी ब्वॉय भी अब पेंशन का हकदार होगा. इस तरह से बिना नौकरी, बिना वेतन या रोजाना पगार के केवल काम या ट्रांजैक्शन के आधार पर भुगतान पाने वाले डिलीवरी ब्वॉय, कूरियर ब्वॉय समेत देश के एक करोड़ गिग वर्कर्स को इस पेंशन का फायदा मिलेगा.दरअसल, भारत सरकार की लेबर मिनिस्ट्री ने इससे संबधित पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है. राज्य सरकारों, कारोबारी संगठनों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ इस पर चर्चा के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा. भारत सरकार अभी इस पॉलिसी पर सभी संबंधित पक्षों के बीच सहमति बनाने की कोशिश कर रही है. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, गिग वर्कर्स को पेंशन की सुविधा देने के साथ ही दूसरी सोशल सिक्योरटी संबधी फैसिलिटी देने के लिए भारत सरकार हर गिग वर्कर को यूएएन यानी यूनिवर्सल एकाउंट नंबर की सुविधा देगी. इस नंबर के जरिए चाहे गिग वर्कर किसी भी प्लेटफॉर्म या कंपनी के साथ काम करें, वे पेंशन या सोशल सिक्योरिटी से संबंधित दूसरी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे. इसके लिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर जाकर भी रजिस्ट्रेशन कराना होगा. गिग वर्कर्स को पेंशन की यह सुविधा उनके ट्रांजेक्शन के साथ लिंक होगी. यानी वे कितना काम करते हैं या डिलीवरी ब्वॉय के रूप में कितने जगह सामान पहुंचाते हैं, इसके आधार पर ही उनके पेंशन के लिए योगदान की गणना होगी।

# सेबी ने फाइनेंस इंफ्लुएंसर अस्मिता पटेल समेत पांच पर लगाया प्रतिबंध, ठगी से इकट्ठा किए 53 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)।भारत में बाजार नियामक संस्था सेबी ने छह कथित वित्तीय सलाहकार निकायों को प्रतिबंधित कर दिया है। जिन निकायों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें अस्मिता पटेल ग्लोबल स्कूल और फाइनेंस इंफ्लुएंसर अस्मिता पटेल का नाम भी शामिल है। इन निकायों पर आरोप हैं कि इन्होंने बिना पंजीकरण कराए लोगों को निवेश सलाह दी और इन सेवाओं के जरिए इन निकायों ने 53 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई। सेबी ने इन फाइनेंस इंफ्लुएंसर्स अस्मिता ग्लोबल स्कूल ऑफ ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड, अस्मिता जिंदल पटेल, जितेश जेठालाल पटेल, किंग ट्रेडर्स, जैमिनी एंटरप्राइजेज, यूनाइटेड एंटरप्राइजेज को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। सेबी ने नोटिस में इन छह निकायों से पूछा है कि उनसे क्यों न करोड़ों रुपये की वसूली की जाए। आरोप है कि इन कथित वित्तीय सलाहकारों और निकायों ने लोगों को गुमराह कर उन्हें ट्रेडिंग संबंधी कोर्स में दाखिला दिलाया और बाजार को लेकर लोगों से झूठे वादे किए। अस्मिता पटेल ने खुद को बाजार की बड़ी जानकार के रूप में पेश किया और बड़े-बड़े वादे किए और दावा किया जा रहा है कि इन्होंने एक लाख से ज्यादा लोगों को शेयर बाजार के बारे में जानकारी देने के बदले मोटी कमाई की। लोगों को विशेष स्टॉक में ही निवेश के लिए लालच दिया गया।

# गिर गए सोने के दाम, 10 ग्राम गोल्ड के लिए 86673 रुपये देने होंगे

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)।सोने की कीमतें बीते कुछ हफ्तों से लगातार बढ़ रही थीं. हाल ही में सोना अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था. हालांकि, आज यानी 8 फरवरी, शनिवार को भारतीय बाजार में सोने की कीमतों में मामूली गिरावट दर्ज की गई. 24 कैरेट सोने की कीमत 8667.3 रुपये प्रति ग्राम रही, जो पिछले दिन की तुलना में 20 रुपये कम थी. इसी तरह से, 22 कैरेट सोने की कीमत भी 20 रुपये की गिरावट के साथ 7946.3 रुपये प्रति ग्राम पर पहुंच गई. हालांकि, चांदी की कीमत में किसी प्रकार का बदलाव नहीं देखा गया और यह 102500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

**क्या है आपके शहर में 10 ग्राम गोल्ड की कीमत**

द मिंट की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर भारत के बड़े शहरों में सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई. दिल्ली में 24 कैरेट



सोने की कीमत 86673 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई, जबकि जयपुर में यह 86666 रुपये प्रति 10 ग्राम रही. लखनऊ, चंडीगढ़ और अमृतसर में 86689 रुपये, 86682 रुपये और 86700 रुपये प्रति 10 ग्राम की दर से सोना बेचा गया।

वहीं, चांदी की कीमतें स्थिर बनी रहीं. दिल्ली में चांदी का भाव 102500 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जबकि जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ और पटना में यह, 102900 रुपये, 103400 रुपये, 101900 रुपये और 102600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बनी रही।

**सोने-चांदी के रेट कैसे प्रभावित हो रहे**

सोने और चांदी की कीमतें कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कारकों के आधार पर प्रभावित होती हैं. इनमें वैश्विक मांग, करेंसी एक्सचेंज रेट, ब्याज दर, सरकारी नीतियां और अंतरराष्ट्रीय घटनाएं शामिल हैं. खासतौर से अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियों का सोने-चांदी की कीमतों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है. इसके अलावा, निवेशकों की दिलचस्पी और त्योहारी सीजन के दौरान मांग में बढ़ोतरी भी कीमतों को प्रभावित करती है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि आगामी दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में और अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है. डॉलर इंडेक्स और अंतरराष्ट्रीय बाजार में निवेशकों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखना जरूरी होगा. इसके अलावा, भारत में शादी-ब्याह के सीजन की शुरुआत के साथ ही सोने की मांग में तेजी आ सकती है, जिससे कीमतों में सुधार संभव है।

# लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ा भारत का डॉलर भंडार

नई दिल्ली,8 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भारत को लगातार दूसरे सप्ताह खुशखबरी मिली। बीते 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार $1.1 बिलियन बढ़ा है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें $5.5बिलियन की बढ़ोतरी हुई थी। इससे पहले तो लगातार सात सप्ताह से गिरावट ही हो रही थी। हालांकि, बीते सप्ताह अपने फॉरेन करेंसी असेट में गिरावट हुई है। उधर, अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट हुई है।

**विदेशी मुद्रा भंडार तो बढ़ा**

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक 31 जनवरी 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में $1.1 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें $5.574 बिलियन की बढ़ोतरी हुई थी। इसी के साथ अपना विदेशी मुद्रा भंडार अब बढ़ कर $630.607 बिलियन तक चला गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार $704.885 बिलियन पर के रेकार्ड उच्चतम स्तर पर था।

**लेकिन फॉरेन करेंसी एसेट्स घट गया**

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में कमी हुई है। 31 जनवरी 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) में $207 मिलीयन की कमी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार घट कर यूएसडी 537.684 बिलियन रह गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट (एफसीए) एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

**गोल्ड रिजर्व बढ़ गया**

बीते सप्ताह अपने गोल्ड रिजर्व या स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक 31 जनवरी 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में $1242 मिलीयन की बढ़ोतरी हुई है। इसी के साथ अब अपना सोने का भंडार बढ़ कर यूएसडी 70.893 बिलियन पर पहुंच गया है।रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में मामूली बढ़ोतरी हुई है।

# अब यात्रियों को नहीं तरस रही वंदे भारत एक्सप्रेस, सरकार ने कहा- फुल भरकर चल रही हैं सारी ट्रेन




नई दिल्ली,8 फरवरी (एजेंसियां)। देश में चल रहीं वंदे भारत एक्सप्रेस को अब यात्रियों की कमी नहीं हो रही है। सरकार ने बताया है कि लगभग सभी वंदे भारत ट्रेन भरकर चल रही हैं। देश में अलग-अलग रूटों पर 136 वंदे भारत ट्रेन दौड़ रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि सभी वंदे भारत ट्रेन करीब 100% भरी हुई चल रही हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों को वंदे भारत ट्रेन बहुत पसंद आ रही है। अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा को दी जानकारी में बताया कि जनवरी 2025 तक भारतीय रेलवे नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं। ये सभी ट्रेन चेयर कार वाली हैं। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि इन ट्रेनों में लगभग 100 फीसदी सीटें भरी रहती हैं। 7 फरवरी को दिए गए लिखित जवाब में उन्होंने कहा कि वंदे भारत सहित सभी यात्री ट्रेनें एक निश्चित टाइम टेबल और ट्रेनों की प्राथमिकता के सामान्य क्रम के अनुसार चलती हैं। किसी भी दूसरी ट्रेन सेवा को प्रभावित नहीं किया जाता।

**कितने यात्रियों ने की यात्रा**

वित्तीय वर्ष 2024-25 (दिसंबर 2024 तक) में करीब 2.14 करोड़ यात्रियों ने वंदे भारत ट्रेनों में सफर किया। इस दौरान इन ट्रेनों में लगभग सभी सीटें भरी रहीं। इन खास ट्रेनों में कई आधुनिक सुविधाएं और सुरक्षा के इंतजाम हैं। इनमें कवच सिस्टम, हाई स्पीड की क्षमता, पूरी तरह से बंद गेट, ऑटोमैटिक प्लग डोर, आरामदायक सफर, डीप फ्रीजर और गर्म पानी का बॉयलर आदि शामिल हैं।

**ट्रेन में खरीद सकते हैं खाना**

वंदे भारत ट्रेनों के यात्री टिकट बुकिंग के समय भोजन का कोई विकल्प नहीं चुनने पर भी ट्रेन में खाना खरीद सकते हैं। रेलवे बोर्ड ने इसकी जानकारी दी। बोर्ड ने बताया कि भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम(आईआरसीटीसी) अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को एक पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि वंदे भारत ट्रेनों में भोजन का विकल्प नहीं चुनने वाले यात्रियों को पर्याप्त खानपान सुविधाएं मुहैया कराने के लिए खाने की बिक्री फिर से बहाल की जा सकती है।

# दुनिया में पेट्रोल-डीजल की सबसे ज्यादा खपत वाला देश होगा भारत

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारत आने वाले समय में दुनिया में तेल की सबसे ज्यादा खपत वाला देश होगा। भारत में रिफाइंड क्रूड यानी पेट्रोल-डीजल जैसी चीजों की मांग दूसरे बड़े देशों के मुकाबले देर से अपने चरम पर पहुंचेगी। इसका मतलब है कि आने वाले समय में भारत इस मांग को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह बात एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स ने कही। दुनियाभर में कमोडिटी की जानकारी देने वाले एसएंडपी का कहना है कि भले ही नए तरह के ईंधन धीरे-धीरे पारंपरिक ईंधनों की जगह ले रहे हैं, लेकिन आने वाले समय में भी पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों का इस्तेमाल जारी रहेगा। यह ध्यान देने वाली बात है कि 2024 में भारत में रिफाइंड प्रोडक्ट की मांग में पिछले साल के मुकाबले 3% की बढ़ोतरी हुई, जबकि चीन में यह मांग लगभग स्थिर रही।

**भारत में बढ़ती रहेगी खपत**

इंडिया एनर्जी वीक 2025 से पहले एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के साउथ एशिया ऑइल रिसर्च प्रमुख अभिषेक राजन ने कहा कि भले ही भारत की मांग चीन की मांग का लगभग एक तिहाई है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के कारण इसमें तेजी आएगी। यानी भारत में तेल की खपत बढ़ती रहेगी। इंडिया एनर्जी वीक 11 से 14 फरवरी तक दिल्ली के यशोभूमि में होगा।



**कितना इस्तेमाल होगा पेट्रोल-डीजल?**

एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स का अनुमान है कि साल 2026 तक भारत में रिफाइंड प्रोडक्ट की मांग 5.7 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक पहुंच जाएगी। इसका मतलब है कि रोजाना इतना पेट्रोल-डीजल लोग इस्तेमाल करेंगे।अभिषेक राजन ने कहा, 'हालांकि हमें उम्मीद नहीं है कि यह मांग 2050 तक अपने चरम पर पहुंचेगी। इसका कारण देश में इलेक्ट्रिक वाहनों और वैकल्पिक ईंधन वाहनों की बढ़ती संख्या रहेगी।' यानी ईवी और दूसरे ईंधन से चलने वाली गाड़ियां ज्यादा चलेंगी तो पेट्रोल-डीजल की मांग कम हो सकती है। भारत में तेल प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना है। नई रिफाइनरी और पुरानी रिफाइनरी को बड़ा किया जाएगा। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से राजस्थान के बाड़मेर में रिफाइनरी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की बरौनी, कोयली और पानीपत रिफाइनरी में विस्तार परियोजनाएं आने वाले प्रोजेक्ट्स में शामिल हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**

१ १ शनि
शुक्र १२ राहु
सूर्य बुध १०
९
८
२
७
चंद्र ३ मंगल
४
५
६ केतु

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | मकर | मे |
| चंद्र- | मिथुन | मे |
| मंगल | मिथुन (व) | मे |
| बुध- | मकर | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | मीन | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| मकर... | 05-12 | बजे |
| कुंभ... | 07-02 | बजे |
| मीन... | 08-39 | बजे |
| मेष... | 10-15 | बजे |
| वृष... | 12-00 | बजे |
| मिथुन | 14-00 | बजे |
| कर्क.. | 16-13 | बजे |
| सिंह... | 18-25 | बजे |
| कन्या... | 20-31 | बजे |
| तुला.... | 22-37 | बजे |
| वृश्चिक.. | 00-48 | बजे |
| धनु...... | 03-00 | बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य ▪ उत्तरायणे ▪ ऋतु ▪ शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् ▪2051,हिजरी सन् ▪1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् ▪5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् ▪1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

सूर्योदय - 06-49
सूर्यास्त. - 18-08

दिशाशूल ▪▪ पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी . 19-24 तक उपरान्त त्रयोदशी
मास ▪ माघ शुक्ल , रविवार 09 February
नक्षत्र ▪ आर्द्रा 17-51 तक उपरान्त पुनर्वसु
योग ▪ विष्कुंभ 12-05 तक उप प्रीति
करण- बव 07-47 तक उप बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार ▪ भीष्म द्वादशी

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 16:48 से 18:14 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा** मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:49 - 08:13 | अशुभ | शुभ. | 18:08 - 19:48 | शुभ |
| चंचल | 08:13 - 09:39 | शुभ | अमृत. | 19:48 - 21:22 | शुभ |
| लाभ | 09:39 - 11:04 | शुभ | चंचल. | 21:22 - 22:56 | शुभ |
| अमृत | 11:04 - 12:30 | शुभ | रोग. | 22:56 - 24:30 | अशुभ |
| काल.. | 12:30 - 13:56 | अशुभ | काल. | 00:30 - 02:04 | अशुभ |
| शुभ. | 13:56 - 15:22 | शुभ | लाभ | 02:04 - 03:38 | शुभ |
| रोग. | 15:22 - 16:48 | अशुभ | उत्पात | 03:38 - 05:12 | अशुभ |
| उत्पात | 16:48 - 18:08 | अशुभ | शुभ | 05:12 - 06:49 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपके वित्तीय संसाधनो का विस्तार होगा जिसका लाभ लेने के लिए आप पूरी तरह तैयार है । आप आज अपने घर , व्यवसाय या वाहन के लिए भी ऋण के लिए आवदेन कर सकते है जो की आराम से मंजूर हो जायेगा । जिन विद्यार्थियों ने शिक्षा ऋण के लिए आवदेन किआ हुआ है उन्हें भी शुभ सन्देश की प्राप्ति होगी । आज का दिन शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्तम है ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
दिन की शुरुआत में ही अपने सभी कार्य खत्म करने की कोशिश करे ! आपको दिन के उत्तरार्द्ध में काम करने का मौका नहीं मिलेगा । किसी भी क्रय या विक्रय में सावधानी बरते अन्यथा आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है । आपको अपनी इच्छा शक्ति पर एक मजबूत नियंत्रण करना होगा , ताकि आप अपने खर्च को संतुलित कर पाए ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
यह समय अपने कार्य क्षेत्र को दिशा या बदलाव देने का उचित समय है । कुछ समय से आप अस्थिरता को महसूस कर रहे है । नए और जोश भर देने वाले अवसर आज आपके सामने आ सकते है और आपको आशावादी रहकर उन्हें पकड़ना है । यह आपके कार्य क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में मदद करेगा और आगे जाकर आपकी कार्य क्षेत्र संबंधित समस्याओं का निराकरण करने में मदद करेगा जो की आपके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
कार्यालय का प्रेम आपको एक चुंबक की तरह आकर्षित कर रहा है , लेकिन कार्यालय काम करने के लिए है और अपनी भावनाओं को दिखाने के लिए नहीं है ये आपको याद रखने की जरुरत है। आपके सहकर्मी इस बात की सराहना नहीं करेंगे । यह एक मोह हो सकता है। आपने काम पर ध्यान लगाइये और अगर ये होना है तो यह निश्चित रूप से होगा। अन्यथा यह बुलबुले की तरह से फूट जायेगा । निष्पक्षतापूर्वक इसे ले ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपको आगे जाने से पहले अपने वित्तीय और कैरियर से संबंधित योजनाओं के अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों नतीजों पर विचार करना होगा । आपको कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने कैरियर से संबंधित योजना का एक खाका तैयार करना होगा जिससे आप लाभ और हानि का विश्लेषण कर सके ।दोबारा अपने निर्णय का पुनर्मूल्यांकन करे । एक जानकार व्यक्ति से राय प्राप्त करना भी सार्थक हो सकता है।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज के दिन विधार्थियो , युवा बेरोजगारो और स्वनियोजित व्यवसायियों के लिए काफी करियर अवसर आयेंगे । आप एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है जिससे आपके करियर की दिशा परिवर्तित हो सकती है और काफी समय से आपको इसकी तलाश भी थी । आपको इस अवसर का उपयोग काफी समझ के साथ करना है क्यों की ये अवसर जीवनभर में यदा कदा ही मिलता है और ये काफी महत्वूर्ण भी है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
प्रमुख परिवर्तन आज आपके कार्यस्थल पर होने की उम्मीद हैं। वास्तव में आपके आय अर्जित करने के साधन में परिवर्तन आ सकता है , और आप ऐसे कार्य में लिप्त हो सकते है जिसको आप करना चाह रहे थे परन्तु आपने सपने में भी नहीं सोचा था , की ऐसा अवसर आपको मिल सकता है । आप अपने कार्यस्थल पर नवीन विचारो एवं नए दृष्टिकोण के साथ आ सकते है।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपका मन अभी आनंद और प्रेम की तरफ भाग रहा है , हालाँकि इसके विपरीत आपका मन हमेशा कार्यो में उलझा रहता है । लेकिन यह ठीक है, काम से एक दिन की छुट्टी ले और अपने दिन का आनंद लें। ज्यादा चिंता न करे , क्योकि आपको आनंद लेने और कार्य करने की सीमा ज्ञात है । कार्यस्थल पर प्रबंधन आपके काम से बहुत प्रभावित है और आपको पदोन्नति भी मिल सकती है।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
हाल ही में सह कर्मी आपसे ईर्ष्या के कारण असहयोगी रहे है ! लेकिन उनके सामने जोर से न चिल्लाये क्योकि ये अलग रूप में तोड़ मरोड़ कर आपके वरिष्ठ अधिकारियो तक बहुत चालाकी से पहुचाया जाएगा । बस कुछ समय के लिए ऐसे लोगों के साथ दूरी बनाए रखें। आपको आज कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप जो भी कार्य करेंगे , सफलता आपके कदम चूमेगी । अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा में बैठे थे तो आज आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज का दिन पदोन्नति या अधिक जिम्मेदारी लेने के बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार विमर्श आरंभ करने के लिए उपयुक्त है। आपको इस बहुत ही अनुकूल दिन का लाभ लेने के लिए अपने सभी प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज कुछ प्रमुख व्यय के लिए आप योजना बनाने के लिए जा रहे हैं लेकिन इस खर्चे पर आपकी नजर रहेगी । आज का दिन वित्तीय योजना बनाने के लिए एकदम सही है और कुछ कार्य जो की कुछ समय से अधूरे थे उन्हें पूरा करना का भी उचित समय है । आज आप अपनी बचत और परिसंपत्तियों की एक पूरी सूची के साथ बैठे और उन्हें व्यवस्थित करे क्यों की आज आपको शुभ समाचार मिल सकता है ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपको लगेगा की कुछ चीजों पर आपका नियंत्रण नहीं हैं और उनकी वजह से आप अपना सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन नहीं कर पा रहे है । लेकिन विश्वास रखे । आप ईमानदार और मेहनती है। यहां तक की आपके मालिक आपकी बाधा और परेशानी को समझते हैं, इसलिए आप ईमानदार रहे और हमेशा की तरह काम करते रहे । लाभ बनाने के लिए आपको विदेश में किसी के साथ साझा काम करने की जरुरत है। आपके वित्त और धन में बढ़ने की क्षमता है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी छात्रों पर सड़क जाम

## हिंसा और सरकारी काम में बाधा के आरोप में एफआईआर

रांची, 8 फरवरी (एजेंसियां)। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के दो स्टूडेंट्स की बीते 5 फरवरी को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद आक्रोशित छात्रों ने सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया था। इस दौरान कई डिमांड भी प्रशासन के सामने रखे गए थे। हालांकि कई राउंड बातचीत के बाद भी बात नहीं बनी और आखिरकार पुलिस को बल का प्रयोग कर जाम को हटाना पड़ा था। इस मामले में मांडर सीओ चंचला कुमारी के आवेदन पर मांडर थाने में मामला दर्ज किया गया है। जिसमें नामजद 16 छात्रों समेत 200 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है।

प्राथमिकी में एनएच जाम करने हिंसा कर विधि व्यवस्था भंग करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की बात कही गई है। एफआईआर में कहा गया है



कि मुरगु पुल के पास हादसा हुआ था। जिसमें देवदास मंडल और ऐश्वर्या बसक की मौत के बाद उनके पार्थिव शरीर सड़क पर कंबल से ढका हुआ था। सामने एक एंबुलेंस खड़ी थी। लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति और छात्र वहां सड़क जाम कर रहे थे।

वहीं घटनास्थल पर पूर्व से मांडर थाना प्रभारी राहुल समेत अन्य पुलिसकर्मी और सशस्त्र बल समेत सामान्य बल भी मौजूद थे। वहीं डीएसपी रामनारायण चौधरी भी मौजूद थे। इसके साथ एसडीएम उत्कर्ष कुमार की ओर से उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को जानकारी दी गई। प्रशासन और पुलिस के पदाधिकारी की ओर से जाम को हटाने के लिए लगातार वार्ता भी की गई। जिसमें एक मांग पत्र और पार्थिव शरीर को रिम्स अस्पताल ले जाने की सहमति बनी। लेकिन कुछ उपद्रवियों ने इस वार्ता को असफल कर दिया गया।

जाम की वजह से सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई, जिससे लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही उग्र होकर उपद्रवियों की ओर से पुलिस पदाधिकारी के साथ धक्का मुक्की किया जाने लगा और पत्थरबाजी किया गया। प्रशासन और पुलिस पदाधिकारी के साथ बदतमीजी और कॉलर पकड़ा गया। इससे कई पुलिस पदाधिकारी को गंभीर चोटे भी आई। इसको लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के लिए भी आग्रह किया गया है।

इस मामले में सीयूजे के छात्र सुधांशु कुमार, विनायक कुमार झा, साहिल कुमार, सत्यम कुमार, अमित सिंह, सिद्धांत कुमार, आशीष शर्मा, बबन कुमार, कुंदन, आदिल, आनंद केसरी, कुणाल, आर्यन, उज्जवल कुमार, कुमार ऋषिकेश और शिवम आनंद को अभियुक्त बनाया गया है।

# 12 हथियारबंद बदमाशों ने की फायरिंग

## जमीन विवाद में बदमाशों ने की वारदात, 5 घरों में तोड़फोड़

पाकुड़, 8 फरवरी (एजेंसियां)। नगर थाना क्षेत्र के नंदीपाड़ा में जमीन विवाद को लेकर एक गंभीर घटना सामने आई है। लगभग 10-12 हथियारबंद बदमाशों ने पांच घरों में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और महिलाओं व बच्चों के साथ मारपीट की। बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित परिवारों में से लता सरकार, प्रभाकर दास, सुष्मिता दास और मिठू दास ने नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, बदमाशों ने लाठी-डंडों से घरों के दरवाजे और खिड़कियां तोड़ दीं, साथ ही पानी के कनेक्शन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर, थाना प्रभारी दिलीप कुमार बस्की ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ महीने पहले दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था।

# जहरीली महुआ शराब पीने से 7 मौतें, 4 गंभीर

## मरने वालों में सरपंच का भाई भी, बिलासपुर में पहले 3, फिर एक साथ 4 ने तोड़ा दम

बिलासपुर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जहरीली महुआ शराब पीने से सरपंच के भाई समेत 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 की हालत गंभीर है, जिनका सिम्स में इलाज जारी है। हालांकि मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी। वहीं कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की है। घटना कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी की है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को पहले एक की मौत हुई, फिर दो लोगों की जान गई, तब बीमारी समझकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। फिर शुक्रवार की रात एक साथ चार लोगों की मौत हुई, तब कई दिनों से महुआ शराब पीने की सूचना मिली। मरने वाले सभी एक ही गांव के रहने वाले थे। पुलिस की टीम जब गांव पहुंची, तो 3 शवों को परिजनों ने मुक्तिधाम ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। लेकिन पुलिस ने इन शवों को पीएम कराने के लिए रोकने की कोशिश नहीं की। पुलिस का कहना है कि, परिजन उनके शवों का पोस्टमॉर्टम कराने के लिए तैयार नहीं थे। इसलिए केवल एक ही शव को पीएम के लिए भेजा गया।

जहरीली शराब पीने से जान गंवाने वालों में सरपंच रामाधार सुनहले का भाई रामू सुनहले भी शामिल है। स्थानीय निवासी जैजै राम पटेल का कहना है कि, 7 से 8 लोगों की मौत हुई है, जबकि चार लोग सिम्स में भर्ती हैं।

सबताया जा रहा है कि जहरीली शराब पीने से उनकी मौत हुई है। पुलिस और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, लोफन्दी गांव में महुआ शराब पीने के बाद पिछले तीन-चार दिन से लोग बीमार पड़ रहे थे। इस दौरान एक-एक कर 3 लोगों की मौत हो गई, तब उन्हें यह नहीं पता चला कि, उनकी मौत शराब पीने से हुई है। शुक्रवार को जब एक साथ चार लोगों की मौत हुई, तब जहरीली शराब पीने से मौत का पता चला। तब तक गांव में मरने वाले तीन लोगों का अंतिम संस्कार किया जा चुका था। अभी एक शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है

लोगों का आरोप है कि, पिछले 8-10 साल से गांव में महुआ शराब की बिक्री हो रही है। आबकारी और पुलिस की टीम आती है, लेकिन मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। शिकायत के बाद कभी-कभी दिखावे की कार्रवाई की जाती है। यही वजह है कि अवैध शराब की बिक्री जारी है।

घटनास्थल पर टीआई नवीन देवांगन और एएसपी राजेंद्र जायसवाल ने बातचीत में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि, मामले में जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# काम करो, नहीं तो जेसीबी से कुचलकर गाड़ देंगे

## महिला बोली-लठैत दिन-रात कराते हैं काम, इससे पति की मौत, तेलंगाना में रायगढ़ के 150 लोग फंसे

रायगढ़, 8 फरवरी (एजेंसियां)। ठेकेदार ने ईंट भट्ठे में मेरे पति से दिन रात जबरन काम कराया। काम के टेंशन से मेरे पति की जान चली गई। वहां जितने लोग हैं, उनको भी लठैतों के बल पर काम कराया जा रहा है। नहीं करने पर कहते हैं कि जेसीबी से कुचलकर जमीन में गाड़ देंगे। 3 दिन तक लाश गरुड-पेठ में ही पड़ी रही। ये बातें तेलंगाना के गरुड-पेठ गांव में ईंट-भट्ठे में काम के दौरान मृत मजदूर नवीन झारा की पत्नी सुभाषिनी ने कही है। ढोकरा शिल्प के करीब 150 कारीगर अभी भी ईंट-भट्ठा के ठेकेदार के चंगुल में फंसे हैं। ये सभी रायगढ़ जिले के एकताल गांव के हैं। दरअसल, रायगढ़ जिले के एकताल गांव के करीब 150 लोगों को जब ढोकरा शिल्प से काम नहीं मिलने लगा, तो वह रोजी-रोटी की तलाश में 3 महीने पहले तेलंगाना गए थे। इनमें नवीन झारा और उसकी पत्नी सुभाषिनी, बेटा आदित्य और बेटी अंकिता भी गई थी। यहां ठेकेदार के लठैत डर के साय में काम कराते हैं। काम में नहीं किए जाने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। गाली-गलौज करते हैं। इसी भट्ठे में नवीन झारा भी काम करता था। रोजाना डर से काम करने की वजह से जान चली गई। पति नवीन की मौत के बाद पत्नी ने लाश को भेजने के लिए ठेकेदार से मदद मांगी, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद मृतक के परिवार ने एकताल के सरपंच को जानकारी दी। शव को रायगढ़ लाने के लिए मदद मांगी। इसके बाद एकताल गांव के सरपंच हिमांशु चौहान और गांव के लोग वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने लाश को लाने की अपील की। इसके बाद अधिकारियों ने संबंधित लोगों से बातचीत की। लाश को गुरुवार को रायगढ़ लाया गया, जिसके बाद परिवार ने अंतिम संस्कार किया। गांव के झारा परिवार के मुखिया धनीराम झारा ने बताया कि मृतक के परिवार में 4 लोग हैं। नवीन का बड़ा भाई जुजेष्टी झारा अभी भी वहीं फंसा हुआ है। उसे नहीं आने दे रहे हैं। ठेकेदार मजदूरों से मारपीट करता है। वहीं सत्य कुमार झारा ने बताया कि उसके भाई नारायण झारा, बेटा गिरधारी, कन्हैया, बहू पूजा और कुमकुम के अलावा 2 नाती दिवाली के समय काम करने गए थे, लेकिन ठेकेदार ने मोबाइल छीन लिया था, जिस वजह से किसी से बात तक नहीं हो पाती थी। वहीं सरपंच हिमांशु चौहान ने बताया कि वे प्रशासन से शिकायत की गई है। वहां फंसे लोगों को निकालने के लिए आश्वासन मिला है। साथ ही झारा परिवार को मनरेगा और अन्य कार्यों में काम के लिए प्रशासन से मदद मागी गई है, ताकि ये पलायन करने को मजबूर न हों। कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने बताया कि सूचना मिली है कि एकताल गांव के कुछ लोगों से उनकी मर्जी के बगैर काम लिया जा रहा है।

# रंगदारी के लिए हथियार रखने वाला आरोपी धराया

## धान के बोरे में छिपाकर रखा था लोडेड देशी कट्टा, हत्या के मामले में जा चुका है जेल

गुमला, 8 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के गुमला जिले में पुलिस ने एक खतरनाक अपराधी को गिरफ्तार किया है। शिलाफारी हुन्डरा टोली से पकड़े गए आरोपी केलटा झोरा के पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ है, जिसे उसने धान के बोरे में छिपाकर रखा था। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि गुमला एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से .315 बोर का एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह इस हथियार का इस्तेमाल लोगों को डराकर रंगदारी वसूलने के लिए करता था। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और पहले भी सिसई थाना क्षेत्र में हत्या के एक मामले में जेल जा चुका है।

# रशियन गर्ल रायपुर क्यों आई, कौन लाया, पूछताछ करेगी पुलिस

## छत्तीसगढ़ में किन-किन लोगों से संबंध, इसकी होगी जांच, टूरिस्ट वीजा पर रह रही थी

रायपुर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। रायपुर के वीआईपी रोड पर हंगामा करने वाली रशियन गर्ल और वकील दोस्त को पुलिस ने 3 दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस दोनों से कई बिन्दुओं पर पूछताछ करेगी। पुलिस इसका पता लगाएगी कि रशियन गर्ल रायपुर क्यों आई थी? उसे छत्तीसगढ़ कौन लेकर आया था। उसका किन-किन लोगों के साथ संबंध है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, रशियन गर्ल सत्तारोवा नादिराखोन के पास टूरिस्ट वीजा है। लेकिन उसकी संदिग्ध गतिविधियों की वजह से पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच करना चाह रही है। जिससे युवती का रायपुर का लोकल कनेक्शन सामने आ सके।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, रशियन युवती 31 जनवरी को टूरिस्ट वीजा पर उज्बेकिस्तान से मुंबई होते हुए रायपुर आई थी। उसके बाद वो टाटीबंध स्थित एक होटल पर रह रही थी। इस दौरान 5 फरवरी को वीआईपी रोड स्थित बार में



उसकी वकील के साथ जान पहचान हुई। इस बीच दोनों होटल भी गए। इसके साथ ही दोनों ने बार में जमकर शराब पी। फिर वे होटल के लिए निकल रहे थे। तभी नशे की हालत में लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए स्कूटी सवार 3 युवकों को टक्कर मार दी। फिलहाल पुलिस ने रशियन युवती और वकील के खिलाफ एक्सीडेंट के मामले में दूसरे की जान को जानबूझकर खतरे में डालने और लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने को लेकर एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में पीड़ित को गंभीर चोट पहुंचने पर कोर्ट आरोपी को 3 साल तक की सजा और 10 हजार का जुर्माना लगा सकता है। बता दें कि, 6 फरवरी की रात करीब 12:30 बजे उज्बेकिस्तान ताशकंद की रहने वाली युवती अपने वकील दोस्त भावेश आचार्य के साथ वीआईपी रोड पर भारत सरकार लिखी कार चला रही थी। वह नशे में थी। उसने स्कूटी सवार युवकों को टक्कर मार दी।

जिससे युवक नीलकमल साहू, ललित चंदेल और अरुण विश्वकर्मा घायल हो गए। जो रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार के रहने वाले हैं। ये वीडियो शूटिंग से जुड़ा काम करते हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने कार को रुकवाया। तेलीबांधा पुलिस पेट्रोलिंग टीम भी मौके पर पहुंच गई। कार से बाहर निकलने के बाद विदेशी युवती ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर उसका फोन गुम गया। जिसके बाद वहां खड़े लोगों पर फोन रखने का आरोप लगाकर मोबाइल मांगने लगी। पुलिस उसे लगातार थाने चलने को कहती रही, लेकिन नशे की हालत में वहां हंगामा करती रही।

# भाजपा पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

## कांग्रेस मेयर प्रत्याशी बोले- बिजली पोल-सरकारी भवनों में लगाए पोस्टर, स्ट्रॉग-रूम में लगाएं सीसीटीवी कैमरे

बिलासपुर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने भाजपा प्रत्याशी एल पद्मजा उर्फ पूजा विधानी पर आचार संहिता के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी और ऑब्जर्वर विनीत नंदनवार से शिकायत भी की है। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार ने चुनाव आयोग के निर्देश के बाद भी शहर के बिजली के खंभों के साथ ही सरकारी भवनों में बैनर-पोस्टर लगाए हैं। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत ऐसा नहीं किया जा सकता। मेयर प्रत्याशी नायक ने अपनी शिकायत के साथ वीडियो और फोटो भी सौंपा है। इसके साथ ही उन्होंने कोनी स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी की है। नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी और पार्टी के नेता जिला प्रशासन के अफसरों पर भाजपा के दबाव में काम करने का लगातार आरोप लगा रहे हैं। नायक ने अपनी शिकायत में बताया है कि पूरे शहर के बिजली के पोल और सरकारी भवनों में भाजपा की महापौर प्रत्याशी के साथ ही पार्षद प्रत्याशियों की फोटो वाले बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं। सरकारी संपत्ति में भाजपा के झंडे नजर आ रहे हैं। इन्हें तत्काल हटाया जाए। नायक ने कहा कि किसी भी पार्टी या निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की जिम्मेदारी जिला निर्वाचन अधिकारी और ऑब्जर्वर की होती है। लेकिन, शहर में केवल भाजपा प्रत्याशियों के ही बैनर-पोस्टर सरकारी भवनों और बिजली पोल पर लगा है। जिस पर निगम प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी नायक ने कहा कि तत्काल बैनर -पोस्टर बिजली के पोल और सरकारी भवनों से नहीं हटाया जाता है।

# ब्रिटिश प्रिंस हैरी को अमेरिका से निकाला जा सकता है

## वीजा में ड्रग्स लेने की बात छिपाई थी, ट्रम्प ने पुराना मामला खोला



वॉशिंगटन, 8 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की डिपोर्टेशन लिस्ट में अब ब्रिटिश प्रिंस हैरी का नाम जुड़ सकता है। ट्रम्प ने पांच महीने पहले बंद हो चुके हैरी के वीजा केस को खोलने के आदेश दिए हैं। हैरी वीजा हासिल करने में गलत सूचना देने के दोषी पाए गए तो ट्रम्प उन्हें डिपोर्ट कर सकते हैं। ऐसा हुआ तो हैरी ट्रम्प द्वारा इस कार्यकाल में डिपोर्ट होने वाले पहले इंडिविजुअल होंगे। ट्रम्प कह चुके हैं कि हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल को रियायत नहीं देंगे। मेगन अमेरिकी नागरिक हैं, हैरी उनके साथ अमेरिका में ही रहते हैं। ये मामला हैरी की आत्मकथा 'स्पेयर' से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने किशोरावस्था में ड्रग्स लेना कबूला था। हैरी ने अमेरिका का वीजा लेते समय ये बात छिपाई थी। इसे मुद्दा बनाते हुए दक्षिणपंथी संगठन हेरिटेज फाउंडेशन ने केस खोलने की याचिका दायर की थी। ट्रम्प ईसाइयों को संरक्षण के लिए आयोग बनाएंगे ट्रम्प ने ईसाई विरोधी भेदभाव से जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए हैं। यह आदेश फेडरल एजेंसियों को यह तय करने का आदेश देता है कि ईसाई लोगों के अधिकारों का उल्लंघन न हो। ट्रम्प ने इस दौरान कहा कि वे धार्मिक स्वतंत्रता पर एक राष्ट्रपति आयोग बनाएंगे, जिससे ईसाई धर्म को और ज्यादा संरक्षण मिलेगा। ट्रम्प के इस फैसले की कड़ी आलोचना हो रही है। आलोचकों का कहना है, आदेश धार्मिक स्वतंत्रता की अवधारणा को खत्म कर ईसाई धर्म को प्राथमिकता देता है। आरोप है कि अगर ट्रम्प सच में धार्मिक स्वतंत्रता की परवाह करते तो वे मुस्लिम, यहूदी व अन्य के खिलाफ हो रहे भेदभाव पर भी ध्यान देते। डोनाल्ड ट्रम्प ने दक्षिण अफ्रीका को टारगेट करके एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए हैं। ट्रम्प ने हाल ही में आरोप लगाया था कि साउथ अफ्रीकी सरकार जबरदस्ती लोगों की जमीन कब्जा रही है और कुछ चुनिंदा लोगों को टारगेट कर रही है। ट्रम्प ने साउथ अफ्रीका को दी जाने वाली मदद रोकने की बात कही थी। ट्रम्प ने खुद को जॉन एफ कैनेडी सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसे लेकर उन्होंने कहा कि वह बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज से कई लोगों को तत्काल हटा रहे हैं। कैनेडी सेंटर देश का नेशनल कल्चरल सेंटर है। इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के जरिए चलाया जाता है। यूएसएआईडी के 10 हजार कर्मचारियों को निकालने का आदेश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के 10 हजार कर्मियों को निकालने का आदेश जारी किया है।

# अलास्का प्लेन हादसे में सभी 10 लोगों की मौत

## नोम एयरपोर्ट से 54 किमी दूर मिला मलबा, गुरुवार को लापता हुआ था प्लेन

वॉशिंगटन, 8 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के अलास्का में गुरुवार को 10 लोगों को लेकर जा रहा चार्टर्ड प्लेन अचानक लापता हो गया था। प्लेन में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। बेरिंग एयर के इस विमान ने अलास्का के उनालाक्लीट शहर से नोम शहर के लिए उड़ान भरी थी। शुक्रवार को प्लेन का मलबा नोम एयरपोर्ट से लगभग 54 किमी दूर दक्षिण-पूर्व में मिला।

नोम वालंटियर फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि प्लेन में 9 यात्री और एक पायलट था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार के डेटा के मुताबिक, उनालाक्लीट से उड़ान भरने के 39 मिनट बाद ही प्लेन रडार से गायब हो गया था। उनालकनीट से नोम की दूरी 235 किमी है।

अमेरिकी तटरक्षक बल ने बताया कि विमान के अंदर 3 शवों की पहचान कर ली गई है। बाकी के 7 शव अभी भी प्लेन के अंदर



हैं, लेकिन रेस्क्यू वर्कर्स उन तक पहुंच नहीं पाएं हैं। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि लापता विमान में सवार सभी यात्रियों के परिवारों को जानकारी दे दी गई है। गुरुवार को खराब मौसम की वजह से सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा था, जिससे विमान का पता लगाने में मुश्किल हो रही थी। शुक्रवार को भी शुरुआती खोजबीन में प्लेन का सुराग नहीं मिला था। यह प्लेन उनालाक्लीट से उड़ान भरने के 39 मिनट बाद ही रडार से गायब हो गया था। कल फायर डिपार्टमेंट ने लोगों से अपील की थी कि वे खुद ही प्लेन की तलाश में न निकल जाएं, क्योंकि खराब मौसम की वजह से और ज्यादा लोग लापता हो सकते हैं। उनालाक्लीट, अलास्का के पश्चिमी तट पर स्थित है। यह नॉर्टन साउंड खाड़ी के पास है और नामिक नदी के मुहाने पर बसा हुआ है। यहां 690 लोग रहते हैं। नोम भी अलास्का के पश्चिमी तट पर स्थित है। 1890 के दशक में यहां पर सोने की खोज हुई थी, जिसके बाद यह इलाका चर्चित हो गया। यहां 3500 से ज्यादा लोग रहते हैं।

# महाकुंभ में छत्तीसगढ़ के मंत्री-सांसद लगाएंगे डुबकी

## रमन सिंह ने भेजा न्योता, नागपुर से आज और दुर्ग से 14 फरवरी को स्पेशल ट्रेन

रायपुर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट समेत सांसद-विधायक 13 फरवरी को महाकुंभ जा सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सभी को चिट्ठी लिखकर न्योता भेजा है। जिसमें लिखा है कि, मेरी इच्छा है विधानसभा के सभी सदस्य, सांसद महाकुंभ स्नान का लाभ लें। वहीं आम लोगों के लिए एक स्पेशल ट्रेन नागपुर से आज दोपहर 3 बजे रवाना होगी। इसे नागपुर-दानापुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन (गाड़ी नंबर 01203) नाम दिया गया है। 8 फरवरी को ट्रेन रवाना होगी और वापसी में दानापुर-नागपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन (गाड़ी नंबर 01204) 9 फरवरी को दानापुर से दोपहर 2:30 बजे रवाना होगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने पत्र में लिखा है- गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन त्रिवेणी संगम पर आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए सनातन लोकतांत्रिक परंपराओं का सजीव अनुभव करने का अवसर प्राप्त होगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया है।

# कांग्रेस नेता के फॉर्म-हाउस से 31 लाख की शराब जब्त

## महेंद्र कर्मा भागे, सांसद बघेल बोले-घोटाले की शराब पंचायत चुनाव में खपा रहे कांग्रेसी

दुर्ग-भिलाई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के यहां अवैध शराब पकड़ाई है। ग्राम फुण्डा के उनके फॉर्म हाउस में तकरीबन 500 पेटी शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 31 लाख 20 हजार रुपए है। एएसपी अभिषेक झा के नेतृत्व में दुर्ग पुलिस के क्राइम ब्रांच और एटीएस की टीम ने शनिवार को कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद महेंद्र वर्मा मौके से फरार हैं। जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं सांसद विजय बघेल ने कहा घोटाले की शराब को कांग्रेसी चुनाव में खपा रहे है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में 11 फरवरी को वोटिंग है, इससे पहले लगातार आबकारी टीम



कार्रवाई कर रही है। बीते 4 दिनों में प्रदेश में लगभग 1 करोड़ की शराब पकड़ाई है। बलौदाबाजार के सिमगा से 700 पेटी अंग्रेजी शराब और बेमेतरा में भी 780 पेटी शराब जब्त की गई है। बता दें कि महेंद्र वर्मा कांग्रेस कमेटी पाटन के ब्लॉक अध्यक्ष है। कांग्रेस नेता के यहां शराब पकड़ाने पर बीजेपी सांसद विजय बघेल ने पूर्व की सरकार पर निशाना भी साधा है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस सरकार में जो शराब घोटाला हुआ उसका असर आज भी दिख रहा है, भूपेश बघेल की विधानसभा क्षेत्र के नेता महेंद्र वर्मा के फॉर्म हाउस में अवैध शराब बरामद हुआ है। विजय बघेल ने कहा कि यह साफ-साफ जाहिर होता है कि शराब घोटाले में कांग्रेस के लोग शराब छुपा कर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शराब लाई गई थी लेकिन अब तक इस छुपकर रखा गया था क्योंकि पंचायत चुनाव में इसे खपाया जाए। सांसद ने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब पाटन में और भी जगह हो सकता है, इस पर पुलिस प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और भी छानबीन करने की आवश्यकता है।

# इलेक्ट्रो स्टील कंपनी के ड्राइवर की दर्दनाक मौत

## ट्रेलर टक्कर के बाद बोलेरो पर चढ़ा, परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

बोकारो, 8 फरवरी (एजेंसियां)। बोकारो में एक दर्दनाक सड़क हादसे में इलेक्ट्रो स्टील कंपनी के ड्राइवर की मौत हो गई। शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे तालगाड़िया मोड़ से इलेक्ट्रो स्टील जाने वाली सड़क पर ग्राम बधाडीह के पास यह हादसा हुआ।

ट्रेलर ने बोलेरो में जोरदार टक्कर मारी। इससे बोलेरो, ट्रेलर में ही फंस गया। वहीं, ट्रेलर की रफ्तार ज्यादा होने की वजह से वो बोलेरो के साथ ही सड़क से 10 फीट नीचे गिर गया। ट्रेलर बोलेरो के ऊपर चढ़ गया। इससे ड्राइवर ने मौके पर दम तोड़ दिया। शव बोलेरो में ही फंस गया। हादसे की जानकारी लोगों को सुबह में हुई। मृतक की पहचान विवेक हाजरा (22) के रूप में की गई। विवेक



इलेक्ट्रो स्टील कंपनी के एक अधिकारी को बोलेरो से उनके आवास पर छोड़कर लौट रहा था। इसी दौरान ट्रेलर ने बोलेरो में टक्कर मारी और उसके ऊपर चढ़ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही विवेक की मौत हो गई। मृतक विवेक अंकुश ग्राम, लाडी टोला के निवासी शिव प्रसाद हाजरा का पुत्र था। विवेक का एक छोटा बच्चा भी है। वे इलेक्ट्रो स्टील कंपनी में स्टाफ को लाने-ले जाने का काम करता था।

इधर, सुबह मौके पर जुटे परिजन और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि मृतक की पत्नी को कंपनी में नौकरी दी जाए और परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही उन्होंने इस मार्ग पर भारी वाहनों के संचालन में सुरक्षा नियमों के कड़े पालन की भी मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों।

# 'वे शराब और पैसे के नशे में डूब गए

## > शिष्य केजरीवाल और आप की हार पर बोले अन्ना हजारे




नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भाजपा ने आम आदमी पार्टी के विजयरथ को इस बार रोक दिया है। अब तक आए आंकडों में तस्वीर लगभग साफ हो गई है। इसके मुताबिक, दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा अपनी सरकार बना सकती है। सीएम आतिशी को छोड़कर दिल्ली की लगभग पूरी कैबिनेट को हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी की हार पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आप की हार के लिए अरविंद केजरीवाल की शराब नीति को जिम्मेदार ठहराया। अन्ना हजारे ने कहा कि शराब नीति और पैसे पर पूरा ध्यान लगाने के कारण डूब गई।

**> अन्ना हजारे ने आप की हार के लिए बताया इसे जिम्मेदार**

अन्ना हजारे ने कहा कि मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार के पास चरित्र होना चाहिए, अच्छे विचार होने चाहिए और उसकी छवि पर कोई आंच नहीं आनी चाहिए।

लेकिन, उन्हें (आप) यह नहीं मिला। वे शराब और पैसे में उलझ गए, इससे उनकी (अरविंद केजरीवाल) छवि को नुकसान हुआ। मैनें पहले भी उसे (अरविंद केजरीवाल) को समझाया था, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया। वे शराब और पैसे में बह गए।

**> वे बात चरित्र की करते हैं और फिर शराब में डूब जाते हैं**

अन्ना हजारे ने आगे कहा कि लोगों ने देखा कि अरविंद केजरीवाल बात चरित्र की बात करते हैं, लेकिन शराब में शामिल हो जाते हैं। हजारे ने कहा कि राजनीति में आरोप लगते हैं और उन्हें साबित करना पड़ता है कि वो दोषी नहीं है। अन्ना हजारे ने आगे कहा कि आप इसलिए हारी क्योंकि वह निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करने की जरूरत को समझने में असफल रही। उसने गलत रास्ता अपना लिया आप की गाड़ी में पैसे ने आगे की सीट ले ली और लोगों की सेवा ने पीछे हो गई। गौरतलब है कि साल 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन हुआ था। इस आंदोलन के बाद ही केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) की स्थापना साल 2012 में हुई थी। केजरीवाल को हजारे का समर्थक माना जाता है, लेकिन 2012 में आप का गठन करने के बाद दोनों अलग हो गए।

# 'दुष्कर्म-पॉक्सो मामले को खत्म करने की पीड़िता की याचिका स्वीकार्य नहीं'

**केरल हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी**

कोच्चि, 8 फरवरी (एजेंसियां)। केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी मामले में दुष्कर्म या पॉक्सो कानून के तहत गंभीर आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाते हैं, तो फिर पीड़िता की तरफ से केस खत्म करने की मांग को प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। यह फैसला एक पीड़िता और उसकी मां की तरफ से दायर याचिका पर आया, जिसमें उन्होंने पीड़िता के डांस टीचर और उसकी पत्नी के खिलाफ चल रहे मामले को खत्म करने की मांग की थी। इन दोनों पर भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं और पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**क्या है मामला?**

पीड़िता ने पुलिस को दिए गए अपने बयान में कहा था कि 2015 में जब वह नाबालिग थी, तब उसके डांस टीचर ने उसे फिल्मों और रियलिटी शो में काम दिलाने का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसने यह भी बताया कि डांस टीचर ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ संबंध बनाए। बाद में जब डांस टीचर ने किसी और से शादी कर ली, तो पीड़िता ने उसकी पत्नी को अपने रिश्ते के बारे में बताया। इसके बाद, आरोपी की पत्नी ने भी उसे भरोसा दिलाया कि वह भी टीचर से शादी कर सकती है और उसने इन शारीरिक संबंधों को बढ़ावा भी दिया। हालांकि, जब पीड़िता 2020 में बालिग हो गई, तो उसने मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए अपने बयान में इन सभी आरोपों से इनकार कर दिया। उसने कहा कि उसे डांस टीचर और उसकी पत्नी के खिलाफ आरोप लगाने के लिए मजबूर किया गया था। पीड़िता की मां, जिन्होंने पहले शिकायत दर्ज करवाई थी, उन्होंने भी अपने आरोप वापस ले लिए और केस खत्म करने की मांग की। लेकिन हाई कोर्ट ने उनकी यह याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि केस के रिकॉर्ड से यह साफ होता है कि आरोपियों के खिलाफ बहुत गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें नाबालिग के खिलाफ अपराध भी शामिल हैं।

## खबरें जरा हटके

### पाकिस्तानी लड़के पर आया दिल, 7 समुंदर पार कर पहुंची महिला, फिर कहानी में आए ऐसे ट्विस्ट्स, सब हुए हैरान




कहते हैं प्यार सरहदें नहीं देखता. दुनिया में कई लोग आज कल विदेश में अपने प्रेमी या प्रेमिका से शादी करने के लिए देश छोड़ देते हैं. इंटरनेट के दौर में ऐसा कुछ ज्यादा होने लगा है. लेकिन क्या हरएक को उसकी मंजिल मिलती हैं? कई बार रिश्ते कुछ ज्यादा ही बेमेल होते दिखते हैं तो चर्चा का विषय बन जाते हैं. लेकिन एक मामले का हर हाल में चर्चित होना तय था. कारण? एक 33 साल की अमेरिकी गैर श्वेत महिला 19 साल के पाकिस्तानी लड़के से शादी करने के लिए पाकिस्तान आई थी. उसे यहां आने के बाद निराशा हाथ लगी, हंगामा भी हुआ. लेकिन कहानी यहीं नहीं रुकी, उसमें कुछ नए ट्विस्ट आए और आखिर में वह अब मेंटल हॉस्पिटल में पहुंच गई है.

**क्या था मामला?**

32 साल की अमेरिकी महिला ओनिजा एंड्रयू रॉबिन्सन को इंटरनेट पर 19 साल के पाकिस्तानी निदाल अहमद मेनन से प्यार हो गया था. प्यार आलम ये हुआ कि रॉबिनसन न्यूयॉर्क से उड़ कर अपने ऑनलाइन बॉयफ्रेंड से शादी करने के लिए पाकिस्तान के करांची जा पहुंची. जब अक्टूबर 2024 में वे करांची पहुंची तो मेमन के परिवार ने शादी करवाने से इनकार कर दिया. आरोप यह भी लगा कि रॉबिन्सन ने मेनन को धोखा दिया और चेहरे पर फिल्टर लगाकर यह जताया कि वे गैर श्वेत नहीं बल्कि ब्लोंड अमेरिकी हैं.

**फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस मे हंगामा**

लेकिन रॉबिनसन ने मदद से इनकार कर दिया और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना दर्द बयां किया और मांगें रखीं. उन्होंने मेनन से 3 हजार डॉलर प्रति सप्ताह खर्चे भत्ते की मांग की और साथ ही पाकिस्तान की नागरिकता की भी मांग कर डाली. इतना ही नहीं उन्होंने ऐलान भी कर डाला कि शादी के बाद वे दुबई जा कर परिवार शुरू करेंगीं. वे यहां भी नहीं रुकीं उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से देश के पुनर्निर्माण के लिए एक लाख डॉलर की भी मांग कर डाली. कहानी में एक और ट्विस्ट तब आया जब अमेरीका में रॉबिनसन के बेटे जेरेमिया एंड्रयू रॉबिनसन ने बताया कि उनका मां की मानसिक सेहत ठीक नहीं है औरवे बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त हैं. अब रॉबिनसन को करांची के जिन्ना पोस्टग्रेजुएट हॉस्पिटल के मनोचिकित्सा विभाग में भर्ती कराया गया है. अब उनकी अमेरिका में वापसी के तैयारी हो रही है.

### रशियन बाबा ने बताया, कब खत्म होगा 3 साल से चल रहा युद्ध, जिससे परेशान है पूरी दुनिया




क्या दुनिया में खतरा पहले से अधिक हो गया है? जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, इसका जवाब हां है. लेकिन युद्ध के खतरे मध्य पूर्व में भी बढ़ गए हैं. फिर लोग मानते हैं कि रूस यूक्रेन युद्ध खत्म हो जाएगा तो दुनिया में खतरे काफी हद तक कम हो जाएंगे. पर ऐसा होगा कब? यह सवाल बहुत से लोगों को बेचैन किए हुए हैं. हाल ही में एक रशियन साइकिक ने इस बारे में अहम भविष्यवाणी की है कि रूस यूक्रेन युद्ध कब तक खत्म होगा, इसमें अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की क्या भूमिका होगी और युद्ध के अंत में क्या हालात होंगे? बीते तीन साल से रूसी सेनाएं यूक्रेन में युद्ध लड़ रही हैं. लेकिन अभी तक निर्णायक नतीजों क दूर दूर तक पता नहीं है. हाल ही में मशहूर रूसी टीवी शो "बैटल ऑफ साइकिक्स" की स्टार काजेट्टा अखमेत्ज्हानोवा ने सकरकार समर्थित रूसी न्यूज आटलेट मोस्कोवस्किज तकोमोसोमोटेल्स से इस बारे में विस्तार से चर्चा की.

अखमेत्ज्हानोवा भविष्यवाणी के दुनिया में नया नाम नहीं है. उन्होंने रूस की नास्रेदामस कहा जाता है. वे पहले भी कई सुनामियों की सटीक भविष्यवाणी कर चुकी हैं. और यह भी पहले कह चुकी हैं कि यूक्रेन 2027 तक बार बार रूस को उकसाने का काम करता रहेगा. वे यह भी पहले कह चुकी हैं कि 2025 से शांति की कोशिशें शुरू हो जाएंगीं. अखमेत्ज्हानोवा ने बताया कि अंत ज्यादा दूर नहीं है. उन्होंने दावा किया कि हालात में बहुत जल्दी सुधार होगा जो कि युद्ध के अंत की शुरुआत होगी. उन्होंने यह भी कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प वास्तव में इस समस्या तो सुलझाना चाहते हैं. वो समझते हैं कि रूस अपनी स्थिति से पीछे नहीं हटेगा और अभी वे आंकलन कर रहे हैं कि कैसे युद्ध को खत्म कर अपना दबदबा बढ़ाया जा सकता है.

# पानीपत की नहर में कूदी ब्लॉगर की लाश मिली

**होटल में लिव-इन पार्टनर से हुआ था झगड़ा, दोनों दिसंबर में शादी करने वाले थे**



पानीपत, 8 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के पानीपत में नहर में कूदी दिल्ली की ब्लॉगर श्रुतिका (25) का शव देर रात सोनीपत के खुबड़ू झाल में मिला। वह 5 फरवरी को पानीपत के जट्ट रोड स्थित एक होटल में अपने लिव-इन पार्टनर से मिलने आई थी। झगड़े के बाद नहर में कूद गई। युवक ने पुलिस को सफाई दी है कि वह उसे बचाने के लिए नहर में कूदा था, लेकिन बचा नहीं पाया। दोनों 7 महीने से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। ब्लॉगर के परिजनों के मुताबिक, दोनों दिसंबर में शादी करने वाले थे। युवक ने श्रुतिका से कहा था कि वह अपनी पत्नी को तलाक दे देगा। मां की शिकायत पर पानीपत पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# इल्तिजा मुफ्ती का दावा-मैं और मां महबूबा नजरबंद

**दरवाजों पर तालों की तस्वीरें पोस्ट कीं, लिखा-चुनाव के बाद भी कुछ नहीं बदला**



श्रीनगर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने दावा किया है कि उन्हें और उनकी मां को नजरबंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने उनके दरवाजों पर ताले लगा दिए हैं। इल्तिजा ने सोशल मीडिया X पर घर के बंद दरवाजों पर लगे तालों की फोटो शेयर की है। इल्तिजा ने हाउस अरेस्ट का दावा करते हुए लिखा- चुनाव के बाद भी कश्मीर में कुछ नहीं बदला। अब पीड़ितों के परिवारों को सांत्वना देना भी अपराध माना जा रहा है।

दरअसल, महबूबा (पीडीपी चीफ) सोपोर में वसीम मीर के परिवार से मिलने जाने वाली थीं। आरोप है कि सेना ने वसीम मीर की हत्या की है। वहीं, इल्तिजा माखन दीन के परिवार से मिलने के लिए कठुआ जाने वाली थीं। महबूबा मुफ्ती ने एक पोस्ट में लिखा था-पेरोडी के रहने वाले 25 साल के माखन दीन को बिलावर के एसएचओ ने ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) होने के झूठे आरोप में हिरासत में लिया। उसे बुरी तरह पीटा, यातना दी। जबरन कबूलनामा करवाया, जिससे उसकी मौत हो गई। इलाका सील है। इंटरनेट बंद है। इससे लोगों में दहशत है। उन्होंने बताया-लगातार कार्रवाई हो रही है। लोग हिरासत में लिए जा रहे हैं। यह घटना बेगुनाह युवकों को झूठे आरोप में फंसाने के परेशान करने वाले पैटर्न का ही हिस्सा लग रही है। इल्तिजा ने भी एक बयान में कहा था- कुलगाम, बडगाम, गांदरबल में छोटे लड़कों को उठाया जा रहा है। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि क्या वे सभी आतंकवादी हैं। सभी को शक की नजर से क्यों देख रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि एक भी मंत्री ने इस बारे में कोई बयान नहीं दिया। क्या आपके मुंह में दही जमा है?

# रवि नेगी ने कहा-अब अधूरे काम पूरे होंगे

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली चुनाव के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी जरूरी बहुमत के आंकड़े से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करते हुए दिख रही है। पटपड़गंज विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी रवि नेगी ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है।

उन्होंने शिक्षक से राजनीति क्षेत्र में आए और पहली बार चुनाव लड़ रहे अवध ओझा को बड़े अंतर से हराया। पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से रवि नेगी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, ये जीत पीएम मोदी की है। पिछली बार आम आदमी पार्टी की सुनामी चल रही थी। उस सुनामी में मेरे जैसे मध्यम गरीब परिवार का आदमी मनीष सिसोदिया के सामने लड़ रहा था। उस सुनामी में भी हमने उनको छठी का दूध याद दिलाया था। लेकिन अब पटपड़गंज में हमने जीत दर्ज की है।

**'दिल्ली में लागू किया गया महाराष्ट्र पैटर्न**

# कांग्रेस साथ देती तो नहीं हारती आप, उद्धव गुट का दावा



मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 27 साल बाद जीत दर्ज की है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के गढ़ दिल्ली में उसे हराकर अरविंद केजरीवाल को तगड़ा झटका दिया है। दिल्ली चुनाव के नतीजों पर तमाम नेताओं ने प्रतिक्रियाएं दी हैं। जहां जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुला ने हार के लिए आपस की लड़ाई को जिम्मेदार बताया है तो वहीं अन्ना हजारे ने शराब नीति को। अब आप की हार पर शिवसेना यूबीटी ने भी प्रतिक्रिया दी है। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने भी कांग्रेस और आप की लड़ाई को हार के लिए जिम्मेदार बताया। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा कि 'शुरुआती रुझानों में कड़ा मुकाबला दिखा। अगर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर चुनाव लड़ा होता तो नतीजें अलग हो सकते थे? कांग्रेस और आप की विरोधी पार्टी भाजपा है। दोनों ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन ये लड़ाई अलग-अलग लड़ी, अगर वे साथ होते तो भाजपा की हार तय थी।'

महाराष्ट्र में मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोपों को दोहराते हुए राउत ने भाजपा पर आरोप लगाया कि दिल्ली चुनावों में 'महाराष्ट्र पैटर्न' लागू किया गया था। चुनाव आयोग ने अपनी आंखें बंद कर ली हैं। राउत ने आगे दावा किया कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली में काम करने की अनुमति नहीं दी गई। यहां एलजी (लेफ्टिनेंट जनरल) के पास पूरी शक्ति थी।

# उद्धव ठाकरे का भाजपा-शिंदे को चैलेंज

## > हमें तोड़ने की कोशिश करोगे तो सिर फोड़ देंगे > मर्द की औलाद हैं तो सामने से लड़ें



मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) के कुछ सदस्यों के एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने की खबरों पर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि हम आपको (शिवसेना और भाजपा) दिखाएंगे कि असली शिवसेना कौन सी है। अगर आप हमें तोड़ने की कोशिश करेंगे तो हम आपका सिर फोड़ देंगे।

ठाकरे ने कहा- अगर आप (एकनाथ शिंदे और भाजपा) मर्द की औलाद हैं तो ईडी, सीबीआई, आयकर और पुलिस को एक तरफ रख दें और हमारे साथ आकर लड़ें। कहा गया कि यूबीटी शिवसेना के 7 सांसद जा रहे हैं। मैं चैलेंज करता हूं कि सरकारी यंत्रणा को दूर रखो और एक भी शिव सैनिक तोड़कर दिखाओ। शिवसेना (यूबीटी) में टूट की खबरों के बीच उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव इन्होंने फरेब से जीता है। फर्जी वोटर बनाए गए, लाखों की संख्या में नए वोटर तैयार किए गए। इसकी जांच होनी चाहिए।

**उद्धव बोले-बीएमसी को लूटा जा रहा है**

बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन (बीएमसी) का जिक्र करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा- आज आर्थिक राजधानी मुंबई और महाराष्ट्र को मारने का काम किया जा रहा है। बीएमसी को मारने का काम किया जा रहा है। बीएमसी को लूटने का काम किया जा रहा है। बीएमसी को विसर्जित करने का काम किया जा रहा है। कहते हैं बैंक में पैसा रखकर विकास नहीं होता तो क्या कॉन्ट्रैक्टर की जेब में पैसा डालकर विकास होता है। मैं तुम्हे बीएमसी देने वाला नहीं हूं।

**संजय राउत ने पीएम मोदी पर विवादित बयान दिया**

उद्धव ठाकरे के अलावा संजय राउत ने भी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि पूरा कपड़ा पहनकर प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान किया। कहा गया कि बुलेट प्रूफ पहने थे। कपड़ा पहनकर गंगा स्नान करके दिखा दिया कि यही हमारी हिंदू संस्कृति है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर संजय राउत ने कहा- लाखों नए वोटर बढ़ाकर इन्होंने महाराष्ट्र जीता है। ये अफजल खान की औलाद हैं और पीठ में खंजर घोंपने का काम किया है। हम इन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। हम इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

इससे पहले डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने ऑपरेशन टाइगर के आरोपों को लेकर कहा था- शेर की खाल पहनकर कोई शेर नहीं हो सकता, उसके लिए शेर का कलेजा होना चाहिए। मेरे काम से प्रभावित होकर सभी पार्टियों के लोग मुझसे मिलते रहते हैं।

# महाराष्ट्र में जीबी सिंड्रोम के 7 नए केस

## > मरीजों की संख्या 180 हुई, 22 वेंटिलेटर पर और 58 आईसीयू में > अब तक 6 की मौत

मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे जिले में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के 7 नए मामले सामने आए। इसके बाद जीबी सिंड्रोम के कुल मामले बढ़कर 180 हो गए हैं। इससे अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, 58 मरीज आईसीयू और 22 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं, जबकि 79 को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इन 180 मामलों में पुणे से 123, पिंपरी-चिंचवाड़ से 25, पुणे ग्रामीण से 24 मामले और दूसरे जिलों से 8 मामले हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि जीबी सिंड्रोम के सबसे ज्यादा मामले नांदेड़ के पास स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी से आए। यहां के पानी का सैंपल लिया गया था, जिसमें कैंपिलोबैक्टर जेजुनी पॉजिटिव पाया गया। यह पानी में होने वाला एक बैक्टीरिया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) ने पुष्टि की है कि नांदेड़ और उसके आसपास के इलाकों में जीबी सिंड्रोम प्रदूषित पानी के कारण फैला है।

पुणे नगर निगम ने नांदेड़ और आसपास के इलाके में 11 निजी आरओ सहित 30 प्लांट को सील कर दिया है। 6 फरवरी को 63 साल के व्यक्ति की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया था कि बुखार और पैरों में कमजोरी की शिकायत के बाद बुजुर्ग को सिंहगढ़ रोड क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि उन्हें जीबी सिंड्रोम है। इस्केमिक स्ट्रोक के कारण उनकी मौत हो गई थी।




**अन्य राज्यों में भी जीबी सिंड्रोम के मामले**

महाराष्ट्र के अलावा देश के 4 दूसरे राज्यों में जीबी सिंड्रोम के मरीज सामने आ चुके हैं। तेलंगाना में ये आंकड़ा एक है। असम में 17 साल की लड़की मौत हुई, कोई दूसरा एक्टिव केस नहीं है। वहीं, पश्चिम बंगाल में 30 जनवरी तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें दो बच्चे शामिल हैं। एक वयस्क है। पीड़ित परिवारों का दावा है कि इन मौतों का कारण जीबी सिंड्रोम है, लेकिन बंगाल सरकार ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

दावा है कि 4 और बच्चे जीबी सिंड्रोम से पीड़ित हैं। कोलकाता के अस्पताल में उनका इलाज जारी है। राजस्थान के जयपुर में 28 जनवरी को लक्षत सिंह नाम के बच्चे की मौत हुई। वो कुछ समय से जीबी सिंड्रोम से पीड़ित था। परिजनों ने उसका कई अस्पताल में इलाज कराया था। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

**पश्चिम बंगाल में 3 की मौत**

कोलकाता और हुगली जिला अस्पताल में 3 लोगों की मौत जीबी सिंड्रोम से होने का दावा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उत्तर 24 परगना जिले के जगद्दल के रहने वाला देबकुमार साहू (10) और अमदंगा का रहने वाले अरित्रा मनल (17) की मौत हुई है। तीसरा मृतक हुगली जिले के धनियाखाली गांव का रहने वाला 48 साल का व्यक्ति है।

देबकुमार के चाचा गोविंदा साहू के मुताबिक देब की मौत 26 जनवरी को कोलकाता के बीसी रॉय अस्पताल में हुई थी। उसके डेथ सर्टिफिकेट में मौत का कारण जी.बी. सिंड्रोम लिखा है। वहीं, वहीं, पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि राज्य में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और घबराने की कोई बात नहीं है।

# महाकुंभ सुनकर 15 साल बाद लौटी याददाश्त, डेथ सर्टिफिकेट बनने से पहले-घर पहुंचा शख्स

कोडरमा, 8 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज महाकुंभ 2025 की महिमा तो आप लोग रोज देख-सुन ही रहे हैं. लेकिन, महाकुंभ का ऐसा प्रभाव शायद ही आपने देखा हो. झारखंड के कोडरमा में एक अद्भुत घटना घटी. यहां एक परिवार का मुखिया 15 साल से लापता था. परिवार ने कुछ दिन पहले ही उनके मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था. लेकिन, तभी थाने से खबर आई कि लापता शख्स मिल गया है. कमाल की बात ये कि सिर्फ महाकुंभ का नाम सुनकर उनकी याददाश्त वापस आ गई और परिवार का पता चल सका.

**15 वर्ष पहले कोलकाता के लिए निकले थे प्रकाश**

कोडरमा के मरकच्चो थाना में शुक्रवार को उस समय एक परिवार की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे, जब उनके परिवार का मुखिया करीब 15 साल के बाद मिला. दरअसल, थाना क्षेत्र के कादोडीह निवासी प्रकाश महतो कोलकाता नगर निगम में कार्यरत थे. उनकी मानसिक स्थिति थोड़ी ठीक नहीं थी. 9 मई 2010 को वह ड्यूटी के लिए ट्रेन से कोलकाता जा रहे थे. इस दौरान रास्ते में अचानक लापता हो गए. परिजनों द्वारा उनकी गुमशुदगी की शिकायत मरकच्चो थाना में दर्ज कराई गई थी. इसके बाद परिजन और पुलिस के स्तर से काफी खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला.



2 दिन पहले मरकच्चो के थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने परिजनों को फोन कर 15 साल से लापता प्रकाश महतो के मिलने की सूचना दी. इसके बाद परिजन पश्चिम बंगाल के रानीगंज स्थित होटल पहुंचे. यहां प्रकाश महतो से मिलकर परिजनों की खुशी के आंसू छलक उठे. होटल संचालक सुमित साव ने परिजनों को बताया कि करीब 15 वर्ष पहले सड़क पर घूमते हुए आंशिक रूप से विक्षिप्त प्रकाश महतो को उनके पिता ने अपने होटल में काम पर रखा था.



## नरेश मीणा की रिहाई के लिए जयपुर में महापंचायत

### विधानसभा का होगा घेराव, किरोड़ी भी आमंत्रित

टोंक, 8 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा उपचुनाव के दरमियान नरेश मीणा ने समरावता में एसडीएम को थप्पड़ मारा था। इसके बाद खूब बवाल मचा और नरेश मीणा को गिरफ्तार कर लिया गया। अब नरेश मीणा के खिलाफ मुकदमा चल रहा है।



बता दें कि कोर्ट से नरेश मीणा को जमानत नहीं मिल पा रही है। ऐसे में अब रिहाई के लिए राजधानी जयपुर में महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कांग्रेस नेता प्रह्लाद गुंजल नरेश मीणा के सपोर्ट में आ गए हैं और 25 फरवरी को राजस्थान विधानसभा घेरने की तैयारी कर रहे हैं। टोंक आए प्रह्लाद गुंजल ने खूब सियासी बयान दिया। वहीं, महापंचायत में किरोड़ीलाल मीणा को आमंत्रित करते हुए नरेश मीणा के समर्थन में जनता के बीच आने को कहा।

**नरेश मीणा की हत्या करना चाहती है सरकार**

नरेश मीणा पिछले 85 दिन से समरावता कांड में 14 नवंबर को हुई गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद हैं। वहीं, उनके समर्थकों ने टोंक और सवाई माधोपुर में महापंचायत कर चुके हैं। लेकिन अभी तक नरेश मीणा की रिहाई तो दूर सरकार ने समरावत कांड की न्यायिक जांच के आदेश भी नहीं दिए हैं।ऐसे में एक बार फिर से नरेश मीणा समर्थकों ने प्रह्लाद गुंजल की अगुवाई में 25 फरवरी को जयपुर में महापंचायत बुलाकर विधानसभा घेरने की चेतावनी देते हुए कहा है कि नरेश मीणा को जेल में डालकर क्या सरकार उसकी हत्या करना चाहती है। उसकी जमानत तक नहीं होने दे रही है। कोर्ट में सरकार ने नरेश मीणा की जमानत रोकने के लिए एक नहीं दो-दो डबल एजी कोर्ट में खड़े कर दिए।

**किरोड़ी को मिला आमंत्रण**

घेराव की तैयारी को लेकर टोंक आए प्रह्लाद गुंजल ने सरकार पर तानाशाही अपनाने का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा। गुंजल ने नरेश मीणा समर्थकों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील करते हुए कहा, सरकार इस मामले को लेकर कतई गंभीर नहीं है।

वहीं, प्रदेश सरकार से खफा चल रहे मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को लेकर पूछे सवाल में प्रह्लाद गुंजल ने कहा कि किरोड़ीलाल को जनता के बीच आना चाहिए। आखिर ऐसी क्या मजबूरी है, किरोड़ीलाल मीणा की, कि सरकार उनकी सुन नहीं रही है। वहीं, गुंजल ने सभी विपक्षी पार्टियों के नेताओं से नरेश मीणा के समर्थन में आयोजित 25 फरवरी को होने वाली महापंचायत में पंहुचने का आव्हान किया है।

**13 नवंबर को हुआ था समरावता थप्पड़ कांड**

पिछले साल 13 नवंबर 2024 को देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान मतदान के समय समरावता गांव के लोगों ने उनके गांव को उनियारा में शामिल करने की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। इस दौरान मतदान कराने की सूचना पर निर्दलीय प्रत्याशी रहे नरेश मीना समरावता गांव पहुंचे थे और दबाव डालकर वोट दिलाने का आरोप लगाते हुए मालपुरा एसडीएम व एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी को थप्पड़ जड़ दिया था। वहीं, दूसरे दिन पुलिस ने नरेश को धरना स्थल से गिरफ्तार किया था, तथा उसके साथ अन्य कई लोगों को भी गिरफ्तार किया था, जिनमें नरेश मीणा को छोड़कर सभी आरोपियों की जमानत हो चुकी है।

## मंत्री पर आरोप- गुर्जर जाति टारगेट कर तबादले किए

### कहा- लिख लो, पायलट बनेंगे सीएम

### कन्हैयालाल का जवाब-जाटों का ट्रांसफर ज्यादा हुआ

टोंक, 8 फरवरी (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव में मालपुरा (टोंक) से कांग्रेस के बागी और निर्दलीय प्रत्याशी रहे गोपाल गुर्जर का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वे जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वीडियो में उन्होंने कहा- मंत्री कन्हैयालाल ने गुर्जर समाज के अफसरों-कर्मचारियों को टारगेट कर तबादले किए। यह भी कहा कि साढ़े 3 साल बाद सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनेंगे तब हमारा वक्त आएगा। जलदाय मंत्री ने जवाब में कहा- फैक्ट उठाकर देख लो, मेरे क्षेत्र से जाटों का ट्रांसफर ज्यादा हुआ है। आरोप निराधार हैं।




यह वीडियो 5 फरवरी का है। देवनारायण जयंती पर गोपाल गुर्जर मालपुरा (टोंक) के लावा गांव में भजन संध्या कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान मंच से उन्होंने मंत्री कन्हैयालाल पर ये आरोप लगाए थे। गोपाल गुर्जर ने यह वीडियो 6 फरवरी को अपनी फेसबुक आईडी से शेयर किया था।

**मंच से यह बोले गोपाल गुर्जर**

गोपाल गुर्जर ने कहा- तू (मंत्री कन्हैया लाल चौधरी) तो मंत्री ही बना है, साढ़े तीन साल और बचे है। फिर सचिन पायलट ही मुख्यमंत्री बनेंगे, लिख कर ले लो। कन्हैया लाल चौधरी ने छोटी-छोटी हरकतें तो जरूर की है, मैं कहना चाहूंगा कि हमारे समाज के कुछ कर्मचारियों को उन्होंने प्रताड़ित किया है।

इसका जवाब जनता अब आने वाले विधान सभा से पहले पंचायत राज के चुनावों में ही दे देगी। मंत्री को ऐसा नहीं करना चाहिए। यह अनीति, अन्याय किया है। पायलट आने वाले समय में मुख्यमंत्री बनेंगे। सोच समझकर अच्छा निर्णय लो, ये छोटी हरकतें करना बंद कर दो, राज आते हैं और जाते हैं।

उन्होंने क्षेत्र के ग्राम विकास अधिकारी बन्ना लाल गुर्जर का उदाहरण देते हुए कहा- यह कैंसर से पीड़ित है, इसका ट्रांसफर कर दिया। यह तो गुर्जर है, यह तो कहीं पर भी नौकरी कर सकते हैं घबराने वाली बात नहीं है । बस यह छोटी हरकतें करना बंद करें, अगर फिर भी करते हो तो यह समाज निपटाना जानता है।

डेढ़ साल तो निकल गया। साढे तीन साल और निकल जाएंगे। फिर पायलट का राज आएगा। आप लोग एकजुट रहें, मजबूत रहें, मैं हमेशा आपके लिए हमेशा खड़ा रहूंगा।

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से आरोपों को लेकर शनिवार को बात की। उन्होंने कहा- वो (गोपाल गुर्जर) तो कुछ भी बोल-लिख सकता है। गोपाल गुर्जर अगर ये आरोप लगा रहे हैं कि मैंने टारगेट करके गुर्जर समाज के कर्मचारियों के तबादले करवाए हैं तो ये गलत कहा है।

आप पता कर लो मेरे पंचायती राज में एलडीसी सबसे ज्यादा गुर्जर समाज के लोग बाहर से ट्रांसफर होकर मेरे क्षेत्र में आए हैं, जबकि जाट समाज के बाहर ज्यादा गए हैं। मैंने कभी भेदभाव नहीं किया।

बता दें कि विधानसभा चुनाव में भाजपा के कन्हैया लाल चौधरी के सामने गोपाल गुर्जर कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरे थे। टिकट नहीं मिलने से वे नाराज थे। गोपाल गुर्जर पायलट समर्थक माने जाते हैं। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर गोपाल गुर्जर को 48 हजार वोट मिले थे।

## पति ने सरिए से ताबड़तोड़ वार कर पत्नी को मौत के घाट उतारा, क्षेत्र में सनसनी



जोधपुर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। थाना धिकारी भंवरसिंह जाखड़ ने बताया कि कीर्ति नगर निवासी मोनिका उर्फ हीना कलाल की हत्या की गई है। पति गौतम को हिरासत में लिया गया है। एफएसएल बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलित करवाए गए हैं। जांच के बाद शव महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा गया। पुलिस का कहना है कि पति व पत्नी में विवाद हो गया था। मामला अधिक बढ़ने पर दोनों में झगड़ा हुआ थाा। आवेश में आए पति ने मकान में रखा लोहे का सरिया उठाया और पत्नी के सिर पर कई वार कर दिए थे। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

पता लगने पर पुलिस वारदातस्थल पहुंची और जांच शुरू की थी। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस का कहना है कि पति व पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इसी के चलते हत्या की गई है। वारदात के बाद आरोपी पति फरार हो गया था। जिसे तलाश के बाद हिरासत में लिया गया। आपसी झगड़े में पति इतना आक्रोशित हो गया था कि उसने पत्नी के सिर पर सरिए से ताबड़तोड़ वार कर दिए थे। जिससे सिर फटगया था और खून बहने लगा था।

## शिक्षा विभाग का फरमान: पीएम श्री स्कूलों से योग व शारीरिक प्रशिक्षकों को बिना भुगतान के हटाया

सीकर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। पीएम श्री स्कूलों के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में आगे बढ़ाने के लिए शुरू की मुहिम पर अब खुद शिक्षा विभाग ने ब्रेक लगा दिए हैं। दरअसल, शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के पहले और दूसरे चरण में संचालित 639 पीएम श्री स्कूलों में अगस्त में योग और शारीरिक प्रशिक्षक लगाने के आदेश जारी हुए थे। ज्यादातर स्कूलों ने विद्यालय विकास समितियों के जरिए योग और शारीरिक प्रशिक्षकों की अस्थायी नियुक्ति भी कर दी, लेकिन अब विभाग ने छह महीने बाद आदेशों को वापस ले लिया है। वहीं विद्यार्थियों का खेल व योग का नियमित अभ्यास भी बंद हो गया है। उधर, स्कूलों में सेवा देने वाले बेरोजगारों का कहना है कि स्कूलों में चार-पांच महीने सेवा देने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। भविष्य में स्थायी होने की आस में निजी स्कूलों के अच्छे पैकेज छोड़कर पीएम श्री स्कूलों में सेवाएं देना शुरू किया था, लेकिन शिक्षा विभाग ने बीच सत्र में ही सेवाएं समाप्त कर दी है।

**पांच महीने बाद आदेश वापस**

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से 31 अगस्त 2024 को प्रथम और द्वितीय चरण में संचालित 639 पीएम श्री स्कूलों में योग व शारीरिक प्रशिक्षकों की अंशकालिक सेवाएं एसएमसी और एसडीएमसी के जरिये लेने की आदेश जारी हुए थे। इसके बाद पीएम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय कमेटियों ने स्थानीय अभ्यर्थियों को वरीयता देते हुए अस्थायी शिक्षक अगस्त से अक्टूबर में लगा लिए थे। अब लगभग पांच महीने बाद शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक ने 28 जनवरी को योग व शारीरिक प्रशिक्षक लगाने के फैसले को वापस लेने के आदेश जारी कर दिए। अस्थायी खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति से पीएम श्री स्कूलों में खेलों का माहौल बनने लगा, लेकिन बीच सत्र में खेल प्रशिक्षक हटाने से नियमित खेलों व योग का अभ्यास अटक गया।

सरकार की ओर से पीएम श्री स्कूलों को नई शिक्षा नीति में मॉडल स्कूलों की तर्ज पर आगे बढ़ाया जा रहा है। अब बीच सत्र में योग व शारीरिक शिक्षकों को हटाने से विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई है। सरकार को आदेश जारी कर वापस लेने की परिपाटी पर रोक लगानी चाहिए।

## रेल मंडल में डमी कैंडिडेट से परीक्षा पास कराने का मामला, सीबीआई ने महिला पर दर्ज किया मुकदमा

कोटा, 8 फरवरी (एजेंसियां)। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की टीम ने कोटा रेल मंडल में कार्यरत एक रेल कर्मचारी के खिलाफ डमी रूप से परीक्षा पास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही एक महिला को भी इस पूरे मामले में आरोपी बनाया गया है जो की डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा में बैठी थी। वहीं रेलवे के अज्ञात अधिकारियों की मिलीभगत का भी आरोप इस पूरे मामले में लगा है।

सीबीआई की टीम ने करौली, कोटा और अलवर सहित कई जगह पर दबिश दी थी। आरोपी महिला आशा मीणा कोटा रेल मंडल के सोगरिया रेलवे स्टेशन पर प्वांइट्समैन की ड्यूटी पर कार्यरत है। सीबीआई ने इस संबंध में प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मुख्यालय से उन्हें एक शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा पास करने का आशा मीणा पर आरोप लगा था। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी में सामने आया है कि सीबीआई की एक टीम कोटा पहुंची। टीम ने भदाना रोड स्थित एक रेलवे कर्मचारी के घर पर सर्च किया। करीब 2 घंटे जांच पड़ताल के बाद सीबीआई की टीम वापस निकल गई। टीम ने कई महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट और सबूत भी बरामद किए हैं। सीबीआई को शक है कि इस पूरे फर्जीवाड़े में कुछ रेलवे अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

## भांजा-भांजी की शादी में भरा 3 करोड़ का मायरा

### 1.51 करोड़ कैश लेकर पहुंचे 3 मामा; सोने-चांदी के गहने और 2 प्लॉट भी दिए

नागौर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। शादी में मायरा (भात) भरने की प्रथा को लेकर राजस्थान का नागौर जिला फिर से चर्चा में है। 3 भाइयों ने अपने भांजे-भांजी की शादी में 1 करोड़ 51 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी की ज्वेलरी और शहर में 2 प्लॉट समेत करीब 3 करोड़ रुपए का मायरा भरा। जब भाइयों के साथ परिवार के लोग थाली में कैश, ज्वेलरी लेकर पहुंचे तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामला जायल तहसील के फरड़ोद गांव का है।

जिले के साडोकन गांव निवासी हरनिवास खोजा, रामदयाल खोजा और हरचंद खोजा की ओर से यह मायरा भरा गया है। तीनों भाई अपनी बहन बीरज्या देवी पत्नी मदनलाल फरड़ोदा निवासी फरड़ोद के घर पर 7 फरवरी की सुबह मायरा भरने पहुंचे थे।

उन्होंने अपने भांजा सचिन और भांजी रेखा की शादी में मायरे के तौर पर 1.51 करोड़ रुपए नकद, 35 तोला सोने के गहने, 5 किलो चांदी के गहने, बर्तन, कपड़े और घरेलू सामान के साथ नागौर शहर में 20- 20 लाख की कीमत के 2 प्लॉट दिए। इसके साथ ही फरड़ोद गांव के हर जाट परिवार को एक-एक चांदी की मूर्तियां दीं।

इस तरह तीनों भाइयों ने सब कुछ मिलाकर करीब 3 करोड़ से ज्यादा का मायरा भरा, जिसकी जिलेभर में चर्चा रही। तीनों भाइयों की भांजी रेखा की शादी 7 फरवरी को हुई, जबकि भांजा सचिन की शादी 8 फरवरी को हुई।

मायरा की रस्म पूरी करने के लिए तीनों भाई 3 बड़े बैग में नोटों के बंडल और एक बैग में ज्वेलरी लेकर पहुंचे। रस्म के दौरान आवाज लगाकर पूरी रकम बताई गई, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तीनों भाइयों के परिवार की जमकर प्रशंसा की। मायरे में राजस्थान सरकार के पूर्व उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी, जायल के पूर्व प्रधान रिद्धकरण लामरोड़, नागौर की पूर्व जिला प्रमुख सुनीता चौधरी सहित ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

दूल्हे सचिन और दुल्हन रेखा के चचेरे भाई मनीष फरड़ोदा ने बताया- मदनलाल फरड़ोदा के पिता राधाकिशन फरड़ोदा, फरड़ोद ग्राम पंचायत के सरपंच रहे चुके हैं। मदनलाल की बहन सुनिता चौधरी नागौर जिला प्रमुख रहीं हैं। बहनोई महेंद्र चौधरी नावां से विधायक और उप मुख्य सचेतक रहे चुके हैं। मायरे में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। जायल के पूर्व प्रधान रिद्धकरण लोमरोड़ ने कहा- साडोकन के खोजा परिवार ने फरड़ोद गांव में अपनी बहन के बड़ा मायरा भरकर जायल-खिंयाला के जाटों की ओर से भरे गए मायरे की याद दिला दी। मायरा भरने वाले तीन भाइयों में रामदयाल खोजा और हरचंद खोजा टीचर हैं, जबकि तीसरा भाई हरनिवास खेती किसानी करते हैं। मारवाड़ में नागौर के मायरा को काफी सम्मान की नजर से देखा जाता है। मुगल शासन के दौरान के यहां के खिंयाला और जायल के जाटों द्वारा लिछमा गुजरी को अपनी बहन मान कर भरे गए मायरे को तो महिलाएं लोक गीतों में भी गाती हैं। कहा जाता है कि यहां के धर्माराम जाट और गोपालराम जाट मुगल शासन में बादशाह के लिए टैक्स कलेक्शन कर दिल्ली दरबार में ले जाकर जमा करने का काम करते थे। इस दौरान एक बार जब वो टैक्स कलेक्शन कर दिल्ली जा रहे थे तो उन्हें बीच रास्ते में रोती हुई लिछमा गुजरी मिली।

## बेलगाम बजरी माफिया ने पुलिस के समानांतर खडा किया खुफिया तंत्र

जोधपुर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। बेलगाम बजरी माफिया ने पुलिस व खनिज विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए पुलिस व्यवस्था के समानांतर 'खुफिया तंत्र' खड़ा कर लिया है। सोशल मीडिया की मदद से जोधपुर और सीमावर्ती पाली के बजरी खनन-परिवहन से जुड़े 946 लोगों ने वाट्सएेप पर ग्रुप बना रखा है। रात्रि में जगह-जगह फैले माफिया पुलिस या खनिज विभाग की गाड़ी देखते ही ग्रुप में वॉइस मैसेज से अलर्ट कर देते हैं।




गत तीन फरवरी की रात पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) रेंज जोधपुर विकास कुमार सरकारी एसयूवी से जोधपुर लौट रहे थे। साथ में एक-दो बोलेरो और भी थी। पाली जिले में रोहट के पास बजरी माफिया ने आइजी की गाड़ी देखी तो एक ने बजरी खनन और परिवहन करने वालों से जुड़े ग्रुप में वॉइस मैसेज कर दिए थे। उसने कहा कि आइजी की एसयूवी और अन्य गाड़ियां घूम रही हैं। दूसरे वॉइस मैसेज के अंत में उसने कहा कि कहो तो मैं आइजी की गाड़ी को ठोक दूं?

**आइजी तक पहुंचे माफिया के वॉइस मैसेज**

आइजी रेंज विकास कुमार के खुफिया तंत्र ने सोशल मीडिया ग्रुप का पता लगा लिया। बजरी माफिया के अलर्ट और धमकी भरे वॉइस मैसेज किसी के मार्फत आइजी तक पहुंच गए। अब माफियाओं के इस मकड़जाल को तोड़ने के पुलिस तैयारी कर रही है। आइजी रेंक के पुलिस अधिकारी के लिए भी 'कहो तो ठोक दूं' के वाइस मैसेज ने सारे पुलिस तंत्र के कान खड़े कर दिए हैं। अब पुलिस माफिया से निपटने के लिए दीर्घकालीन योजना बना रही है।

**ग्रुप में जोधपुर-पाली के लोग शामिल**

बजरी माफियाओं के ग्रुप में 946 लोग शामिल हैं, जो खनन और परिवहन करने वाले हैं। इनमें जोधपुर जिले के साथ ही पाली सीमा से जुड़े रोहट व आस-पास के क्षेत्र के लोग भी शामिल हैं। रात को खनन और परिवहन के दौरान पुलिस व खनिज विभाग के किसी भी वाहन या अन्य संदिग्ध वाहन के दिखते ही अपडेट की जाती है, जो तुरंत ही सभी तक पहुंच जाती है। ताकि कार्रवाई से बचने का प्रयास किया जा सके।

बजरी माफिया ने देख लिया तो मैसेज करके अलर्ट

## 7 लोगों पर चढ़ी तेज रफ्तार कार

### 1 की मौत, सेवानिवृत फौजी का अंतिम संस्कार करने के बाद अलाव ताप रहे थे रिश्तेदार

बारां, 8 फरवरी (एजेंसियां)। बारां-झालावाड़ मेगा हाइवे पर गुरुवार रात बपावर खुर्द गांव में अलाव जलाकर ताप रहे सात लोगों को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। घटना में एक घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई तथा छह जने गंभीर घायल हो गए। घटना को लेकर आक्रोशित लोगों ने मेगा हाइवे पर विरोध-प्रदर्शन किया।

बपावर थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि गुरुवार दोपहर को बपावर खुर्द गांव निवासी सेवानिवृत फौजी सीताराम मीणा का निधन हो गया था। जिसका अंतिम संस्कार करने के बाद रात को कुछ लोग मृतक के मकान के सामने अलाव जलाकर बैठे थे। करीब साढ़े 10 बजे खानपुर की तरफ से तेज गति से आ रही कार ने अलाव ताप रहे लोगों को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से बपावर खुर्द गांव निवासी हंसराज मीणा, शिवराज मीणा, रामावतार मीणा, मनोज कुमार मीणा, मलखान मीणा, उदल कुमार मीणा व अमित कुमार मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची बपावर पुलिस व ग्रामीणों ने सभी घायलों को निजी वाहनों से बारां चिकित्सालय पहुंचाया।

जहां उपचार के दौरान शिवराज मीणा की मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर कार को जब्त कर लिया। घायलों को वाहन से चिकित्सालय पहुंचाने में मुकुट मीणा, कपिल मारन व विशाल मीणा की और से काफी मदद की गई।

## शादी से 2 मिनट में 22 लाख के गहने-नकदी चोरी

सिरोही, 8 फरवरी (एजेंसियां)। सिरोही में एक शादी से चोर महज 2 मिनट में 22 लाख रुपए के गहने-नकदी लेकर फरार हो गया। होटल के सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज में दिख रहा है कि चोर मेहमान की तरह शादी में आया और चुपचाप स्टेज के पास से बैग लेकर होटल से निकल गया। घटना आबूरोड के सदर थाना इलाके में स्थित तलहटी स्थित भाग्य लक्ष्मी होटल की है। यहां शादी के दौरान स्टेज पर परिवार के लोग व्यस्त थे। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति स्टेज के पास रखे बैग को उठाकर ले गया, जिसमें सोने के गहने, नकदी और मोबाइल था। थाना अधिकारी दर्शन सिंह ने बताया- गुरुनानक कॉलोनी निवासी शरद गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार 7 फरवरी को उनके चाचा के बेटे की शादी भाग्य लक्ष्मी होटल में थी। शरद की मां लीला गुप्ता के बैग में 25 से 28 तोला सोने के गहने, 50 हजार रुपए नकदी और मोबाइल रखा था। बैग में कुल 22 रुपए के गहने और नकदी थी। रात करीब 10 बजे शादी में आए एक अज्ञात युवक ने स्टेज के पास से बैग चुराकर ले गया। घटना की सूचना पर रात में ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल बिनोद लांबा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी चेक करने पर एक युवक बैग लेकर बाहर जाते नजर आया। पुलिस ने जगह-जगह नाकेबंदी कर युवक की तलाश शुरू की।

## सांचौर में नकली घी बनाने की फैक्ट्री पर छापा

### मिल्क डेयरी की आड़ में कर रहे थे कारोबार, चार गिरफ्तार

जालौर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में जालौर जिले के सांचौर कस्बे में पुलिस ने मिलावटी और नकली घी बनाने की फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 625 पैकेट घी और एक पिकअप वाहन जब्त किया। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो नकली घी को सरस ब्रांड के नाम से पैक कर बाजार में बेच रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि सांचौर के सिदेश्वर क्षेत्र में स्थित मोमाई मिल्क डेयरी में नकली घी बनाया जा रहा है और इसे सरस ब्रांड के नाम से पैक कर बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में सांचौर थाना अधिकारी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फैक्ट्री पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान वहां मौजूद चार लोग घी के टिन और पैकेट पैक करते हुए पाए गए। जांच के दौरान फैक्ट्री में 72 लोहे के टिन 15 किलो के, 148 पैकेट 500 एमएल, 30 पैकेट 1 किलो और 375 पैकेट (200 एमएल) नकली घी बरामद किया गया। इन पैकेटों पर बैच नंबर, उत्पादन तिथि और वैधता की कोई जानकारी नहीं थी। इसके बाद पुलिस ने घी के सैंपल लेकर विधि अनुसार जांच शुरू की और पूरा माल जब्त कर लिया। घी की गुणवत्ता की पुष्टि के लिए मौके पर सरस डेयरी रानीवाड़ा के सहायक प्रबंधक प्रकाश श्रीवास्तव गुण नियंत्रण अधिकारी और बीसीएमओ डॉ. ओमप्रकाश को बुलाया गया। जांच में पाया गया कि यह घी मिलावटी और नकली था, जिसे सरस ब्रांड के नाम से बेचने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस टीम ने दबिश देकर इस मामले में प्रतापाराम पुत्र हकमाराम निवासी बालेरा, थाना सरवाना, जिला जालोर मनोज पुत्र चैनाराम निवासी माखूपुरा, थाना सांचौर, जिला जालोर भारमल पुत्र छोगाजी निवासी रतोड़ा, थाना चितलवाना, जिला जालोर और चंपतलाल पुत्र चुन्नीलाल निवासी आमली, थाना सांचौर, जिला जालोर को गिरफ्तार किया है।

# कांग्रेस की असफलता का कारण हैं रेवंत : केटीआर





हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को दुर्भाग्य लाने वाला 'लोहे का पैर' करार देते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जहां भी प्रचार किया, कांग्रेस बुरी तरह विफल रही। मुख्यमंत्री को संसदीय चुनावों में सीटें जीतने में विफल रहने के लिए बीआरएस की आलोचना करने में परपीड़क आनंद मिलता था। उन्होंने महाराष्ट्र में जोरदार प्रचार किया, लेकिन कांग्रेस हार गई और इसी तरह, पार्टी को दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी एक भी सीट नहीं मिली।

यहां तेलंगाना भवन में विकाराबाद के बीआरएस पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रामाराव ने शनिवार को कहा, रेवंत रेड्डी की बदौलत कांग्रेस ने राज्य में अपनी विश्वसनीयता खो दी है और अगले 15 सालों में सत्ता में नहीं आएगी। बीआरएस सरकार ने विकाराबाद में एक मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज को मंजूरी दी थी। इसी तरह, कांग्रेस नेताओं द्वारा कानूनी बाधाओं के बावजूद पलामुरु-रंगारेड्डी परियोजनाओं का 90 प्रतिशत पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानबूझकर गुप्त उद्देश्यों से शेष कार्यों में देरी कर रही है।

# सरकारी दबाव में रिपोर्ट प्रस्तुत करना असल मायने में धोखा होगा : डॉ. राव

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने स्थानीय निकाय चुनावों को जल्द से जल्द कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। लेकिन अगर डेडिकेटेड कमीशन दबाव में आकर बिना समग्र अध्ययन के जल्दबाजी में रिपोर्ट प्रस्तुत करता है, तो यह एक बड़े धोखे का कारण बन सकता है, ऐसी तेलंगाना बीसी कमीशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. वकुलाभरणम कृष्ण मोहन राव ने चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किए गए सामाजिक-आर्थिक जाति सर्वेक्षण में बीसी, एससी और एसटी जनसंख्या में गिरावट दर्ज होने के आरोप सामने आ रहे हैं। इस संदर्भ में, उन्होंने डेडिकेटेड कमीशन द्वारा गहन विश्लेषण और विस्तृत अध्ययन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. वकुलाभरणम ने आगाह किया कि अगर डेडिकेटेड कमीशन, सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के आधार पर बीसी आरक्षण प्रतिशत निर्धारित करने में सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों और मानकों का पालन नहीं करता, तो न्यायालय में इस रिपोर्ट को रद्द किए जाने का खतरा बना रहेगा। हैदराबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि सरकार, जाति सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर जल्द से जल्द स्थानीय निकाय आरक्षण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए डेडिकेटेड कमीशन पर दबाव बना रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाराष्ट्र में सरकार द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई कमीशन रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसी तरह, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गुजरात और कर्नाटक में भी इस तरह की कानूनी समस्याएं उत्पन्न हुई थीं। डॉ.के. कृष्णमूर्ति और विकास किशन राव गवाली मामलों में सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के निर्णयों का विश्लेषण करते हुए, उन्होंने बताया कि ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया के तहत, डेडिकेटेड कमीशन को प्रत्येक गांव को एक इकाई के रूप में मानकर वहां के लोगों का विस्तृत डेटा एकत्र करना चाहिए, समग्र अध्ययन करना चाहिए, और तुलनात्मक विश्लेषण के आधार पर सामाजिक एवं राजनीतिक पिछड़ेपन को प्रमाणिक रूप से निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि कमीशन सरकार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों, आंकड़ों और सांख्यिकी का उपयोग कर सकता है, लेकिन उसे पूरी तरह स्वतंत्र रूप से कार्य करना होगा।

# उप-परिवहन आयुक्त पुप्पाला श्रीनिवास गिरफ्तार

## आय से अधिक संपत्ति का मामला



हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में वारंगल के उप-परिवहन आयुक्त पुप्पाला श्रीनिवास को गिरफ्तार किया है। एसीबी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, श्रीनिवास पर मामला दर्ज किया गया है क्योंकि उन्होंने अपनी सेवा के दौरान भ्रष्ट आचरण और संदिग्ध तरीकों से संपत्ति अर्जित की थी।

विज्ञप्ति में कहा गया है, चूंकि यह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (जैसा कि 2018 में संशोधित किया गया है) की धारा 13 (1) (बी) आर/डब्ल्यू 13 (2) के तहत दंडनीय अपराध है, इसलिए 7 फरवरी को उनके घर और उनके तथा उनके रिश्तेदारों के पांच अन्य विभिन्न स्थानों पर प्रारंभिक तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मकान, खुले प्लॉट और कृषि भूमि से संबंधित संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं। इनमें 2,79,32,740 रुपये कीमत के तीन मकान के दस्तावेज, 13,57,500 रुपये कीमत के 16 खुले प्लॉट के दस्तावेज और 14,04,768 रुपये कीमत की 15 एकड़ 20 गुंटा कृषि भूमि से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं। बाजार मूल्य आधिकारिक मूल्य से कहीं अधिक होने की उम्मीद है। बैंक बैलेंस 5.85 लाख रुपये, घरेलू सामान 22,85,700 रुपये, तीन चार पहिया वाहन और एक दोपहिया वाहन 43,80,000 रुपये, सोने के आभूषण 1542.8 ग्राम वजन के 19,55,650 रुपये, चांदी के आभूषण 400 ग्राम वजन के 28,000 रुपये और विदेशी शराब की 23 बोतलें 5,29,000 रुपये की मिली हैं। कुल संपत्ति लगभग 4,04,78,767 रुपये (4.47 करोड़ रुपये) आंकी गई है। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त संपत्तियों का सत्यापन किया जा रहा है। इसके अलावा, शंकरपल्ली आबकारी पुलिस को 5,29,000 रुपये की 23 विदेशी शराब की बोतलों के बारे में सूचना दी गई। उन्होंने एक अलग पंचनामा बनाया और उसके खिलाफ सीओआर (अपराध घटना रिपोर्ट) संख्या 15/2025 यू/एस 34(ए) टीजी आबकारी अधिनियम, 1968 के तहत एक अलग आबकारी मामला भी दर्ज किया गया। श्रीनिवास को गिरफ्तार कर लिया गया और वारंगल में एसपीई और एसीबी मामलों के लिए विशेष अदालत-सह-III अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# केजरीवाल भ्रष्टाचार के लिए केंद्रबिंदु बन गए : किशन रेड्डी



हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने आज आलोचना की कि आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की बात कहकर राजनीति में आए थे, अंततः भ्रष्टाचार के लिए केंद्रबिंदु बन गए।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की जीत के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, दिल्ली के नतीजे इस बात का उदाहरण हैं कि अगर कोई नेता भ्रष्टाचार में डूबा हो तो क्या होता है।

दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे नेताओं को हराया है। कांग्रेस पार्टी की इस दुर्दशा पर सभी को दुख है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में यह देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए बहुत बड़ी हार है।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर लगातार तीन विधानसभा चुनावों में हार का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के मन में कभी भी विधानसभा चुनाव जीतने का ख्याल नहीं आया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी सिर्फ मोदी और भाजपा को हराने के बारे में सोचते हैं। संविधान को हाथ में लेने की बात नहीं है। संवैधानिक मूल्यों का पालन करना चाहिए। लोगों का मानना था कि दिल्ली में शराब घोटाला केजरीवाल के नेतृत्व में हुआ।

दिल्ली की जनता ने शराब घोटाले के खिलाफ फैसला सुनाया है। अभी कोर्ट का फैसला आना बाकी है। आप चाहे जितनी भी मुफ्त चीजें देने का वादा करे, लेकिन लोगों को केजरीवाल पर भरोसा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, लोगों ने केजरीवाल के नाटकों का खंडन किया है, जो उन्होंने जेल से ही किए थे।

किशन रेड्डी ने कहा कि दिल्ली में विकास होगा जो पिछले 10 वर्षों से उनकी पार्टी के शासन में विकसित नहीं हुआ है।

# सीपी से महिला ने की प्रताड़ना की शिकायत

## तलाक देने की दे रहे धमकी

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के एक पुलिस इंस्पेक्टर की पत्नी ने हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर सीवी आनंद से शिकायत की है कि उसका पति उसे प्रताड़ित कर रहा है और अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान कर रहा है। एबिड्स पुलिस स्टेशन में कार्यरत के नरसिम्हा की पत्नी पी संध्या ने शनिवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि शादी के बाद से ही उसका पति उसे परेशान और प्रताड़ित कर रहा है। उत्पीड़न के कारण उसके माता-पिता और रिश्तेदारों ने पैसे का इंतजाम करके नरसिम्हा को दिए। संध्या ने आरोप लगाया, मेरे पति अब मुझसे 16 लाख रुपये का इंतजाम करने के लिए कह रहे हैं और मुझे तलाक देने की धमकी दे रहे हैं। मैंने पुलिस कमिश्नर से संपर्क किया है और अपने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि इंस्पेक्टर के नरसिम्हा ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि वह अपने उच्चाधिकारियों को जवाब देंगे और स्पष्टीकरण देंगे।

# महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने किया सौंदर्यीकरण कार्यों का शुभारंभ



## 125 करोड़ रुपये की लागत से 195 सौंदर्यीकरण कार्य

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि शहर के लोगों को सुखद वातावरण प्रदान करने के लिए शहर में बड़े पैमाने पर सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं। मंगलवार को गदवाल विजयलक्ष्मी ने सेरिलिंगमपल्ली के विधायक अरेकापुडी गांधी के साथ सेरिलिंगमपल्ली सर्कल में कई जंक्शनों के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। इसके तहत महापौर ने सीएसआर के तहत रागा फाउंडेशन द्वारा निर्मित पशु श्मशान गृह का उद्घाटन किया। बाद में, जेआरसी जंक्शन के सौंदर्यीकरण का कार्य, जैसे मूर्तियां, फव्वारे और झरने, शुरू किए गए। जैवविविधता जंक्शन का विकास, मूर्तियां, फव्वारे, झरने, तथा प्रकाश व्यवस्था का कार्य शुरू हो गया है। रोडा मिस्त्री कॉलेज से तेलंगाना राज्य चुनाव आयोग कार्यालय तक स्ट्रीट फर्नीचर और स्ट्रीट सजावट का काम शुरू हो गया है।

# 10 झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई

## धारा 34 और 54 के तहत मामले दर्ज

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले एक महीने में तेलंगाना राज्य चिकित्सा परिषद (टीएसएमसी) ने 10 ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में एनएमसी अधिनियम की धारा 34 और 54 के तहत मामले दर्ज किए हैं, जो बिना एमबीबीएस डिग्री वाले अयोग्य चिकित्सक हैं।

टीएसएमसी ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले दिनों में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ निरीक्षण और पुलिस मामले दर्ज करने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। टीएसएमसी के उपाध्यक्ष डॉ.जी श्रीनिवास ने कहा कि ये फर्जी डॉक्टर आरएमपी, पीएमपी के नाम से क्लीनिक चलाते पाए गए और बिना किसी संदेह के मरीजों को अवैज्ञानिक और अनावश्यक एंटीबायोटिक और स्टेरॉयड दवाएं देते पाए गए। उन्होंने कहा कि हमारे निरीक्षण के दौरान, हमने इन प्रथाओं के पर्याप्त सबूत एकत्र किए हैं और ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, उनमें नवाबपेट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत श्री साईं क्लिनिक (वैद्यम रमेश), श्री अंबिका अस्पताल (के श्रीधर), कुकटपल्ली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत श्री वेंकटेश्वर क्लिनिक, इंदिरा नगर (एलवीआर रेड्डी), शरणी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, हनुमान नगर, मौला-अली (बीसा वेंकटेश्वरलू), मलकाजगिरी पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत श्री कृपा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र- जी भाग्य रेखा, डीएसआर हेल्थ केयर पॉलीक्लिनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर, डॉ. एएस राव नगर, (श्रीकांत) और असम प्लस क्लिनिक काउंसलिंग सेंटर, (हकीमपेट मोहम्मद आजम हुसैन और मोहम्मद अशफाक हुसैन) नेरेडमेट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत शामिल हैं।

# पोल्ट्री पक्षियों की अप्रत्याशित मौतों पर नजर रखने के निर्देश

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एएचडीडीएंडएफ विभाग के विशेष मुख्य सचिव सब्यसाची घोष ने शनिवार को सचिवालय स्थित अपने कक्ष में पोल्ट्री उद्योग के प्रतिनिधियों, पशुपालन निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। तेलंगाना के कुछ जिलों में पोल्ट्री पक्षियों की कुछ अप्रत्याशित मौतों को देखते हुए, बैठक में स्थिति के विकास पर कड़ी नजर रखने और दैनिक आधार पर इसकी निगरानी करने का निर्णय लिया गया। स्थिति की बारीकी से निगरानी करने और मौतों में किसी भी अचानक और अप्रत्याशित वृद्धि पर ध्यान देने के लिए पशुपालन निदेशालय में एक नियंत्रण कक्ष खोलने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा, मृत्यु के सटीक कारण का पता लगाने के लिए कुछ मृत पक्षियों के नमूनों की महामारी विज्ञान संबंधी जांच करने का निर्णय लिया गया। किसी भी संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार जैव सुरक्षा उपायों के लिए सभी तत्काल उपाय किए गए हैं। जिला कलेक्टरों को स्थिति पर बारीकी से नजर रखने की सलाह दी गई है और पुलिस विभाग को एहतियात के तौर पर दूसरे राज्यों से मुर्गी पक्षियों के प्रवेश को रोकने के लिए कहा गया है। वन विभाग से भी प्रवासी पक्षियों की आवाजाही पर नजर रखने का अनुरोध किया गया है। 24 चेक पोस्ट पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं और पशुपालन विभाग द्वारा लगभग 1300 (त्वरित प्रतिक्रिया दल) टीमें बनाई गई हैं, जो किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अल्प सूचना पर काम करेंगी।

# मंत्री ने बीसी संघों और बीसी बुद्धिजीवियों से मुलाकात की





हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, सरकारी सलाहकार के.केशवराव ने सचिवालय में बीसी संघों और बीसी बुद्धिजीवियों से मुलाकात की। बैठक में बीसी आयोग के अध्यक्ष निरंजन, बीसी आयोग के सदस्य, सांसद सुरेश शेतकर, विधायक वीरला पल्ली शंकर, पूर्व सांसद अंजन कुमार यादव, बीसी निगम के अध्यक्ष नुथी श्रीकांत गौड़, एमबीसी निगम ज्ञानेश्वर, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एरावत्री अनिल, बीसी एसोसिएशन के नेता आर कृष्णैया, जाजुला श्रीनिवास गौड़, बीसी आयोग के पूर्व अध्यक्ष वकुला भरणम कृष्णमूर्ति, पूर्व आईएएस चिरंजीवुलु, कई बीसी एसोसिएशन के नेताओं और प्रोफेसरों ने भाग लिया। इस दौरान जाति जनगणना रिपोर्ट पर बीसी संघ आदि के साथ चर्चा की गई।

# हिंदू-2-हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग बिजनेस मीट का आयोजन



हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदू-2-हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग (एच2एच7) द्वारा सनातनी हिंदू व्यापारियों के सहयोग और प्रोत्साहन हेतु भग्यानगर में एक बिजनेस मीट का आयोजन किया गया।

यह बैठक होटल इलायची, सिकंदराबाद में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी गोपाल बालदावा थे।

संस्था के अध्यक्ष पी.के. विनोद कुमार के साथ अन्य प्रमुख सदस्य जैसे सुजाता नांबियार, अनामिका पाटिल, सुदेश पाटिल आदि ने इस आयोजन को सफल बनाया। बैठक का आयोजन एच2एच के संस्थापक गीतेश काटे जी के नेतृत्व में हुआ।









जाट समाज ट्रस्ट अलमासगुडा हैदराबाद द्वारा आयोजित परमेश्वर महादेव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सम्मानित अतिथि राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के उपनिर्देशक रामनिवास सेपट, सीरवी समाज एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन अध्यक्ष वेनाराम चोयल, सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, समाज सेवी रामनिवास गोरचिया को निमंत्रण पत्रिका देते हुए ट्रस्टीगण धर्माराम ढाका, बाबूलाल पूनिया, कैलाश सारण, दौलाराम कड़वा, समाज बन्धु हणुतराम खोखर, भगवान ढाका, शंकर गारु व अन्य।

# अंतरराज्यीय गिरोह गिरफ्तार, 60 मोबाइल बरामद

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस ने शनिवार को संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल चार सदस्यीय अंतरराज्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया और उनके पास से 60 मोबाइल फोन, एक टेलीविजन और अन्य सामान बरामद किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान प्रभात सिंह (24), नेपाल सिंह (25), थारुन पाल सिंह (22) और परवीन सिंह (21) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, राजस्थान के मूल निवासी संदिग्ध कुछ साल पहले हैदराबाद आए और छोटे-मोटे काम करने लगे। जब कमाई पर्याप्त नहीं थी, तो उन्होंने अपने दो साथियों के साथ मिलकर एक गिरोह बनाया और चोरी करने की योजना बनाई। ये दोनों साथी अब फरार हैं। मलकाजगिरी के सीसीएस इंस्पेक्टर जालेंदर रेड्डी ने कहा, यह गिरोह देर रात शहर में घूमता था और उन मोबाइल फोन की दुकानों की पहचान करता था, जहां कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। वे लोहे की छड़ों और लोहे की छड़ों का इस्तेमाल करके जबरन दुकान के शटर खोलते थे और परिसर के अंदर जाकर सामान चुरा लेते थे। 3 फरवरी को गिरोह ने मीरपेट में एक दुकान में सेंध लगाई और उसके बाद 4 फरवरी को पोचाराम आईटी कॉरिडोर में सामान लूट लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और सेंट्रल क्राइम स्टेशन मलकाजगिरी की टीम ने गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। सभी को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार का कारण है बीआरएस : कोंडा सुरेखा

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण और बंदोबस्ती मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा है कि शराब के कारोबार को लेकर अरविंद केजरीवाल और एमएलसी कविता के बीच सांठगांठ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी को मतदाताओं से दूर कर दिया है। चुनाव परिणामों के जवाब में, जो संकेत देते हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता संभालने के लिए तैयार है, जबकि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) राष्ट्रीय राजधानी में शासन से बाहर होने का सामना कर रही है, कोंडा सुरेखा ने टिप्पणी की कि आप की चुनावी हार केजरीवाल के एमएलसी कविता के साथ शराब के सौदे की वजह से हुई। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के इस कथन को भी याद किया कि शराब कांड को लेकर आप सरकार और केजरीवाल का विरोध पार्टी की हार का कारण बना।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने संगोष्ठी आयोजित की

हैदराबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, अंचल कार्यालय, हैदराबाद द्वारा कार्यपालकों के लिए ग्राहकों की शिकायतों का निवारण विषय पर हिंदी भाषा में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए श्री चिन्मय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एवं ओंबड्समैन, भारतीय रिजर्व बैंक, हैदराबाद ने कहा कि ग्राहकों की शिकायतों का तुरंत निपटान किया जाना चाहिए। उन्होंने बैंक के अधिकारियों को सूचित किया कि ऋण देते समय सटीक दस्तावेजीकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे आगे चलकर ग्राहकों से शिकायतें न मिलें। साइबर अपराध से जुड़े मामलों को कम करने के लिए ग्राहकों में इस संबंध में जागरूकता लाने का प्रयास करना चाहिए। चिन्मय कुमार ने प्रतिभागियों की शंकाओं का भी समाधान किया। कारे भास्कर राव, मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की शिकायतों को सकारात्मक रूप से लिया जाना चाहिए और मानवीय दृष्टिकोण से शिकायतों का निवारण करना चाहिए। अजय कुमार, महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रमुख ने सभी का स्वागत किया। किरण साईं कुमार, मुख्य प्रबंधक ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। वी एस वी नागेश, उप महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रमुख ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्रीय प्रमुख और कार्यपालकों ने भाग लिया। देवकांत पवार, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने कार्यक्रम का संचालन किया। सुश्री स्नेहा साव, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

# सुपरमार्केट व्यापारी दो करोड़ लेकर फरार

कामारेड्डी, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कामारेड्डी कस्बे में सुपरमार्केट खोलने वाले एक व्यक्ति ने कारोबार के नाम पर कर्ज लिया और करीब 2 करोड़ लेकर फरार हो गया। इस घटना से कामारेड्डी में हड़कंप मच गया। पीड़ितों के अनुसार, अबीब नाम के एक व्यक्ति ने कामारेड्डी शहर के नए बस स्टैंड पर एक मेगा मार्ट स्थापित किया था। उन्होंने विभिन्न कार्यों के लिए कई लोगों से बड़ी रकम ली। उसने दुकान में काम करने वाली महिला कर्मचारियों से भी सोना लूट लिया। उन्होंने करीब 2 करोड़ रुपये लिए और करीब 40 दिन तक दुकान बंद करके अपना चेहरा दिखा दिया। बताया गया है कि सुपरमार्केट को सामान आपूर्ति करने वाले वितरकों को भी भुगतान करना पड़ता है।

शनिवार को बड़ी संख्या में पीड़ित दुकान पर पहुंचे। दुकान में मौजूद सभी कीमती सामान पहले ही हटा दिए गए थे। इसके साथ ही वितरक आये और शेष उपकरण भी अपने साथ ले गये। कुछ पीड़ितों को दुकान के 40 दिनों तक बंद रहने के बाद संदेह हुआ और उन्होंने कुछ दिन पहले स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, और ऐसा प्रतीत होता है कि व्यवसायी आईपी एड्रेस लेकर भाग गया।

# श्रद्धालुओं को कठिनाई का सामना न करना पड़े : जिला कलेक्टर

कुमरमभीम आसिफाबाद, 8 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने एसपी डीवी श्रीनिवास राव, एएसपी चित्तरंजन, आरडीओ लोकेश्वर राव और डीएसपी करुणाकर के साथ शनिवार को मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रेबेना मंडल के गंगापुर गांव में श्री बालाजी वेंकटेश्वर स्वामी जातरा में शामिल होने वाले भक्तों को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने मंदिर में भगवान के दर्शन किये और विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सुझाव दिया कि इस माह की 11, 12 और 13 तारीख को आयोजित होने वाले महोत्सवों में आने वाले श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सभी विभागों के अधिकारी समन्वय के साथ आगे बढ़ें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में दवाइयां एवं मास्क उपलब्ध कराए जाएं तथा आरएसडी विभाग द्वारा पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# ‘कप्तान खराब फॉर्म में होता है तो पूरी टीम इंडिया की टेंशन’

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रोहित को मिली चेतावनी!





मुंबई,, 8 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है। पाकिस्तान इस बार चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रहा है। वहीं, इस टूर्नामेंट से पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है। सीरीज का पहला मैच जीतकर भारतीय टीम 1-0 से आगे है। पहले मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का एक बार फिर से खराब प्रदर्शन देखने को मिला था। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले अब रोहित की खराब फॉर्म ने टीम इंडिया की टेंशन को बढ़ा दिया है। खराब प्रदर्शन को लेकर पूर्व भारतीय दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने रोहित शर्मा को चेताया।

कपिल देव की रोहित को चेतावनी!

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कपिल देव ने क्रिकेट अड्डा यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए कहा कि “जब टीम टी20 विश्व कप जीतकर आई थी तो ऐसा पागलपन भरा नजारा देखने को मिला था जो मैनें कभी नहीं देखा था। जब ये खिलाड़ी खराब प्रदर्शन करते हैं तो भारी आलोचना भी होती है, इसलिए मैं कहता हूं किसी की इतनी तारीफ मत करो कि बाद में वे उसको संभाल न पाए।”

आगे कपिल देव ने कहा कि “रोहित एक बड़ा खिलाड़ी है और वो जल्द ही फॉर्म में लौट आएगा। जब कप्तान की ही फॉर्म खराब होती है तो पूरी टीम परेशानी में दिखती है। अब पूरा देश टीम के बेहतर प्रदर्शन का इंतजार कर रहा है।”

**रोहित शर्मा का खराब फॉर्म जारी**

रेड बॉल क्रिकेट में रोहित शर्मा लगातार खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं।

हालांकि, फॉर्म में आने के लिए रोहित ने रणजी ट्रॉफी में भी वापसी की थी लेकिन वहां भी हिटमैन फ्लॉप साबित हुए। इसके बाद फैंस को उम्मीद थी कि रोहित व्हाइट बॉल क्रिकेट में कमाल करेंगे, लेकिन पहले वनडे मैच में रोहित महज 2 रन बनाकर आउट हो गए थे।

# केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने श्रीसंत के खिलाफ नोटिस जारी किया

## कहा- वे प्लेयर्स की सुरक्षा न करें; श्रीसंत बोले-खिलाड़ियों का साथ दूंगा

तिरुवनंतपुरम, 8 फरवरी (एजेंसियां)। केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस. श्रीसंत के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। केसीए ने बताया, नोटिस एसोसिएशन के खिलाफ झूठे बयान देने के लिए जारी किया गया है न कि संजू सैमसन का समर्थन करने के कारण।

दरअसल श्रीसंत ने संजू सैमसन को डोमेस्टिक सीजन के मैचों में न खेलने पर सपोर्ट किया था। केसीए ने अपने प्रेस नोट में लिखा, श्रीसंत जैसे व्यक्ति, जो कभी सट्टेबाजी मामले में शामिल रहे हों, उन्हें खिलाड़ियों की सुरक्षा का उत्तरदायित्व नहीं लेना चाहिए। केरल क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें यह भी याद दिलाया कि बैन हटने के बाद श्रीसंत की वापसी केरल क्रिकेट ने ही कराई थी।

**श्रीसंत सट्टेबाजी के आरोपी थे: केसीए**

केरल की वेबसाइट ऑनलाइन मनोरमा के मुताबिक केसीए ने अपने बयान में कहा, बीसीसीआई ने मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी के मामले में उन्हें दोषी ठहराया था, जिसके चलते उन पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि, बाद में बीसीसीआई ने इसे कम करके 7 साल कर दिया था।

बोर्ड ने कहा, केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने हमेशा अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा की है। श्रीसंत सट्टेबाजी के आरोपी थे। जो भारतीय क्रिकेट का एक काला अध्याय था।



**एसोसिएशन केवल अपने हितों के लिए काम कर रहाः श्रीसंत**

इस पूरे विवाद पर श्रीसंत ने मलयालम न्यूज ऑनलाइन मनोरमा से कहा, वह अपने साथी खिलाड़ियों के साथ खड़े रहेंगे, चाहे वह संजू सैमसन हों, सचिन बेबी हों या निधीश। उन्होंने केरल क्रिकेट पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे मलयाली खिलाड़ियों की बजाय बाहरी राज्यों के प्लेयर्स को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे डोमेस्टिक खिलाड़ियों को नेशनल टीम में जगह बनाने में दिक्कत हो रही है।

उन्होंने आगे कहा, सचिन बेबी पिछले डोमेस्टिक सीजन में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, फिर भी उन्हें दिलीप ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिली। केसीए इस पर क्यों चुप था? एसोसिएशन केवल अपने हितों के लिए काम कर रहा है।

**रणजी में वापसी का मौका दिया**

केरल क्रिकेट ने श्रीसंत जो अपनी सजा पूरी कर चुके थे। उन्हें पूर्व में रणजी ट्रॉफी खेलने का मौका दिया था। श्रीसंत ने हाल ही में सवाल उठाए थे कि संजू के बाद भारतीय टीम में कौन आया। इस पर जवाब देते हुए, KCA ने महिला क्रिकेटरों सजना सजीवन, मिन्नुमनी और आशा शोभना का नाम बताया था।

एसोसिएशन ने यह भी कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जो कोई भी झूठी बयानबाजी कर एसोसिएशन की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सूर्या के सामने मुंबई की टीम का बुरा हाल

कोलकाता, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय घरेलू क्रिकेट में फिलहाल रणजी ट्रॉफी खेली जा रही है. ग्रुप स्टेज के बाद अब क्वार्टर फाइनल मैचों की शुरुआत हो गई है. क्वार्टर फाइनल में मुंबई की टीम का सामना हरियाणा से हो रहा है. दोनों टीमों के बीच ये मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मुकाबले में मुंबई की शुरुआत काफी खराब रही है. मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. लेकिन टीम की शुरुआत काफी खराब रही और



कुछ ही ओवर में मुंबई के बड़े-बड़े बल्लेबाज पवेलियन लौट गए.

मुंबई ने इस बड़े मुकाबले को देखते हुए भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम में शामिल करने का फैसला किया था. लेकिन वह भी इस मुकाबले की पहली पारी में पूरी तरह फ्लॉप रहे. मुंबई ने इस पारी में अपना पहला विकेट मैच की पहली ही गेंद पर गंवा दिया. आयुष म्हात्रे खाता खोल बिना पवेलियन लौट गए. इसके बाद दूसरे ओपनर आकाश आनंद भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टीक सके, वह 21 गेंदों पर 10 रन बनाकर अपने विकेट गंवा बैठे.

इसके बाद सिद्धेश लाड के रूप में मुंबई की टीम को चौथा झटका लगा. सिद्धेश लाड भी 15 गेंदों का सामना करते हुए 4 रन ही बना पाए. फिर सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन सूर्या भी कुछ खास नहीं कर सके. वह गेंद ही खेल सके और 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. इस दौरान सूर्यकुमार यादव के बल्ले से 2 चौके देखने को मिले. यानी मुंबई की टीम ने बड़े मुकाबले में अपने शुरुआती 4 विकेट 25 रन पर ही गंवा दिए.

मुंबई और हरियाणा के अलावा रणजी ट्रॉफी 2024-25 का पहला क्वार्टर फाइनल मैच जम्मू-कश्मीर और केरल की टीमों के बीच खेला जा रहा है. वहीं, दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में विदर्भ और तमिलनाडु की टीमें आमने-सामने हैं. दूसरी ओर चौथा क्वार्टर फाइनल मैच मैच सौराष्ट्र और गुजरात की टीमों के बीच हो रहा है. इनमें से कुल 4 टीमें क्वालीफाई के लिए करेंगी.5

# अक्षर, सुंदर और वरुण चक्रवर्ती जगन्नाथ मंदिर पहुंचे

## भारत-इंग्लैंड के बीच कटक में खेला जाएगा दूसरा वनडे, भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे

पुरी, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला कल ओडिशा के कटक में खेला जाएगा। दोनों टीमें कटक पहुंच गई हैं। भारतीय टीम के कुछ मेंबर्स आज सुबह श्री जगन्नाथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। इसमें अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती का नाम शामिल है।



भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे है। टीम ने इससे पहले 5 मैचों की टी-20 सीरीज 4-1 से जीती थी। बॉलिंग में 1 विकेट लेने के बाद अक्षर को नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरना पड़ा। उन्होंने 52 रन बनाए और शुभमन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की।

भारत ने इंग्लैंड को गुरुवार को खेले गए पहले वनडे में 4 विकेट से हराया। नागपुर के वीसीए स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। अच्छी शुरुआत के बावजूद टीम 47.5 ओवर में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 19 रन पर 2 विकेट गंवाए, मिडिल ऑर्डर में 3 फिफ्टी के सहारे टीम ने 38.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती टीम इंडिया के वनडे स्क्वॉड में जसप्रीत बुमराह की जगह शामिल किए गए हैं। 2 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खत्म हुई टी-20 सीरीज में वरुण प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे। उन्होंने 5 मुकाबलों में 14 विकेट अपने नाम किए थे। इंग्लैंड के ज्यादातर बैटर्स को वरुण के खिलाफ परेशानी हुई थी। वे अब तक वनडे डेब्यू नहीं कर सके हैं और उन्हें पहली बार ही वनडे स्क्वॉड में शामिल भी किया गया।

# शोएब अख्तर की बड़ी भविष्यवाणी

## 4 टीमों को बताया सेमीफाइनल का दावेदार

इस्लामाबाद, 8 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में लंबे समय बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की वापसी होने जा रही है, जहां 19 फरवरी से चैम्पियंस ट्रॉफी का आगाज होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट को लेकर भविष्यवाणी का दौर जारी है, जहां पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने टूर्नामेंट को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है और सेमीफाइनल की दावेदार चार टीमों के नाम बताए हैं। उन्होंने इन चार टीमों में भारत और पाकिस्तान को भी शामिल किया है।

‘रावलपिंडी एक्सप्रेस’ के नाम से मशहूर अख्तर ने ऑस्ट्रेलिया को टॉप चार टीमों का दावेदार नहीं माना, लेकिन दावा किया कि अफगानिस्तान सेमीफाइनल में जगह बना सकता है। इस टूर्नामेंट





में आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 की टॉप 8 टीमें भाग लेंगी। इस तरह से लगभग 3 दशकों में पाकिस्तान पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इस बीच टीम इंडिया ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है और इस तरह वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी।

अख्तर ने वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए नहीं चुना है। इसके बजाय उन्होंने एक हैरानीभरा वाइल्डकार्ड ऑप्शन चुना है। उनका मानना है कि अगर अफगानिस्तान मैच्योरिटी दिखाता है, तो वे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना सकते हैं।

बता दें कि अफगानिस्तान लगभग हर आईसीसी टूर्नामेंट में सरप्राइज पैकेज रहा है। अकसर जायंट किलर के रूप में जाने जाने वाले अफगानिस्तान ने पिछले कुछ सालों में कई ताकतवर टीमों को हराया है। वे 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में छठे स्थान पर रहा, जहां टीम का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पूरी दुनिया 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच का बेसब्री से इंतजार कर रही है। हालांकि, अख्तर ने इस मैच में अपनी टीम को जीत का दावेदार बताया है। उनका मानना है कि दोनों टीमों को फाइनल में फिर से भिड़ना चाहिए। अख्तर ने कहा, ‘मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान 23 फरवरी को भारत को हरा देगा। मेरा मानना है कि पाकिस्तान और भारत दोनों को टूर्नामेंट के फाइनल में भी भिड़ना चाहिए।’

# न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन चोटिल



वेलिंगटन, 8 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पाकिस्तान में ट्राई सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले चोटिल हो गए हैं। यूएई में चल रही आईएलटी 20 में खेलते समय उन्हें मांसपेशियों में खिंचाव हो गया है। फर्ग्यूसन आईएलटी 20 में डेजर्ट वाइपर्स की कप्तानी कर रहे हैं। बुधवार को दुबई कैपिटल्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच पहला क्वालिफायर खेला गया।

फर्ग्यूसन चार ओवर पूरे किए बिना ही मैदान से बाहर चले गए। उनके स्पेल और पारी दोनों में केवल एक ही गेंद बची थी और मोहम्मद आमिर ने उसे पूरा किया। कैपिटल्स को अंतिम गेंद पर एक रन की जरूरत थी, सिकंदर रजा ने आमिर को चार रन देकर दुबई कैपिटल्स को फाइनल में जगह दिलाई। मैच के बाद प्रेजेंटेशन में, फर्ग्यूसन ने कहा, 'बस थोड़ी हैमस्ट्रिंग की समस्या है। काश मैं आखिरी गेंद फेंक पाता।' न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड के अनुसार, चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए फर्ग्यूसन का अगले दिन स्कैन किया गया। न्यूजीलैंड को अभी और जानकारी का इंतजार है।

# पूर्व क्रिकेटर साईराज राजस्थान रॉयल्स के स्पिन कोच होंगे

## बोले-रॉयल्स से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं; 2023 में भारतीय टीम को कोचिंग दे चुके

मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय स्पिनर साईराज बहुतुले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स से एक बार फिर से जुड़ेंगे। वे टीम के स्पिन कोच होंगे। बहुतुले अभी तक नेशनल क्रिकेट एकेडमी में प्लेयर्स को ट्रेनिंग देते थे।

राहुल द्रविड़ की कोचिंग में बहुतुले ने भारतीय टीम के स्पिन सलाहकार के रूप में काम किया था। वे 2018 से 2021 आईपीएल सीजन में रॉयल्स के लिए स्पिन कोच थे। बहुतुले ने भारत के लिए डेब्यू 1997 में श्रीलंका के खिलाफ किया था।

**राहुल द्रविड़ के साथ काम करेंगे**

राजस्थान टीम में साईराज गेंदबाजी कोच न्यूजीलैंड के शेन बॉन्ड के साथ काम करते दिखेंगे। टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं। बहुतुले ने क्रिकबज से कहा, 'टीम और मेरे बीच डिस्कसन जारी है। मैं फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने के करीब हूं। अभी भी कुछ जगहों पर काम किया जाना बाकी है। रॉयल्स के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। राहुल के साथ काम करना हमेशा से अच्छा रहा है।'



राहुल ने ही मुझे 2023 में पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के समय भारतीय टीम से जोड़ा था, जब मैंने स्पिन-गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था। मैं श्रीलंका में उनके कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा था।

**भारत के लिए 2 टेस्ट और 5 वनडे खेले**

52 साल के बहुतुले जिन्होंने भारत के लिए 2 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेले हैं। वे पूरे साल रॉयल्स में शामिल नए बॉलर्स को कोचिंग देंगे। रॉयल्स ने IPL-2025 के मेगा ऑक्शन में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, आकाश मधवाल और फजलहक फारूकी को खरीदा था। टीम ने श्रीलंकाई स्पिनर महेश तीक्षणा, वनिंदु हसरंगा और कुमार कार्तिकेय को टीम में शामिल किया है।

**आरआर के मालिक द हंड्रेड लीग में टीम खरीद सकते हैं**

मीडिया के रिपोर्ट्स में ऐसी अटकलें बढ़ रही हैं कि राजस्थान रॉयल्स के प्रमुख मालिक मनोज बडाले द हंड्रेड लीग में बोली लगा सकते हैं। ट्रेंट रॉकेट्स टीम के लिए वे बोली लगा सकते हैं।

नॉटिंघम-आधारित टीम ट्रेंट रॉकेट्स की सोमवार को बोली लगेगी। ऐसे में माना जा रहा है कि यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले बडाले इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड की 100-बॉल टूर्नामेंट में इस टीम को खरीद सकते हैं।

**कैरेबियन और साउथ अफ्रीका लीग में 1-1 टीमें**

मनोज बडाले कैरेबियन प्रीमियर लीग और साउथ अफ्रीका लीग एसए 20 में 1-1 टीमें खरीद चुके हैं। एसए 20 में उन्होंने (पार्ल रॉयल्स) और सीपीएल में (बारबाडोस रॉयल्स) खरीदी हैं। बडाले के अलावा, कुछ और आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिक द हंड्रेड लीग पर बोली लगा सकते हैं। आठ हंड्रेड लीग टीमों में से 6 बिक चुकी हैं। 2 टीम साउदर्न ब्रेव और रॉकेट्स बची हुई हैं।

# लेब्रॉन जेम्स एनबीए में 40 अंक स्कोर करने वाले सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी बने

## महान जॉर्डन को पीछे छोड़ा

लॉस एंजिलिस, 8 फरवरी (एजेंसियां)। बास्केटबॉल के महानायक 40 वर्षीय लेब्रॉन जेम्स ने एक और इतिहास रच दिया। वह एनबीए के इतिहास में 40 अंक स्कोर करने वाले सबसे उम्रदराज बास्केटबॉल खिलाड़ी बन गए। उन्होंने लॉस एंजिलिस लेकर्स के लिए कुल 42 अंक स्कोर करते हुए गोल्डन स्टेट वॉरियर्स पर अपनी टीम को 120-112 से जीत दिलाई।



लेब्रॉन जेम्स और माइकल जॉर्डन

किंग जेम्स के नाम से मशहूर लेब्रॉन ने अपने अपने आदर्श और बास्केटबॉल की दुनिया के सबसे बड़े नामों में शुमार माइकल जार्डन को पीछे छोड़ा। जॉर्डन ने अपने 40वें जन्म दिन के तीन दिन बाद वाशिंगटन विजार्ड के लिए 2003 में 40 अंक स्कोर किए थे। जेम्स ने यह उपलब्धि 40 वर्ष और 38 दिन में हासिल की।

जेम्स एनबीए इतिहास के सर्वाधिक स्कोरर हैं और रिकॉर्ड 22वें सत्र में खेल रहे हैं। जेम्स ने कहा, इस यात्रा के दौरान जब भी उनका नाम महान खिलाड़ियों के रिकॉर्ड पीछे छोड़ने में जुड़ा, जो उनके लिए शानदार अनुभव रहा। जेम्स के खिलाफ खेल रहे इस खेल एक और बड़े खिलाड़ी स्टीफन करी ने गोल्डन स्टेट के लिए 37 अंक स्कोर किए।

मैच समाप्ति के बाद जेम्स का दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर स्वागत किया। उनके

# ई-स्पोर्ट्स, ब्रेक-डांसिंग बने पुरस्कार के पात्र, जूनियर खिलाड़ियों को नहीं मिलेंगे नकद पुरस्कार

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। खेल मंत्रालय ने मल्लखंभ, ई-स्पोर्ट्स और यहां तक कि आलोचकों के निशाने पर रहे ब्रेक-डांसिंग के विश्व और महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार प्राप्त करने का पात्र बना दिया है, लेकिन जूनियर और सब-जूनियर खिलाड़ियों के लिए इस तरह के पुरस्कारों को समाप्त करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने 51 खेलों की एक सूची जारी की है जो नकद पुरस्कार के लिए पात्र होंगे, जिनमें वे सभी खेल शामिल हैं जो ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व विश्वविद्यालय खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इस सूची में खो-खो भी शामिल है, जिसका पहला विश्व कप पिछले महीने दिल्ली में हुआ था। कुराश (मध्य एशिया में प्रचलित कुश्ती का एक रूप) और जू-जित्सु (एक तरह की जापानी मार्शल आर्ट) भी इस सूची का हिस्सा हैं।

मंत्रालय ने पैरा खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार बरकरार रखे हैं जबकि बधिर, दृष्टिबाधित और बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों की प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि बढ़ाने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों को विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतने पर पहले अधिकतम 10 लाख रुपये मिलते थे लेकिन अब उन्हें 20 लाख रुपए तक मिल सकते हैं। मंत्रालय ने हालांकि आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि देने की प्रणाली को खत्म करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने इस बारे में कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया है। जूनियर खिलाड़ियों के लिए अपने प्रारंभिक वर्षों के पोषण, कोचिंग और उपकरण की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पुरस्कार काफी मायने रखते थे। मंत्रालय ने पैरा खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार बरकरार रखे हैं जबकि बधिर, दृष्टिबाधित और बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों की प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि बढ़ाने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों को विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतने पर पहले अधिकतम 10 लाख रुपये मिलते थे लेकिन अब उन्हें 20 लाख रुपए तक मिल सकते हैं।

मंत्रालय ने हालांकि आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि देने की प्रणाली को खत्म करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने इस बारे में कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया है। जूनियर खिलाड़ियों के लिए अपने प्रारंभिक वर्षों के पोषण, कोचिंग और उपकरण की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पुरस्कार काफी मायने रखते थे।

ई-स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धी वीडियो-गेमिंग है। इसे 2023 में एशियाई खेलों में प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया था। इससे पहले इस नीति में आखिरी बार 2020 में संशोधन किया गया था। तब इसमें ओलंपिक खेल, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल में शामिल खेलों तथा शतरंज और क्यू स्पोर्ट्स (बिलियड्र्स और स्नूकर) में ही पुरस्कार देने का प्रावधान था।

पदक विजेताओं के लिए आवंटित पुरस्कार राशि में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है लेकिन मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि उन विश्व और महाद्वीपीय खेल प्रतियोगिताओं में जीते गए पदकों के लिए कोई पुरस्कार राशि नहीं दी जाएगी जिनमें भाग लेने वाली टीमों की संख्या चार से कम हो।मंत्रालय ने इसके साथ ही पिछली नीति को बरकरार रखते हुए स्पष्ट किया है कि अगर व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग लेने वाले देशों की संख्या कम से कम 16 और टीम स्पर्धाओं में 12 हो तो पूरी पुरस्कार राशि दी जाएगी।





Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.